kanwhizztimes
@kanwhizztimes lucknow
@kanwhizztimes
www.kanwhizztimes.com

# कैनविज टाइम्स

सिर्फ सच

वर्ष-14 | अंक-301 | शुक्रवार, 05 दिसम्बर 2025 | नगर संस्करण | लखनऊ से प्रकाशित एवं दिल्ली, पंजाब और उत्तराखंड में प्रसारित | मूल्य- ₹ 3.00 | पृष्ठ-12



भारतीय नौसेना के सभी जवानों को नौसेना दिवस की शुभकामनाएं। हमारी नौसेना असाधारण हिम्मत और पक्के इरादे का दूसरा नाम है। वे हमारे तटों की रक्षा करते हैं और हमारे समुद्री हितों को बनाए रखते हैं। नरेन्द्र मोदी

कट्टरपंथी इस्लाम विश्व, अमेरिका के लिए खतराः मार्क रूबियो 11

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर दोनों सदन में दिया जवाब 11

## संक्षेप

### मनरेगा में मानव दिवस सृजन में यूपी अव्वल

**लखनऊ।** मनरेगा योजना के तहत मानव दिवस सृजन के मामले में यूपी देश में अव्वल है। ग्राम्य विकास विभाग के मुताबिक इस वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए रोजगार सृजन के लिए वार्षिक 2000 के लक्ष्य में अब तक 1768.81 लाख मानव दिवस सृजित किए गए हैं। इस पर 6598.89 करोड़ धनराशि खर्च हुई और 47.76 लाख परिवारों को रोजगार मिला। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह मनरेगा अभिसरण (कन्वर्जेस) के अंतर्गत कराये जाने वाले कामों के लिए ठोस कदम उठाएं। मनरेगा कन्वर्जेस के तहत प्रगति बढ़ाई जाए। संबंधित विभाग पूरी तत्परता से मनरेगा कन्वर्जेस के तहत कराए जाने वाले कार्यों को समय से पूरा कराते हुए शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें।

### संसदीय समिति एक साथ चुनाव कराने पर 10 और 17 दिसंबर को विशेषज्ञों से सलाह लेगा

**नयी दिल्ली।** लोकसभा और सभी राज्य विधानसभाओं में एक साथ चुनाव कराने के प्रस्ताव से जुड़े दो महत्वपूर्ण बिलों की जांच कर रही संसद की संयुक्त समिति 10 और 17 दिसंबर को विशेषज्ञों से राय लेगी। समिति की अध्यक्षता भाजपा सांसद पीपी चौधरी कर रहे हैं। पहली बैठक 10 दिसंबर को होगी, जिसमें राज्यसभा सदस्य और वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल, चुनाव आयोग के प्रतिनिधि और अन्य कानूनी विशेषज्ञों से सुझाव लिए जाएंगे। दूसरी बैठक 17 दिसंबर को निर्धारित है। इसमें आर्थिक सलाहकार संजय सान्याल, आईएमएफ की फर्स्ट डिप्टी मैनेजिंग डायरेक्टर गीता गोपीनाथ, और भारत के पूर्व मुख्य न्यायाधीश बी.आर. गवई से परामर्श लिया जाएगा।

### पूर्वांचल बिजली कंपनी में 48 फीसदी तक संविदाकर्मियों की छंटनी का आरोप

**लखनऊ।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने आरोप लगाया है कि निजीकरण की दृष्टि से पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में बड़े पैमाने पर संविदा कर्मियों की छंटनी की जा रही है। वर्ष 2017 में पॉवर कार्पोरेशन द्वारा निर्धारित मानक की तुलना में 48 फीसदी तक संविदाकर्मी कम किए जा रहे हैं। इससे बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त हो रहा है। समिति के संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि निजीकरण के लिए उतावलेपन में पावर कार्पोरेशन प्रबंधन हजारों संविदा कर्मियों को हटाकर प्रदेश की बिजली व्यवस्था पटरी से उतार देने पर आमादा है। मई 2017 के आदेश के अनुसार शहरी क्षेत्र में एक उपकेंद्र पर 36 कर्मचारी और ग्रामीण क्षेत्र में 20 कर्मचारी का मानक है। शहरी क्षेत्र में 36 के स्थान पर 18.5 और ग्रामीण क्षेत्रों में 20 के स्थान पर 12 कर्मचारी प्रति उपकेंद्र पर रखे जा रहे हैं। संघर्ष समिति ने कहा कि नए तैनाती आदेश से संविदा कर्मचारियों को 22 से 48 फीसदी तक कम किया जा रहा है। जिससे ऐसे कर्मी भुखमरी पर आ गए हैं।

# सुप्रीम कोर्ट बोला-सरकारी कर्मचारियों को एसआईआर ड्यूटी निभानी होगी

एजेंसी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने मतदाता सूचियों के समयबद्ध विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) में जुटे बूथ स्तरीय अधिकारियों पर कामकाज का अत्यंत दबाव होने के आरोपों से जुड़ी याचिका पर गौर करते हुए बृहस्पतिवार को राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को और अधिक कर्मचारियों को तैनात करने का निर्देश दिया है ताकि बीएलओ के कामकाज के घंटो में कमी लाई जा सके।

शीर्ष अदालत अभिनेता विजय की पार्टी तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें निर्वाचन आयोग को यह निर्देश देने का अनुरोध किया गया है कि समयबद्ध तरीके से ड्यूटी न निभाने के लिए बीएलओ के खिलाफ प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत कोई दंडात्मक कार्रवाई न की जाए। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने टीवीके की ओर से पेश वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन की दलीलों पर गौर किया कि कुछ निर्देश जारी किए जाने की आवश्यकता है क्योंकि चुनाव आयोग के अधिकारियों की ओर से दबाव डाले जाने के कारण कई बीएलओ की मौत हो चुकी है। अधिवक्ता शंकरनारायणन ने कहा कि इसके अलावा निर्वाचन आयोग के अधिकारी सौंपा गया कामकाज पूरा करने में विफल रहने पर बीएलओ के खिलाफ प्राथमिकियां भी दर्ज करा रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि राज्य सरकार काम का दबाव कम करने के लिए अतिरिक्त कर्मचारी तैनात करने पर विचार कर सकती है। पीठ ने कहा, यदि वे सामान्य जिम्मेदारियों के साथ-साथ चुनाव आयोग द्वारा सौंपे गए अतिरिक्त कार्य के दौरान परेशानी का सामना कर रहे हैं, तो राज्य सरकार उनकी परेशानियां दूर कर सकती है।



एसआईआर ड्यूटी पर तैनात बीएलओ पर दबाव कम करने के लिए और कर्मचारी मुहैया कराने का निर्देश

अदालत ने आदेश में कहा कि राज्य सरकारें 'चुनाव निर्वाचन के अधीन अतिरिक्त कर्मचारियों को तैनात करने की आवश्यकता पर विचार कर सकती हैं ताकि कामकाज के घंटे आनुपातिक रूप से कम किए जा सकें। पीठ ने कहा कि यदि किसी कर्मचारी के पास एसआईआर ड्यूटी से छूट मांगने का कोई विशिष्ट कारण है, तो राज्य सरकार का संबंधित अधिकारी ऐसे अनुरोधों पर मामलों के आधार पर विचार कर सकता है और उस कर्मचारी की जगह किसी अन्य को तैनात कर सकता है। अदालत ने कहा, हालांकि, यह न समझा जाए कि यदि उनके विकल्प उपलब्ध नहीं कराए गए हैं तो वे ड्यूटी पर नियुक्त कर्मचारियों को वापस बुला सकते हैं। इसके अलावा आदेश में कहा गया कि जिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में एसआईआर जारी है, उनपर ह्रचुनाव आयोग के अधीन आवश्यक कर्मचारी तैनात करने का दायित्व होगा, हालांकि ऐसे कर्मचारियों की संख्या उपरोक्त कारणों के आधार पर बढ़ाई जा सकती है।

# राष्ट्रपति पुतिन दो दिन की भारत यात्रा पर दिल्ली पहुंचे

एजेंसी

नयी दिल्ली। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन दो दिन की भारत यात्रा पर गुरुवार शाम यहां पहुंच गये।


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी परंपरा से हटकर श्री पुतिन की अगवानी के लिए हवाई अड्डे पर मौजूद थे। उन्होंने गर्मजोशी के श्री पुतिन का स्वागत किया। दोनों नेताओं ने पहले हाथ मिलाया और फिर गले मिले। हवाई अड्डे से दोनों नेता एक की कार में रवाना हुए। इस मौके पर हवाई अड्डे पर ही रूसी राष्ट्रपति के स्वागत के लिए नृत्य का आयोजन किया गया था। दोनों नेताओं के बीच आज रात श्री मोदी द्वारा आयोजित रात्रि भोज पर क्षेत्रीय, द्विपक्षीय और वैश्विक महत्व के विभिन्न मुद्दों पर खुलकर बातचीत होने की संभावना है। श्री पुतिन का शुक्रवार को राष्ट्रपति भवन में औपचारिक स्वागत किया जायेगा। वहां से वह सीधे राजघाट जायेंगे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। रूसी राष्ट्रपति की भारत यात्रा चार वर्ष के अंतराल पर हो रही है। मौजूदा वैश्विक भू-राजनैतिक परिदृश्य में यह यात्रा काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही है। श्री पुतिन शुक्रवार को 23वीं भारत रूस वार्षिक शिखर बैठक में श्री मोदी के साथ वार्ता करेंगे। बैठक में सुखोई-57 लड़ाकू विमानों के सौदे, एस-400 रक्षा प्रणाली, तेल खरीद समेत कई मुद्दों पर बातचीत होगी। दोनों नेता परस्पर हित के मुद्दों के साथ-साथ वैश्विक महत्व के मुद्दों पर भी विस्तार से शेष पेज 11 पर



## बीडा के लिए 8349 एकड़ भूमि मार्च तक ली जाएगी : मुख्य सचिव

लखनऊ। बुंदेलखंड विकास प्राधिकरण (बीडा) महायोजना-2045 के लिए 8349 एकड़ भूमि मार्च 2026 तक ली जाएगी। भूमि अर्जन की प्रक्रिया इसी माह से शुरू कर दी जाएगी। आसामी पट्टा भूमि लेने के लिए जल्द कैबिनेट से प्रस्ताव पास कराया जाएगा। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने गुरुवार को बैठक में अधिकारियों को यह निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही ललितपुर में प्रस्तावित फार्मा पार्क, यूपीडा की परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। मुख्य सचिव को बैठक में बताया गया कि शेष पेज 11 पर

# यूपी में बेरोजगारी दर 19 से घटकर 2.4 प्रतिशत



कैनविज टाइम्स ब्यूरो

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने दावा किया है कि पिछले आठ वर्षों में दूरदृष्टि और सशक्त नीतियों की बदौलत राज्य की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को नई पहचान मिली है। प्रदेश में रोजगार के अवसर तेजी से बढ़े हैं और युवाओं को प्रशिक्षण और उद्योगों के लिए प्रोत्साहन मिला है।

आधिकारिक सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की भागीदारी तेजी से बढ़ी है। इन सबके साथ सामाजिक स्थिरता और ग्रामीण जीवन में सुधार की स्पष्ट झलक भी देखने को मिल रही है। यह सब कुछ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सशक्त नेतृत्व के कारण संभव हो रहा है। सरकार की सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धि बेरोजगारी दर में आई भारी गिरावट है। जहां एक समय प्रदेश की बेरोजगारी दर 19 प्रतिशत जैसे भारी-भरकम स्तर तक पहुंच गई थी, वहीं अब यह घटकर 2.4 प्रतिशत रह गई है। यह परिवर्तन न केवल आर्थिक मजबूती का संकेत है, बल्कि नीति आधारित विकास मॉडल की सफलता को दर्शाने का काम कर रही है। सरकार द्वारा बनाई गई रोजगार नीतियों, निवेश आकर्षित करने वाले उपायों और कौशल विकास कार्यक्रमों का सकारात्मक परिणाम पूरे प्रदेश में महसूस किया जा रहा है। उन्होने बताया कि प्रदेश सरकार की जीसीसी नीति 2025 ने

एमएसएमई ने खोले रोजगार के द्वार, दो करोड़ से अधिक युवाओं को मिला सहारा

रोजगार वृद्धि को नया आयाम दिया है। इस नीति के माध्यम से दो लाख से अधिक नई नौकरियां सृजित करने का लक्ष्य रखा गया है। वैश्विक कंपनियों के लिए प्रदेश में अनुकूल वातावरण तैयार करने का जो ठोस प्रयास किया जा रहा उससे युवाओं को तकनीकी और उच्चस्तरीय रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे हैं। इसके साथ ही यूपी रोजगार मिशन ने मात्र एक वर्ष में 1.25 लाख लोगों को रोजगार प्रदान कर राज्य में रोजगार सृजन की गति को और अधिक तेज किया है। एमएसएमई सेक्टर उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बनकर उभरा है। प्रदेश में इस समय 96 लाख से ज्यादा एमएसएमई इकाइयां संचालित हो रही हैं, जिनसे अब तक 2 करोड़ से अधिक रोजगार के अवसरों का सृजन हो चुका है। केवल पिछले एक वर्ष में ही इस क्षेत्र ने 18 लाख नए रोजगार उपलब्ध कराए हैं। यह सेक्टर सूक्ष्म और लघु उद्यमियों के लिए अवसरों का विशाल प्लेटफॉर्म बन गया है और जो ग्रामीण अर्थव्यवस्था का सुदृढ़ आधार भी तैयार कर रहा है। कौशल विकास मिशन ने युवाओं की क्षमता को मार्केट डिमांड के अनुरूप ढालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मिशन के अंतर्गत 14 लाख युवाओं को शेष पेज 11 पर

## विपक्ष के नेता को विदेशी मेहमानों से नहीं मिलने देती मोदी सरकार : राहुल

नयी दिल्ली। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने गुरुवार को कहा कि मोदी सरकार में विपक्ष के नेता को विदेशी गणमान्य मेहमानों से मिलने नहीं दिया जाता है।

श्री गांधी ने आज यहां संसद भवन परिसर में संवाददाताओं से कहा कि पहले जो भी विदेशी मेहमान आते थे तो उन्हें विपक्ष के नेता से मिलने दिया जाता था। यह परंपरा मोदी सरकार के आने से पहले तक जारी रही है लेकिन अब नहीं मिलने दिया जाता। उनका कहना था कि विपक्ष के नेता का एक अलग दृष्टिकोण होता है और उसे विदेशी गणमान्य अतिथि से मिलने की इजाजत होनी चाहिए लेकिन मोदी सरकार और विदेश मंत्रालय इन मानदंडों का पालन नहीं करते हैं। रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमिर पुतिन की भारत यात्रा को लेकर पूछे गये सवाल पर श्री गांधी ने कहा ''आमतौर पर यह परंपरा है कि जो भी बाहर से आता है वह विपक्ष के नेता से भी मिलता है। पूर्व प्रधानमंत्री अटल विहारी वाजपेयी और डॉ मनमोहन सिंह की सरकारों के दौरान यही होता था। यह

# इंडिगो की 400 उड़ानें रद, आज भी जारी रहेगी परेशानी

एजेंसी

नयी दिल्ली। निजी विमान सेवा कंपनी इंडिगो ने देरी की समस्या से निजात पाने के लिए नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) की अनुमति से शुरू की गयी अपनी पहल के तहत गुरुवार को करीब 400 उड़ानें रद्द कीं।

दिल्ली एयरपोर्ट की बेवसाइट पर प्राप्त जानकारी के अनुसार, अकेले दिल्ली में आज उसकी 100 से अधिक उड़ानें रद्द रहीं। बेंगलुरु एयरपोर्ट पर भी करीब 100 उड़ानें रद्द हुई हैं। मुंबई में भी 70 से अधिक उड़ानों के रद्द होने की सूचना है। सूत्रों ने बताया कि पूरे देश भर में 400 के करीब उड़ानें रद्द की गयी हैं। हालांकि कंपनी की तरफ से कोई संख्या नहीं बतायी गयी है। उड़ानें रद्द होने से यात्रियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। कंपनी ने अपने अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर परिचालन को प्रभावित नहीं होने दिया है, और घरेलू मार्गों पर उड़ानें रद्द की है।



शुक्रवार को भी यही स्थिति जारी रहने की संभावना है। इंडिगो ने बुधवार शाम बताया था कि विभिन्न कारणों से उसकी उड़ानों में आ रहे व्यवधान से निजात पाने के लिए ''शिड्यूल में नियंत्रित बदलाव'' किये जा रहे हैं जो अगले 48 घंटे तक (शुक्रवार शाम तक) जारी रहेंगे। इस कारण बुधवार को भी उसकी करीब 100 उड़ानें रद्द रही थीं। डीजीसीए ने भी बुधवार रात एक बयान जारी कर बताया था कि उसने इंडिगो को क्रू के रोस्टर और आराम संबंधी नये नियमों का पालन करने के उपाय लागू करने की अनुमति दी है। इसके तहत एयरलाइंस नियमों का पालन करते हुए क्रू प्लानिंग और रोस्टरिंग को मजबूत करेगी, स्लॉट के प्रबंधन के लिए शेष पेज 11 पर

### लखनऊ एयरपोर्ट पर इंडिगो की उड़ानें निरस्त और विलम्ब होने से यात्रियों का हंगामा

**लखनऊ।** लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर बुधवार रात से इंडिगो एयरलाइंस की उड़ानों में भारी अव्यवस्था देखने को मिली है। दिल्ली, अहमदाबाद, बेंगलुरु, कोलकाता और मुंबई आने-जाने वाली इंडिगो की करीब 10 उड़ानें अचानक कैंसिल हो गईं, जबकि 20 से अधिक उड़ानें अपने तय समय से घंटों विलंबित रहीं। गुरुवार को उड़ानों की देरी को लेकर यात्रियों में काफी नाराजगी देखने को मिली। कई यात्री सुबह से ही उड़ानों को लेकर अपडेट का इंतजार करते रहे। यात्रियों का आरोप है कि एयरलाइन की तरफ से सूचना देने में लापरवाही बरती गई। यात्रियों ने कहा कि उन्हें न तो किसी देरी की जानकारी दी गई और न ही कैंसिल फ्लाइट के बारे में कोई स्पष्ट जानकारी मिल शेष पेज 11 पर

## 60 वर्ष से अधिक आयु वालों को वृद्धावस्था पेंशन के लिए नहीं करना होगा आवेदन

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने वृद्धावस्था पेंशन वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी एवं सरल बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। समाज कल्याण विभाग अब राष्ट्रीय वृद्धावस्था पेंशन योजना के लाभार्थियों की पहचान फैमिली आईडी- 'एक परिवार एक पहचान' प्रणाली के माध्यम से स्वतः करेगा। इससे पात्र वृद्धजन को बिना आवेदन किए ही पेंशन समय से उनके बैंक खाते में प्राप्त हो सकेगी।

इस बाबत अपर मुख्य सचिव समाज कल्याण एल. वेंकटेश्वर लू ने सभी मंडलायुक्तों एवं जिलाधिकारियों को निर्देश जारी करते हुए कहा है कि इस नई व्यवस्था को संवेदनशीलता और प्राथमिकता के साथ लागू किया जाए, ताकि कोई भी पात्र वरिष्ठ नागरिक पेंशन से वंचित न रहे।

नए सिस्टम के अनुसार 60 वर्ष या उससे अधिक आयु के व्यक्तियों को पेंशन के लिए आवेदन करने की आवश्यकता नहीं होगी। फैमिली आईडी में उपलब्ध आयु और परिवार की जानकारी के आधार पर लाभार्थियों का स्वतः चयन होगा। इसके

# आत्मनिर्भर और विकसित होगा 2047 का भारत: योगी

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को आत्मनिर्भर व विकसित भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पंच प्रण को शाश्वत मंत्र बताते हुये कहा कि भारत विकसित तब हो सकता है जब हर व्यक्ति पंच प्रण पर ध्यान दे।

महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 के शुभारंभ अवसर पर उन्होने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के दौरान देशवासियों के सामने लक्ष्य रखा कि 2047 में देश जब आजादी का शताब्दी महोत्सव मना रहा होगा, तब हमें आत्मनिर्भर, विकसित भारत चाहिए। जहां हर व्यक्ति खुशहाल और परस्पर सौहार्द के साथ मिलकर दुनिया की महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए अपनी भूमिका का निर्वहन कर रहा हो। वहां जाति, भाषा, क्षेत्र का विवाद और अभाव न हो। कोई नागरिक आपदा का शिकार न हो। हर व्यक्ति आत्मनिर्भर व स्वावलंबन का जीवन व्यतीत करते हुए राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन कर सके।



एसडीआरएफ के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में महाराणा प्रताप शिक्षा परिषद के संस्थापक सप्ताह समारोह-2025 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने पंच प्रण को शाश्वत मंत्र बताया और कहा कि यह हर नागरिक पर समान रूप में लागू होते हैं। पहला प्रणः विरासत पर गौरव की अनुभूति यानी पूर्वजों की थाती। हर भारतवासी को पूर्वजों, संस्कृति, महापुरुषों पर गौरव की अनुभूति करनी चाहिए। महाराणा प्रताप, गुरु गोविंद सिंह महाराज, छत्रपति शिवाजी महाराज, रानी लक्ष्मीबाई, पं. रामप्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां, रोशन सिंह उसी परंपरा के नायक हैं, जिसे हर भारतवासी विरासत कहता है। अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मंदिर का निर्माण व धर्मध्वजा का आरोहण विरासत की श्रृंखला की महत्वपूर्ण कड़ी है। दूसरा प्रणः गुलामी के अंशों को पूरी तरह समाप्त करना- सीएम ने कहा कि बीच के कालखंड में हर देशवासी भूल गया कि जब दुनिया अंधकार में थी, तब भारत बड़ी ताकत था। दो हजार वर्ष पहले दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का हिस्सा 46 फीसदी और चार शेष पेज 11 पर

### योगी ने नौजवानों का किया आह्वान, 'खेलोगे तो खिलोगे'

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नौजवानों का आह्वान करते हुये कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के हर नौजवान से अपेक्षा की है कि वह किसी न किसी खेल के साथ अवश्य जुड़े क्योंकि खेलोगे तो खिलोगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रीजनल स्टेडियम में गुरूवार को ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ सप्तम अखिल भारतीय प्राइजमनी पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता.2025 के विजेताओं को पुरस्कृत करने के बाद कबड्डी का जिक्र करते हुए कहा कि इस खेल में स्फूर्ति और व्यक्ति के मन में टीम भावना के साथ कार्य करने का जज्बा भी है। उन्होंने कहा कि हर खेल व खेल संस्कृति टीम वर्क के रूप में कार्य करने की प्रेरणा देती है। भारत के अंदर प्राचीन काल से ही खेल व खेलकूद की प्रतियोगिताओं के प्रति व्यापक जागरूकता रही है। योगी ने कहा कि धर्म के जितने भी साधन हैं उन सभी की पूर्ति स्वस्थ शरीर से ही संभव है। स्वस्थ शरीर, निरोगी काया तभी प्राप्त हो सकती है जब व्यक्ति शारीरिक फिटनेस पर ध्यान दे। उन्होंने कहा कि 11 वर्ष में सभी ने बदलते हुए भारत और पीएम मोदी की प्रेरणा से खेल व खेल संस्कृति के प्रति आम भारतीयों के मन में जो भाव पैदा हुए हैं उसे मूर्त रूप लेते हुए देखा है। इसके कारण भारत की प्रतिभाएं ओलंपियन, एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियनशिप में अच्छा पुरस्कार ले रही हैं। खेल व प्रतियोगिताओं के प्रति नई जागरूकता पैदा हुई है। सांसद.विधायक खेलकूद प्रतियोगिताएं हो रही हैं। खेलो इंडिया खेलो के माध्यम से हर स्तर पर केंद्र स्थापित हो रहे हैं। योगी ने कहा कि यूपी के अंदर पहले से तीन स्पोट्र्स कॉलेज हैं। हमारी सरकार ने तय किया है कि हर कमिश्नरी मुख्यालय पर स्पोट्र्स कॉलेज होना चाहिए। हर जिला मुख्यालय पर स्टेडियम और ब्लॉक स्तर पर मिनी स्टेडियम का निर्माण होना चाहिए। इन सुविधाओं को सरकार बढ़ा रही है। गांव-गांव में खेल मैदान, ओपन जिम का निर्माण हो। उन्होंने कहा कि सरकार का जो पैसा वित्त आयोग के माध्यम से पंचायतों को जाता है उसकी प्राथमिकता में खेल मैदान, ओपन जिम, खेलकूद की गतिविधियों को प्रोत्साहित करना है। इसके परिणामस्वरूप प्रदेश में खेलकूद की गतिविधियां प्रत्येक स्तर पर बढ़ती दिखाई दी हैं। मेरठ में हॉकी के जादूगर मेजर शेष पेज 11 पर

## उत्तर प्रदेश में गुलदार/तेंदुए की संख्या की संख्या तीन गुना बढ़ी

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में इको-टूरिज्म और वन्यजीव संरक्षण को सुदृढ़ बनाने के राज्य सरकार के प्रयासों ने सकारात्मक परिणाम दिखाने शुरू कर दिए हैं। स्थिति यह है कि बीते तीन वर्षों के अंदर प्रदेश में गुलदार/तेंदुए की संख्या की संख्या में तीन गुना वृद्धि दर्ज की गई है। जबकि गैंडों की संख्या में 35 फीसद वृद्धि दर्ज की गई है।

वन विभाग के अनुसार वर्ष 2022 की गणना में दुधवा नेशनल पार्क में 65 हजार से अधिक और कतर्नियाघाट में लगभग 12 हजार वन्यजीव दर्ज किए गए थे। वहीं 2025 में इन आंकड़ों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई है। दुधवा में वन्यजीव संख्या बढ़कर 1.13 लाख से अधिक हो गई है, जबकि कतर्नियाघाट में 17 हजार और बफर जोन में लगभग 15 हजार वन्यजीव दर्ज हुए। विशेष रूप से गुलदार/तेंदुए की संख्या 92 से बढ़कर 275 और गैंडों की संख्या 49 से बढ़कर 66 हो जाना संरक्षण की बड़ी सफलता है। गुरुवार को पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि दुधवा, पीलीभीत, शेष पेज 11 पर

# गन्ना पेराई का एके शर्मा ने किया शुभारम्भ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ/मऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने मऊ भ्रमण के दौरान आज किसान चीनी मिल लिमिटेड, घोसी के पेराई सत्र का शुभारंभ विधिवत पूजन-अर्चन कर किया। पारंपरिक विधि-विधान के साथ सत्र के प्रारंभ होने पर मंत्री श्री शर्मा ने सभी किसानों तथा मिल कर्मियों को शुभकामनाएँ दीं। मिल प्रबंधन ने इस वर्ष 18 लाख कुंतल गन्ने की पेराई का लक्ष्य तय किया है, जो क्षेत्र में गन्ना उत्पादन की बढ़ती क्षमता और किसानों के बढ़ते विश्वास को दर्शाता है।



अपने संबोधन में मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि गन्ना किसान प्रदेश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, और चीनी मिलें ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने वाली महत्वपूर्ण इकाइयां हैं। उन्होंने कहा कि घोसी और आसपास के क्षेत्रों में किसान गन्ना उत्पादन से जुड़े हैं, इसलिए मिल का सुचारू संचालन यहाँ के किसानों की आय बढ़ाने में निर्णायक भूमिका निभाता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि मिल परिसर में सुविधाओं का विस्तार, भुगतान व्यवस्था को और सुगम बनाने तथा तकनीकी सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा।मंत्री श्री शर्मा ने यह भी बताया कि मिल के विकास, संचालन और किसानों से संबंधित लंबित मुद्दों को लेकर उन्होंने गन्ना विभाग के मा. मंत्रीएवं प्रमुख सचिव से विस्तृत चर्चा की है। साथ ही उन्होंने हाल ही में हुई भारी बारिश, ओलावृष्टि और मौसम की विपरीत परिस्थितियों से प्रभावित गन्ना किसानों की भरपाई और सहायता को लेकर कृषि मंत्री से भी वार्ता की है। उन्होंने कहा कि कृषकों के नुकसान की भरपाई के लिए सरकार संवेदनशील है और हर संभव राहत उपलब्ध कराई जाएगी।

अपने उद्बोधन में मंत्री श्री शर्मा ने किसानों से गन्ना उत्पादन को और बढ़ाने की अपील की। उन्होंने कहा कि आधुनिक कृषि तकनीकों, उच्च उत्पादकता वाली गन्ना प्रजातियों और वैज्ञानिक तरीकों से खेती करने से न केवल पैदावार बढ़ेगी बल्कि मिल की पेराई क्षमता और चीनी उत्पादन में भी महत्वपूर्ण वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि सरकार के सहयोग और किसानों की मेहनत से यह क्षेत्र प्रदेश के अग्रणी गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में अपनी पहचान और मजबूत करेगा।उन्होंने मिल प्रबंधन को भी निर्देशित किया कि किसानों से समयबद्ध तरीके से गन्ना क्रय किया जाए तथा तौल केंद्रों पर पारदर्शिता और सुविधा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने मिल कर्मियों को भी निर्देश दिया कि किसानों के साथ सम्मानजनक व्यवहार, त्वरित समस्या समाधान और स्वच्छ वातावरण बनाए रखने पर विशेष ध्यान दें।

इस अवसर पर विधायक सगड़ी श्री एच एन सिंह पटेल,जिलाधिकारी श्री प्रवीण मिश्र, जिला गन्ना विकास अधिकारी, गन्ना विकास समिति के अध्यक्ष व सदस्य, मिल के अधिकारी-कर्मचारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक तथा बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान उपस्थित रहे।

## कल मनाया जाएगा नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नागरिक सुरक्षा का स्थापना दिवस 06 दिसंबर को नागरिक सुरक्षा नियंत्रण केंद्र, कटरा, प्रयागराज में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 10:30 बजे होगी, जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी एवं नियंत्रक, नागरिक सुरक्षा महोदय करेंगे। कार्यक्रम के दौरान ध्वजारोहण, शपथ ग्रहण, संदेश वाचन तथा संबोधन का आयोजन किया जाएगा। ध्वजारोहण के उपरांत नागरिक सुरक्षा दल द्वारा जनजागरूकता हेतु रूट मार्च/रैली निकाली जाएगी। रैली का मार्ग इस प्रकार होगाः नियंत्रण केंद्र, कटरा कलेक्ट्रेट के सामने से होते हुए लक्ष्मी टाकीज चौराहा कटरा बाजार नेतराम चौराहा पुनः नियंत्रण केंद्र (रैली का समापन स्थल)। नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस का उद्देश्य आम जनता में सुरक्षा, संवेदनशीलता एवं आपदा प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## सिविल लाइंस मारपीट मामला : पूर्व सपा एमएलए के बेटे पर आरोप

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सिविल लाइंस के पॉश इलाके में बस खड़ी करने को लेकर विवाद ने मारपीट का रूप ले लिया। घटना खानसामा रेस्टोरेंट के बाहर हुई, जो पूर्व सपा विधायक सईद अहमद का बताया जाता है। आरोप है कि रेस्टोरेंट के सामने बस खड़ी करने को लेकर सईद अहमद के बेटे कवि और रवि सोनकर के बीच विवाद हुआ। एएद्धइ फुटेज में मारपीट की तस्वीरें भी सामने आई हैं। सईद अहमद के अनुसार जब बस खड़ी करने से मना किया गया तो रवि सोनकर से कहासुनी के बाद हाथापाई हुई। सईद ने यह भी आरोप लगाया कि विवाद के दौरान कवि अहमद पर गोली चलाने की कोशिश की गई। फिलहाल पुलिस घटनास्थल के वीडियो की जांच कर रही है और दोनों पक्षों से पूछताछ की तैयारी में है। मामले में मुकदमा दर्ज किए जाने की संभावना है।

## रीलबाज़ ने युवती का न्यूड वीडियो वायरल किया, एफआईआर दर्ज—पुलिस की तलाश जारी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सोशल मीडिया पर सक्रिय एक रीलबाज़ आशीष द्वारा युवती का न्यूड वीडियो बनाकर वायरल करने का मामला सामने आया है। वीडियो में आशीष नशे में दिख रहा है और खुद को पीड़िता का पति बताते हुए युवती के साथ अश्लील हरकत करता नजर आ रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पीड़िता के पिता, जो एक मंदिर के पुजारी हैं, ने नैनी थाने में शिकायत दर्ज कराई। आरोप है कि आशीष ने शिकायत करने पर परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी। FIR दर्ज होते ही पुलिस ने आरोपी की तलाश शुरू कर दी है और उसके hideouts पर छापेमारी की जा रही है। पुलिस का कहना है कि तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर उसकी लोकेशन ट्रेस की जा रही है। मामला गंभीर अपराध श्रेणी में दर्ज किया गया है और जल्द गिरफ्तारी की उम्मीद जताई गई है।

## इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बलरामपुर एसपी को फटकार, झूठा हलफनामा बताया

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने बलरामपुर पुलिस अधीक्षक को किशोरी से रेप मामले में पेश किए गए हलफनामे पर कड़ी फटकार लगाई है। जस्टिस अब्दुल मोइन और जस्टिस बबीता रानी की खंडपीठ ने कहा कि द्दृ की ओर से दिया गया हलफनामा गलत तथ्यों पर आधारित है और उसमें महत्वपूर्ण सूचनाएं छिपाई गई हैं। कोर्ट ने टिप्पणी की कि हलफनामा ''झूठा'' प्रतीत होता है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोर्ट ने प्रमुख सचिव गृह से व्यक्तिगत हलफनामा तलब किया है, जिसमें घटना से संबंधित तथ्य स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करने को कहा गया है। अदालत ने कहा कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा गलत जानकारी देने से न्याय प्रक्रिया प्रभावित होती है। हाईकोर्ट अब पूरे प्रकरण की विस्तृत सुनवाई 15 दिसंबर को करेगा। आदेश के बाद राज्य स्तर पर भी जांच की संभावना बढ़ गई है।

## गिरफ्तारी से बचने को हाईकोर्ट में याचिका दायर की

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जुड़े मामले में पूर्व विधायक दीप नारायण यादव ने इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर अपने खिलाफ दर्ज मुकदमे को चुनौती दी है। उन्होंने अदालत से गिरफ्तारी पर रोक लगाने की मांग की है। मामला जालौन जिले के मोंठ थाने का है, जहां 20 नवंबर को दीप नारायण के खिलाफ डकैती समेत गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज की गई थी। याचिका में कहा गया है कि एफआईआर राजनीतिक द्वेषवश लगाई गई है और आरोप तथ्यहीन हैं। हाईकोर्ट ने याचिका स्वीकार कर 10 दिसंबर को सुनवाई तय कर दी है। दीप नारायण की कानूनी टीम का कहना है कि वे जांच में सहयोग को तैयार हैं, लेकिन पुलिस उनकी गिरफ्तारी की कोशिश में है। वहीं पुलिस का दावा है कि एफआईआर में दर्ज आरोपों की जांच के लिए गिरफ्तारी आवश्यक है। अब कोर्ट के आदेश पर अगला कदम निर्भर करेगा।

## शुभम जायसवाल ने गिरफ्तारी रोकने को हाईकोर्ट में याचिका दी

**प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कफ सिरप तस्करी मामले से जुड़े अभियुक्त शुभम जायसवाल ने गिरफ्तारी से बचने के लिए इलाहाबाद हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की है। शुभम के खिलाफ वाराणसी और गाजियाबाद में दर्ज मामलों को चुनौती देते हुए FIR रद्द करने की मांग की गई है। आरोपी लंबे समय से फरार बताया जा रहा है। वाराणसी के कोतवाली थाने में 15 नवंबर को शुभम, उसके पिता सहित 28 लोगों के खिलाफ कफ सिरप की अवैध सप्लाई और तस्करी का मुकदमा दर्ज हुआ था। शुभम के पिता ने भी वाराणसी के मुकदमे को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिका में दावा किया गया है कि उन्हें साजिशन फंसाया गया है। पुलिस का कहना है कि जांच में ठोस साक्ष्य मिले हैं और गैंग के कई कड़ियों की पुष्टि हुई है। हाईकोर्ट जल्द मामले पर सुनवाई करेगा।

## कक्षा पाँच की मान्यता पर 8वीं कक्षा तक हो रहा विद्यालय संचालन

**कोराव, प्रयागराज, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** विकास खण्ड कोराव के पड़रिया के रहने वाले राकेश कुमार दृवेदी ने जन सुनवाई पोर्टल के जरिये बेशीक शिक्षा सचिव से शिकायत दर्ज कराया है जिसकी जाँच खण्ड शिक्षाधिकारी कोराव को मिला है श्री कृष्णा पब्लिक एकेडमी स्कूल, कोराव, प्रयागराज के खिलाफ कई आरोप लगाए गए हैं। शिकायकर्ता आरोप हैं कि स्कूल ने अपनी मान्यता से अधिक कक्षाएं संचालित की हैं, योग्य शिक्षक नहीं हैं, विद्यालय भवन मानकों के अनुसार नहीं है, और अभिभावकों से मनमानी फीस वसूली की जा रही है। विद्युत तार खुले है जिससे छात्र छात्राओं को करेंट लगने का खतरा बना रहता है साथ ही स्कूल वाहन मानक के अनुसार संचालित नही है पाँचवी तक कि मान्यता हिंदी मीडियम की लेकर कक्षा 8 वी तक इंग्लिश मीडियम की कक्षा का संचालन किया जा रहा है 50 छात्र लगभग 6 से 8 तक मे पंजिकृत है। शिकायतकर्ता ने जिलाधिकारी, प्रयागराज से अनुरोध किया है कि इस मामले की जांच के लिए एक टीम गठित की जाए और स्कूल के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाए। खण्ड शिक्षाधिकारी कोराव प्रयागराज रिजवान अहमद ने कहा कि यदि शिकायत हुई है तो जाँच की जायेगी सत्यता के आधार पर आख्या उच्चाधिकारियो को प्रेषित किया जाएगा।

# कफ सिरप मामले में केंद्र सरकार उठाये सख्त कदमः अखिलेश

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। समाजवादी पार्टी (सपा) अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि तमाम मासूमों की जान लेने वाले नशीले कफ सिरफ मामले में प्रधानमंत्री को संज्ञान लेने की जरुरत है और केंद्र सरकार को इस मामले में सख्त कदम उठाने चाहिये।

श्री यादव ने गुरुवार को कहा कि कफ सिरप मामला तूल पकड़ता जा रहा है। कोडीन युक्त कफ सिरफ के सिंडीकेट ने न केवल प्रदेश के विभिन्न जिलो बल्कि बिहार, मध्य प्रदेश, राजस्थान, झारखंड, पश्चिम बंगाल से आगे नेपाल, बंगलादेश और दक्षिण अफ्रीका तक तस्करी का धंधा फैला रखा था। इस प्रतिबंधित नशीले सिरप ने तमाम मासूमों की जान ले ली। मुख्यमंत्री के करीबी कई लोग, कई अधिकारी भी इस मामले में शामिल बताए जाते हैं। प्रदेश में एक जिला एक माफिया का काला कारोबार खूब चल रहा है। यही नहीं, प्रधानमंत्री के संसदीय क्षेत्र से भी यह मामला जुड़ा है।, वहां 38 मुकदमें अब तक दर्ज हो चुके है। जहरीले कफ सिरप धंधे से जुड़े स्थानीय माफियाओं का नाम सामने आ रहा है। प्रधानमंत्री जी को भी इसका संज्ञान लेना चाहिए और केन्द्र सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए।

उन्होने कहा कि वाराणसी में सेंट्रल बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष राजा आनंद ज्योति सिहं की एक वर्ष पूर्व इसी कफ सिरप को पीने से मौत हो गई थी। उनकी पत्नी भारती सिंह ने शिकायत की पर पुलिस ने कोई कार्यवाही नहीं की। वहां एक जाति विशेष के माफिया वहां कालाधंध कर रहे हैं। उन्होंने कई करोड़ रूपयो की काली कमाई की है। अपने पैसो की कमाई के आगे माफियाओं में कोई मानवीय संवेदना नहीं बची है। जीरो टॉलरेंस और बुलडोजर का कहीं अतापता नहीं है। प्रतिबंधित सिरफ का धंधा पूर्वांचल में वाराणसी, जौनपुर, चंदौली, भदोही, गाजीपुर, आजमगढ़ में बड़ो की शह पर फलफूल रहा था।

श्री यादव ने कहा कि कोडीन सिरप कांड में अब ईडी की इंट्री से स्पष्ट है कि मामले में देश के दूसरे नम्बर के कद्दावर सत्ताधारी की नज़रें जमी हुई है। यह चर्चा आम है कि वाराणसी के पड़ोसी जिले के बाहुबली को वह पसंद नहीं करते इसलिए उनका नाम आते ही केंद्रीय सत्ता के दूसरे सबसे ताकतवर नेता ने अपनी निगाहें जमा दी हैं। अभी तक की पड़ताल में जो बातें छनकर आ रही हैं उसमे यह है कि बाहुबली के एक धंधे में कोडीन धंधे का सरगना शुभम उनके रिश्तेदारों के साथ सांझेदारी में था और 84 करोड़ रूपये लगाया है। उन्हें महंगी गाड़ियां गिफ्ट किया है।

यही नहीं एक और बात छनकर आई है कि वाराणसी के एक बाहुबली का एक शागिर्द भी एक धंधे के नाम करोड़ो लेकर बैठ गया है। शुभम के धंधे में उसे प्रोटेक्शन देने के नाम पर सत्ताधारी उससे महंगे गिफ्ट और लाखों महीना लेते थे। अगर जांच वाकई बिना तेरा मेरा किये सीबीआई के जरिये हुई तो कई व्हाइट कालर वालों के चेहरे काले पड़ जाएंगे।

# माघ मेले की तैयारी में जुटा रेलवे

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज। माघ मेला-2026 की व्यापक तैयारियों को देखते हुए आज रेल प्रशासन एवं जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रयागराज रामबाग तथा झूंसी स्टेशनों का संयुक्त निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त प्रयागराज श्रीमती सौम्या अग्रवाल, मंडल रेल प्रबंधक प्रयागराज मंडल श्री रजनीश अग्रवाल, अपर मंडल रेल प्रबंधक (इन्फ्रा)/वाराणसी मंडल श्री अजय सिंह, जिला अधिकारी प्रयागराज श्री मनीष कुमार वर्मा, अपर पुलिस आयुक्त श्री अजय पाल शर्मा, वाराणसी मंडल के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त श्री एस.रामाकृष्णन,वरिष्ठ मंडल इंजीनियर श्री आयुष कुमार सिंह,मंडल वाणिज्य प्रबंधक श्री रमेश पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान मेला अवधि में श्रद्धालुओं के सुचारु आवागमन हेतु समग्र व्यवस्था और विस्तृत कार्ययोजना पर विचार-विमर्श किया गया। भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था तथा प्लेटफ़ॉर्म और सर्कुलेटिंग एरिया में मार्गदर्शन व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए प्रमुख स्थानों पर 'दिशा-निर्देश साइनेज' को सशक्त बनाने पर विशेष ध्यान दिया गया। इसके साथ ही माघ मेले के दौरान लखनऊ, अयोध्या एवं वाराणसी दिशाओं में यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं को प्रयाग एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशनों की ओर उचित रूप से मार्गदर्शन प्रदान करने हेतु पर्याप्त प्रचारऽप्रसार, सूचना प्रसारण,भीड़ प्रबंधन तथा उपयुक्त स्थानों पर साइनेज स्थापित करने पर भी विस्तृत चर्चा की गई। अधिकारियों ने प्रयागराज रामबाग एवं झूंसी स्टेशनों पर यात्री आश्रयों, कंट्रोल रूम, प्रवेश एवं निकास मार्गों सहित भीड़ प्रबंधन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उनकी कार्यप्रणाली का आकलन किया तथा उन्हें और अधिक प्रभावी एवं सुचारु बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

# प्रयागराज दौरे पर डिप्टी सीएम केशव मौर्य, पूजा पाल ने की मुलाकात

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । बिहार विधानसभा चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य गुरुवार को प्रयागराज पहुंचे। उनके आगमन पर विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता उनसे मिलने पहुंचे। इनमें सपा से निष्कासित विधायक पूजा पाल भी शामिल रहीं। मुलाकात के दौरान पूजा पाल ने डिप्टी सीएम के पैर छूकर आशीर्वाद लिया।

योगी जी और केशव मौर्य मेरे लिए अभिभावक समान : पूजा पाल

मुलाकात के बाद पूजा पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम केशव मौर्य उनके लिए अभिभावक की तरह हैं। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं से उन्हें हमेशा परिवार जैसा स्नेह और सहयोग मिला है।

राजू पाल हत्याकांड का ज़िक्र, न्याय के लिए योगी सरकार का धन्यवाद

पूजा पाल ने कहा कि उनके पति, तत्कालीन बसपा विधायक राजू पाल की हत्या को 18 साल बीतने के बाद योगी सरकार में उन्हें न्याय मिला। इसी कारण उन्होंने राज्यसभा चुनाव में सपा की लाइन से हटकर क्रॉस वोटिंग की थी। इसे उन्होंने भाजपा सरकार के प्रति अपना आभार बताया।

### सपा से निष्कासित विधायक बोलीं—योगी और केशव मेरे अभिभावक समान

सपा में रहते हुए भी भाजपा नेताओं के संपर्क में रही

पूजा पाल ने बताया कि सपा की सदस्यता के दौरान भी वे लगातार भाजपा नेताओं के संपर्क में थीं और कई कार्यक्रमों में शामिल होती रही थीं। उन्होंने यह भी बताया कि बिहार विधानसभा चुनाव में भी वे भाजपा उम्मीदवारों के पक्ष में प्रचार कर चुकी हैं। हालांकि उन्होंने इस मुलाकात को सिर्फ शिष्टाचार भेंट बताया।

# गणना प्रपत्रों की फीडिंग और मैपिंग के कार्यों की डीएम ने किया निरीक्षण

कैनविज टाइम्स संवाददाता

वाराणसी। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के तहत गणना प्रपत्रों की फीडिंग और मैपिंग के कार्यों हेतु जिलाधिकारी / जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येंद्र कुमार द्वारा कटिंग मेमोरियल इंटरमीडिएट कॉलेज का फिर से औचक निरीक्षण किया गया और बूथवार फीडिंग तथा मैपिंग की अद्यतन प्रगति के संबंध में विस्तृत जानकारी ली गई। उन्होंने विभिन्न कक्षों में जाकर कार्मिकों से आज किए गए गणना प्रपत्रों की मैपिंग और फीडिंग के कार्यों का ब्यौरा लिया।



जिलाधिकारी ने मैपिंग के कार्यों को हर हाल में सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उपस्थित अधिकारियों से कहा कि एस आई आर संबंधी सभी कार्य 11 दिसम्बर से पहले तक पूर्ण करा लिया जाए। उन्होंने फॉर्म भरने और सत्यापन प्रक्रिया में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने आर्य महिला इंटर कॉलेज में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण के कार्यों का अवलोकन किया। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी/एडीएम विपिन कुमार सहित निर्वाचन से संबंधित अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

इसी दौरान आर्य महिला इंटर कालेज में चल रहे काशी सांसद बाल कवि सम्मेलन-2025 की वार्ड स्तरीय प्रतियोगिता में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। कॉलेज की चयनित छात्राओं में से तीन छात्राओं ने जिलाधिकारी को काशी, गंगा और वीरों की शौर्य गाथाओं से संबंधित कविताएँ सुनाईं। जिलाधिकारी ने सभी प्रतिभागी छात्राओं का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्जवल भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दी।

# काशी तमिल संगमम् के प्रथम दल का प्रयागराज में भव्य स्वागत

कैनविज टाइम्स संवाददाता

प्रयागराज । काशी तमिल संगमम् कार्यक्रम के प्रथम दल के लगभग 200 सदस्यों का आज प्रयागराज आगमन पर महापौर उमेश चन्द्र गणेश केसरवानी एवं नगर मजिस्ट्रेट विनोद कुमार सिंह द्वारा तिलक एवं माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया गया। स्वागत समारोह के दौरान जगत तारन गर्ल्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया तथा शिवांक द्विवेदी व उनकी टीम ने भजनों से वातावरण को भक्तिमय बना दिया। दल के सदस्यों को गंगाजल एवं स्मृति चिन्ह भेंट किए गए।



इस अवसर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार एवं राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय द्वारा लगाए गए पांडुलिपि एवं अभिलेख प्रदर्शनी विशेष आकर्षण का केंद्र रही। महापौर श्री केसरवानी ने प्रधानमंत्री जी के दृष्टिकोण की सराहना करते हुए कहा कि काशी तमिल संगमम् उत्तर और दक्षिण भारत की सांस्कृतिक एकता का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने कहा कि यह यात्रा न केवल दोनों क्षेत्रों के बीच सांस्कृतिक सेतु बनाती है, बल्कि जाति, भाषा और क्षेत्रवाद जैसी बाधाओं के उन्मूलन का भी कार्य करती है। महापौर ने यात्री दल के सभी सदस्यों का हृदय से स्वागत एवं अभिनंदन किया। टीम के सदस्यों को सुसज्जित नावों द्वारा वीआईपी घाट से संगम ले जाकर गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के पवित्र संगम का दर्शन कराया गया। संगम क्षेत्र के मनोहारी दृश्य और सैंड आर्ट देखकर अतिथि अभिभूत हो गए। इसके बाद दल ने लेटे हनुमान जी, शंकर विमान मण्डपम, और स्वामीनारायण मंदिर के दर्शन भी किए। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रभाकर त्रिपाठी ने किया। इस दौरान पांडुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# इंटर स्कूल ड्राइंग कंपीटिशन में महामाया स्कूल ने जीते 7 मेडल, मिला चांदी का सिक्का

एजेंसी

नोएडा। सोसायटी फॉर स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एडवांसमेंट की ओर से नोएडा स्टेडियम में आयोजित 14वें इंटर स्कूल ड्राइंग कंपीटिशन में महामाया बालिका इंटर कॉलेज का दबदबा रहा। विश्व विक्लांग दिवस के अवसर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में महामाया के स्टूडेंट्स ने 7 मेडल जीते। सबसे ज्यादा मेडल हासिल करने पर महामाया की टीम को डॉक्टर चंद्रभान मेमोरियल सिल्वर कॉइन (चांदी का सिक्का) अवार्ड से सम्मानित किया गया। गुनगुनी धूप में स्टेडियम में हुए इस कंपीटिशन में सोसायटी के अध्यक्ष सुभाष अग्रवाल ने दिल्ली एनसीआर के 35 स्कूलों से आए करीब 450 बच्चों का स्वागत किया। इनमें स्कूल, एनजीओ, फाउंडेशन और मदरसे के छात्र-छात्रा शामिल थे। इसके साथ दिव्यांग बच्चों ने भी प्रतियोगिता में अपनी मेधा का प्रदर्शन किया। मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर और महामाया बालिका इंटर कॉलेज की वाइस प्रिंसिपल छाया जैन ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में पहली से 12वीं क्लास तक के बच्चों के लिए कुल 4 श्रेणियां रखी गई थीं। कैटेगरी ए (पहली-दूसरी क्लास) में न्यू लाइट पब्लिक स्कूल का जलवा रहा। इस स्कूल की श्रेयांशी ने गोल्ड, शिवांगी ने सिल्वर और अनिल ने ब्रांज मेडल जीता। इसके साथ चौथे से दसवें स्थान पर आने वाले बच्चों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया।



कैटेगरी बी (तीसरी से 5वीं क्लास) में महामाया बालिका इंटर कॉलेज की तपस्या ने गोल्ड, भाग्या भास्कर ने सिल्वर और मोहन राम पब्लिक स्कूल की राधिका यादव ने ब्रांज मेडल हासिल किया। चौथे से दसवें स्थान पर आने वाले बच्चों प्रोत्साहन मेडल दिए गए। कैटेगरी सी (6वीं से 8वीं क्लास) में संस्कार केंद्र सर्फाबाद की शगुन गुप्ता ने स्वर्ण, चौलेंजर्स ग्रुप की लक्ष्मी ने रजत और महामाया बालिका इंटर कॉलेज की रिया झा ने कांस्य पदक जीता। चौथे से दसवें स्थान पर आने वाले बच्चों को प्रोत्साहन मेडल प्रदान किए गए।

कैटेगरी डी (9वीं से 12वीं क्लास) में कालांतर आर्ट फाउंडेशन के हर्ष कुमार ने गोल्ड मेडल, महामाया बालिका इंटर कॉलेज की अनु ने सिल्वर मेडल और पंचशील बालक इंटर कॉलेज के अंश चौधरी ने ब्रांज मेडल हासिल किया। इस श्रेणी में चौथे से दसवें स्थान पर आने वाले बच्चों को प्रोत्साहन मेडल दिए गए।

प्रतियोगिता में न्यू लाइट पब्लिक स्कूल ने 5 और महामाया बालिका इंटर कॉलेज के बच्चों ने 7 मेडल अपनी झोली में डाले। लिहाजा सबसे ज्यादा मेडल जीतने पर महामाया स्कूल को स्वर्गीय डॉक्टर चंद्रभान मेमोरियल सिल्वर कॉइन (चांदी का सिक्का) प्रदान किया गया। यह पुरस्कार सोसायटी फॉर स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एडवांसमेंटके आर्ट को-ऑर्डिनेटर प्रोफ़ेसर निमेश कुमार के पिता की मधुर स्मृति में शुरू किया गया है, जिनका इस साल स्वर्गवास हो गया है। अब यह पुरस्कार हर साल इस प्रतियोगिता में स्कूल प्रबंधन को प्रदान किया जाएगा। स्पेशल गेस्ट वर्ल्ड ऑफ वंडर के असोसिएट डायरेक्टर शमीम अहमद ने विजेता बच्चों को मेडल और सर्टिफिकेट प्रदान कर उन्हें अपना आशीर्वाद दिया। प्रतियोगिता में जज की भूमिका एमए आसिफ, दीपिका गुप्ता, श्रुति गुप्ता और तरुणा माथुर ने निभाई। कार्यक्रम का संयोजन प्रोफ़ेसर निमेश कुमार और असिस्टेंट आर्ट को-ऑर्डिनेटर डॉक्टर श्वेता त्यागी ने किया।

# केजीएमयू में अब चंद सेकंड में एआई स्कैनर करेगी एक्सीडेंट पीड़ितों की जांच

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के सबसे बड़े ट्रॉमा सेंटर, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) में एक्सीडेंट और इमरजेंसी के मरीजों के लिए एक बड़ी राहत की खबर है। यहां पर इलाज कराने के लिए आने वाले मरीजों की एआई स्कैनर के जरिये जांच चंद सेकेंड में हो सकेगी। साथ ही शरीर के किस भाग में चोट लगी है, इसका पता आसानी से लगाया जा सकेगा। विवि के मीडिया प्रभारी प्रो. डॉ. केके सिंह के मुताबिक मशीन को ट्रॉमा सेंटर में रेडियोलॉजी विभाग की मदद से स्थापित करने के लिए शुक्रवार को भूमि पूजन विवि की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद करेंगी। यह मशीन 'आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस' (एआई) से लैस है और इसे विशेष रूप से गंभीर घायलों की जान बचाने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने बताया कि सड़क हादसों में घायल मरीजों के लिए शुरुआती एक घंटा (गोल्डन ऑवर) सबसे महत्वपूर्ण होता है। पुरानी मशीनों पर मरीज का नाम-पता टाइप करने और उन्हें लिटाकर सेट करने में जो समय बर्बाद होता था, अब वह नहीं होगा। रेडियोलॉजी विभाग के विभाग प्रमुख डॉ. अनित परिहार ने बताया कि ''इस मशीन में 'इमरजेंसी मोड' है, जिससे मरीज के स्ट्रेचर पर आते ही बिना डाटा एंट्री के स्कैन शुरू हो जाता है। इसका स्मार्ट कैमरा मरीज को अपने आप सही पोजीशन में सेट कर देता है। जो काम पहले मिनटों में होता था, अब सेकंडों में होगा।''

उन्होंने बताया कि यह मशीन सिर्फ फोटो नहीं खींचती, बल्कि डॉक्टर की मदद भी करती है। एक्सीडेंट के बाद कई बार रीढ़ की हड्डी या पसलियों के फ्रैक्चर पकड़ में नहीं आते। इस मशीन का एआई सिस्टम रीढ़ (स्पाइन) और पसलियों (रिब्स) की थ्रीडी तस्वीर बनाकर खुद बता देगा कि चोट कहां लगी है। साथ ही, इसका खास कैमरा दिमाग की महीन नसों की चोट को भी साफ दिखाएगा।

डा परिहार ने बताया कि अक्सर दर्द के कारण मरीज मशीन में हिलते-डुलते हैं, जिससे फोटो धुंधली हो जाती है। यह मशीन उस 'हिलने' को खुद ठीक कर एकदम साफ रिपोर्ट देती है। सबसे बड़ी बात यह है कि इसमें पुरानी मशीनों के मुकाबले 80 प्रतिशत कम रेडिएशन निकलता है, जो बच्चों और युवाओं के स्वास्थ्य के लिए बहुत सुरक्षित है। इस नई मशीन के आने से लखनऊ और आसपास के जिलों से आने वाले गंभीर मरीजों को अब विश्वस्तरीय इलाज की सुविधा केजीएमयू में ही मिल सकेगी।

# नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण का प्रथम सत्र संपन्न

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। भारत सरकार द्वारा प्रायोजित नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक कैपेसिटी बिल्डिंग प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत नागरिक सुरक्षा लखनऊ द्वारा गोमतीनगर के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान स्थित मून हॉल सभागार में आयोजित प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में 90 स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया गया।

नागरिक सुरक्षा लखनऊ के सीनियर असिस्टेंट डिप्टी कंट्रोलर मनोज वर्मा ने बताया लखनऊ के नागरिक सुरक्षा के स्वयंसेवकों को किसी आकस्मिक आपदा जैसी स्थिति से निपटने, आग लगने पर फर्स्ट रिस्पांडर के रूप में कार्य करने तथा प्राथमिक चिकित्सा के उपाय यथा सीपीआर बैंडेजिंग ट्रांसपोर्टिंग तथा अग्नि संबंधित आपदा के संबंध में 25 नवंबर से सात दिन का विस्तृत प्रशिक्षण प्रदान किया गया। सात दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में नागरिक सुरक्षा विभाग उत्तर प्रदेश के अधिकारी सुमित मौर्य के साथ-साथ अग्निशमन विभाग के अधिकारियों एवं एसडीआरएफ तथा चिकित्सा विभाग के अधिकारियों व आपदा विशेषज्ञ अमर के द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम जिलाधिकारी नियंत्रक नागरिक सुरक्षा लखनऊ विशाख जी. के मार्गदर्शन तथा अपर जिलाधिकारी पूर्वी महेंद्र पाल सिंह के निर्देशन में व उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा लखनऊ रवीन्द्र कुमार के नेतृत्व में संचालित किया गया। जिसमें चीफ वार्डन नागरिक सुरक्षा लखनऊ अमरनाथ मिश्रा द्वारा सहयोग प्रदान किया गया।प्रशिक्षण कार्यक्रम के एक सप्ताह तक संचालन में मनोज वर्मा वरिष्ठ सहायक उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा लखनऊ की महत्वपूर्ण भूमिका रही। सहायक उपनियंत्रक ऋषि कुमार, ममता रानी, रेखा पांडेय, मुकेश कुमार, कमलेश शुक्ला की विशेष उपस्थिति रही। नागरिक सुरक्षा कार्यालय से भंडार अधीक्षक मनोज कुमार वर्मा, नफीस अहमद, कनिष्ठ सहायक राजकुमार, पंकज पंत, अम्बेश कुमार, एवं कार्यालय के स्टाफ सीमा, एमटीएस समीक्षा, फरीद, फैसल, अजय व राकेश कर्मचारियों ने सहयोग किया। मास्टर ट्रेनर ऋतुराज रस्तोगी व गोमतीनगर प्रखंड के डिविजनल वार्डन नफीस अहमद, रमेश सिंह चौहान, सुनील शुक्ला का विशेष सहयोग रहा।

# एसआईआर को लेकर एक्शन में महापौर, आम लोगों से की सतर्क रहने की अपील

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में एसआईआर को लेकर गरमाये माहौल के बीच लखनऊ की महापौर सुषमा खरकवाल गुरुवार को आम लोगों से भी सतर्क रहने और संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने की अपील की है।

खर्कवाल ने दावा किया है कि उनके द्वारा चलाए गए ऑपरेशन के दौरान 160 कर्मचारी भाग गए। शक है कि वे सब रोहिंग्या, बांग्लादेशी थे। जैसे ही जांच शुरू हुई ये भाग गए। हम आधार चेक कर रहे हैं। ये खुद को असम का बताते हैं तो हम एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) भी चेक कर रहे हैं। आरोप है कि ये सभी कर्मचारी कूड़ा प्रबंधन का काम कर रही कंपनी से जुड़े थे। कंपनी ने जब उनसे अभिलेख मांगे तो वे भाग गए।

महापौर ने कहा कि इनसे कागज मांगे गए थे लेकिन दिखाने से पहले ही जिस दिन इन्हें बुलाया गया था, ये भाग निकले। उन्होंने आशंका जताई कि ये संदिग्ध दिन में सफाई कर्मचारी के तौर पर काम करते हैं और रात में वारदात करते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले साल नवंबर-दिसंबर में एक वारदात हुई थी जिसमें छह लोग पकड़े गए थे। वे सभी रोहिंग्या थे। उधर, बुधवार को घुसपैठियों के खिलाफ यूपी में अभियान चलाने और हर मंडल में एक डिटेंशन सेंटर बनाने के सीएम योगी आदित्यनाथ के आदेश के बाद लखनऊ की महापौर सुषमा खर्कवाल गुरुवार को ऐक्शन मोड में नजर आईं। उन्होंने लखनऊ में अवैध ढंग से रह रहे संदिग्ध बांग्लादेशियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का ऐलान किया। अधिकारियों को तत्काल जांच करने और उचित कदम उठाने का निर्देश दिया। लखनऊ की अवैध झुग्गी बस्तियों में लोगों की नागरिकता की जांच की जा रही है। महापौर ने गुडंबा थाने के पास खुद भी मौके पर जाकर जांच-पड़ताल की है। शक है कि लखनऊ में बड़ी संख्या में संदिग्ध बांग्लादेशी रह रहे हैं। जांच अभियान शुरू होने के बाद वे इधर-उधर भाग गए हैं।

# ऑटो गैंग का भंडाफोड़, चार लुटेरे गिरफ्तार

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। पुलिस कमिश्नरेट लखनऊ के मड़ियांव थाने की पुलिस टीम ने एक बड़े ऑटो गैंग का भंडाफोड़ करते हुए लूट और डकैती के मामले में चार अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। यह गैंग यात्रियों को ऑटो-रिक्शा में बैठाकर उनसे मारपीट करता था और मोबाइल के माध्यम से पैसे ट्रांसफर कराकर एवं नकदी छीनकर लूट की घटनाओं को अंजाम देता था। दिनांक 02.12.2025 को आवेदक योगेन्द्र पुत्र सुरेश निवासी ग्राम खजुरिया सिधौली जनपद सीतापुर द्वारा मड़ियांव थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। उन्होंने बताया था कि अज्ञात अपराधियों ने उन्हें ऑटो-रिक्शा में बैठाकर मारपीट की और जान से मारने की धमकी देकर उनके मोबाइल से ?28000 ट्रांसफर करा लिए और जेब में रखे ?2000 नकद भी छीन लिए।पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खुफिया इनपुट तकनीकी सर्विलांसऔर व्यक्तिगत जाँच के आधार पर अभियुक्तों की पहचान कर उन्हें घेराबंदी कर गिरफ्तार किया।गिरफ्तार किए गए अभियुक्तियों के नाम हिमांशु उम्र 22 वर्ष निवासी मधुबन बिहार कॉलोनी मूल निवासी बाराबंकी।सुमित शर्मा उम्र 20 वर्ष निवासी हरिओम नगर लखनऊ। मूल निवासी कमलापुर जनपद सीतापुर।वीरू उम्र 22 वर्ष निवासी कमलापुर सीतापुर। मूल निवासी बाराबंकी।इमरान उम्र 19 वर्ष निवासी मुर्गी फार्म मडियांव लखनऊ। मूल निवासी सकरान सीतापुर है।अभियुक्तों के कब्जे से नकद रू14400 घटना में प्रयुक्त ऑटो-रिक्शा, एक अदद मोबाइल फोन बरामद हुआ।पूछताछ में यह भी सामने आया कि अभियुक्तों ने पीड़ित से ट्रांसफर कराए गए।?28000 में से ?25000 एक जन सेवा केंद्र से निकलवाए थे और शेष ?3000 भी हिमांशु ने अपने साथी को भेज दिए थे। इस कार्रवाई में मडियांव पुलिस टीम ने अहम भूमिका निभाई।टीम में उप निरीक्षक नितिन कुमार, शुभम तिवारी, राजदीप चौधरी, अखिलेश सिंह, पुष्पेन्द्र चौधरी, हे0कां0 गौरव कुमार सिंह, कां0 मयंक कुमार,मनोज कुमार समेत अन्य कांस्टेबल शामिल रहे।

## आज से शुरू होगा पांच दिवसीय पंच-सूत्रीय कथा महोत्सव

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** सामाजिक परिवर्तन के पाँच सूत्र पर्यावरण, स्वदेशी, समरसता, परिवार प्रबोधन एवं नागरिक कर्तव्य पर आधारित पांच दिवसीय पंच सूत्रीय कथा महोत्सव का आयोजन 5 से 9 दिसम्बर तक सिंधु नगर कृष्णा नगर में आयोजित होगी। यह कथा महोत्सव भारत विकास परिषद, अवध प्रान्त द्वारा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित होगी।

## ऊर्ज़ा निगमों के कार्मिकों के एसीआर समय से पूर्ण हो : आशीष

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** बिजली निगमों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की वार्षिक गोपनीय आख्यायें समय से पूर्ण हों और कार्मिकों को इसके अधूरे रहने के कारण प्रोन्नति एवं टाइमस्केल, या अन्य देयों के लिये नुकसान न उठाना पड़े इसके लिये ऊर्ज़ा निगमों के अध्यक्ष डॉ0 आशीष गोयल ने सख्त निर्देश जारी किये हैं। ट्रांसमिशन एवं डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेश को जारी दिशा निर्देश में कहा गया है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन, पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन तथा विद्युत वितरण निगमों में कार्यरत अभियंताओं से लेकर अन्य कार्मिकों की वार्षिक गोपनीय आख्या (एसीआर) लटकाए रखने वाले रिपोर्टिंग अफसरों पर अब कड़ी कार्यवाई होगी। रिपोर्टिंग अफसरों को सात दिसंबर को आधी रात तक सभी लंबित एसीआर को अग्रसारित करने की हिदायत दी गई है। इसमें लापरवाही बरतने वाले अफसरों को प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्णय लिया गया है। कारपोरेशन के अध्यक्ष डॉ0 आशीष कुमार गोयल का कहना है कि समय पर एसीआर नहीं मिलने पर कार्मिकों को प्रोन्नति से लेकर अन्य कई लाभ तय अवधि में नहीं मिल पाते हैं। डिस्कॉम स्तर पर सर्वाधिक 1495 एसीआर पूर्वांचल डिस्कॉम में लंबित हैं। गौरतलब है कि एसीआर को ईआरपी पर भरने के लिए 20 नवम्बर तक का समय दिया गया था। पिछले दिनों समीक्षा में पाया गया कि ईआरपी पर मात्र 53 प्रतिशत गोपनीय आख्याएं ही बढ़ाई गई हैं। इस पर नाराजगी जताते हुए अध्यक्ष ने 7 दिसंबर तक लंबित एसीआर को अगले स्तर पर अग्रसारित करने के निर्देश दिये हैं।

## 37 वर्षीय युवक घर से लापता, गुमशुदगी दर्ज

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज थाना क्षेत्र से गत दिवस 37 वर्षीय युवक रुद्र प्रकाश तिवारी (छोटू) लापता हो गए हैं। परिवार की ओर से गोसाईगंज कोतवाली में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई है।रुद्र प्रकाश तिवारी पुत्र श्यामलाल तिवारी निवासी मटेरा मजरा आदमपुर नौवस्ता, एक दिसंबर 2025 को दोपहर लगभग 2:00 बजे अपने घर से बिना बताए निकले थे। उसके बाद से उनका कोई पता नहीं चल पाया है।एस एच ओ गोसाईगंज के पुलिस मामले की जांच कर रही है।सुराग मिलते ही परिवार के लोगो सूचित किया जाएगा।

## सीनियर स्थानीय खिलाड़ी आरपीटी ग्राउंड में रविवार को लगाएंगे चौके छक्के

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** गोसाईगंज के आरपीटी ग्राउंड में रविवार को लीजेंड क्रिकेट यानी सीनियर स्थानीय खिलाड़ियों का क्रिकेट टूर्नामेंट आयोजित किया गया है। यह जानकारी देते हुए आयोजक अंकित मिश्रा तन्नू ने बताया कि उनके मन में यह विचार आया जो स्थानीय खिलाड़ी काफी उम्र दराज हो चुके हैं उनके खेलने की उम्र ढल चुकी है लेकिन पहले कभी एक अच्छे खिलाड़ी हुआ करते थे। इन सब का सम्मान किया जाए इसके लिए अंकित मिश्रा ने एक क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन निश्चित किया जो 7 दिसंबर रविवार को गोसाईगंज के रामपाल त्रिवेदी इंटर कॉलेज ग्राउंड पर खेला जाएगा। कुछ पुराने खिलाड़ियों के नाम जिनमें दीपचंद वर्मा, नियाज खान, पंकज जायसवाल, परिमल त्रिपाठी, वीरेंद्र दुबे, दिवाकर त्रिपाठी, मुकेश त्रिपाठी, संजय तलवार, नीरज मिश्रा, हलीम, देवेंद्र शुक्ला, गुड्डू, अरविंद मिश्रा,सर्वेश शुक्ला, अधीप जायसवाल, सत्यनारायण यादव के नाम शामिल है। पुराने स्कोरर समीर गुप्तेश्वर सिंह स्कोरिंग करते नजर आएंगे। इसमें बड़ी संख्या में वरिष्ठ खिलाड़ियों का सम्मान किया जाएगा और पूरा दिन लोग क्रिकेट का आनंद लेंगे। विजेता व उपविजेता को सम्मानजनक उचित पुरस्कार दिया जाएगा। यही नहीं मैच के लिए किसी से किसी प्रकार की कोई एंट्री फीस भी नहीं ली जा रही है। इस मैच को लेकर क्षेत्र में काफी चर्चा है व पुराने खिलाड़ियों में काफी उत्साह दिखाई दे रहा है।

## भारतीय सेना से रिटायर इनामी हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

**लखनऊ, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** उत्तर प्रदेश पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने बुरहानपुर (मध्यप्रदेश) में हत्या के मामले में वांछित और 30,000 रुपये के इनाम पर चल रहे भारतीय सेना से रिटायर व हिस्ट्रीशीटर हुसन सिंह उर्फ फौजी को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। आरोपी को रायभा मंदिर के पास अछनेरा थाना क्षेत्र से पकड़ा गया है।

अभियुक्त पर बुरहानपुर जिले के थाना लालबाग में दर्ज मुकदमा संख्या 225/2024 धारा 302, 201, 120बी व 34 में हत्या का गंभीर आरोप है। इसी मामले में वह फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा इनाम घोषित था। एसटीएफ आगरा यूनिट के अधिकारी दलितेंद्र शर्मा, प्रशांत कुमार, ब्रजेश सिंह व अन्य टीम सदस्यों को सूचना मिली कि वांछित अपराधी अछनेरा क्षेत्र में मौजूद है। जिसके बाद स्थानीय पुलिस की सहायता से घेराबंदी कर एसटीएफ ने उसे दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि वह लंबे समय से फरार था और लगातार ठिकाने बदलकर पुलिस से बचने की कोशिश कर रहा था।

# निगोहां पावर स्टेशन में तड़के धमाका और आग, छह दर्जन गांव अंधेरे में डूबे

कैनविज टाइम्स संवाददाता



निगोहां, लखनऊ। निगोहां विद्युत उपकेंद्र में गुरुवार तड़के उस समय हड़कंप मच गया, जब सुबह करीब 3:30 बजे इनकमिंग फीडर में अचानक जोरदार धमाका हुआ और देखते ही देखते आग भड़क उठी। विस्फोट की आवाज सुनते ही मौके पर मौजूद विद्युतकर्मियों ने तुरंत अधिकारियों और फायर ब्रिगेड को सूचना दी तथा बिजली सप्लाई बंद कर आग बुझाने के प्रयास शुरू कर दिए। सूचना पाते ही फायर ब्रिगेड की टीम उपकेंद्र पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग ने कई इंसुलेटर, इंस्ट्रूमेंट और अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों को नुकसान पहुंचाया।

घटना की जानकारी मिलते ही 33 केवी लाइन के अधिशासी अभियंता सुदेश शर्मा और उपखंड अधिकारी रमेश सोनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने क्षतिग्रस्त उपकरणों का निरीक्षण कर तत्काल मरम्मत कार्य शुरू कराया, जिसमें पूरा दिन लग गया। आग लगने के कारण उपकेंद्र के सभी 5 फीडर बंद हो गए, जिससे निगोहां कस्बे सहित मस्ती पुर, भगवानपुर, अघइया, शेरपुर लवल, पुरहिया, दयालपुर, रघुनाथ खेड़ा, हरिहरपुर, पटिसा समेत करीब छह दर्जन गांवों की बिजली सप्लाई ठप हो गई। अचानक बिजली गुल होने से पेयजल आपूर्ति भी बाधित हुई, जिसके चलते हजारों ग्रामीणों को दिनभर भारी परेशानी झेलनी पड़ी। अधिशासी अभियंता सुदेश शर्मा ने बताया कि उपकेंद्र में टेक्निकल फॉल्ट की वजह से आग लगी थी। ल्लइंसुलेटर व कई उपकरण क्षतिग्रस्त हुए थे। मरम्मत पूरी कर सभी फीडरों की सप्लाई सामान्य कर दी गई है,ङ्क उन्होंने कहा। विभाग ने घटना की तकनीकी जांच शुरू कर दी है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

# आयुष आधारित चिकित्सा और वेलनेस पर्यटन प्रदेश को दिला सकते हैं वैश्विक पहचान : रंजन कुमार

कैनविज टाइम्स संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के प्रमुख सचिव आयुष रंजन कुमार ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में आयुष का योगदान तेजी से बढ़ रहा है। उन्होंने समग्र चिकित्सा के विस्तार, आयुष चिकित्सा प्रोटोकॉल के मानकीकरण और नव-उत्तीर्ण आयुष डॉक्टरों की ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में अनिवार्य नियुक्ति की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आयुष आधारित चिकित्सा और वेलनेस पर्यटन को बढ़ावा देकर प्रदेश को वैश्विक स्तर पर पहचान दिलाई जा सकती है। गुरुवार को विकसित उत्तर प्रदेश अ2047 की रूपरेखा तैयार करने के उद्देश्य से हितधारक परामर्श बैठक आज योजना भवन में आयोजित की गई। प्रमुख सचिव योजना आलोक कुमार ने पर्यटन और वेलनेस सेक्टर के एकीकृत विकास पर कहा कि अयोध्या, वाराणसी और मथुरा जैसे आध्यात्मिक पर्यटन स्थलों पर वेलनेस टूरिज्म मजबूत संभावनाएँ रखता है। उन्होंने औषधीय पौधों की खेती को बढ़ावा देने और आयुष क्षेत्र में पंजीकृत योग्य चिकित्सा पेशेवरों की संख्या में वृद्धि को आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि अल्पकालिक और दीर्घकालिक रणनीतियों के तहत 2047 के लक्ष्यों को साधना होगा। प्रमुख सचिव पर्यटन अमृत अभिजात ने कहा कि दुनिया में वेलनेस पर्यटन तीव्र उछाल पर है और उत्तर प्रदेश इसमें अग्रणी बन सकता है। उन्होंने लंबी अवधि के लिए ठहरने वाले पर्यटकों को लक्षित करने, गुणवत्ता मानकों, मान्यता प्राप्त केंद्रों, ब्रांडिंग और प्रशिक्षित थेरेपिस्ट वर्क फोर्स के विकास को प्राथमिकता में शामिल करने की आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री के सलाहकार डॉ. जी.एन. सिंह ने कहा कि वैश्विक स्तर पर 15 ट्रिलियन डॉलर स्वास्थ्य सेवा पर खर्च किए जाते हैं और अब रुझान प्रकृति आधारित चिकित्सा की तरफ बढ़ रहा है। उन्होंने पीलीभीत और गोरखपुर में दो आयुष घाटियाँ विकसित करने का सुझाव दिया। उन्होंने रोगी सुरक्षा और अधिकारों को केंद्र में रखने पर जोर दिया। राज्य रूपांतरण आयोग के सीईओ मनोज कुमार सिंह ने आयुष को मानव विकास सूचकांक में सुधार से जोड़ते हुए कहा कि मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी महत्वपूर्ण कार्य है।

## कांग्रेस के विधि प्रकोष्ठ ने भंग की सभी शहर इकाईयां

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस ने विधि विभाग की पूर्व प्रदेश कार्यकारिणी, मण्डल अध्यक्ष एवं जिला/शहर की सभी इकाईयों को तत्काल प्रभाव से भंग कर दिया है। कंाग्रेस के प्रदेश मुख्यालय पर गुरुवार को विधि विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक विभाग के चेयरमैन अली आसिफ जमा रिज़वी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन विधि विभाग के प्रशासन प्रभारी श्रीलेश त्रिपाठी द्वारा किया गया। विभाग के चेयरमैन श्री रिज़वी ने कहा कि उपरोक्त सभी इकाईयों के निवर्तमान पदाधिकारीगण अगली नियुक्ति तक अपने-अपने पदों पर कार्यवाहक के रूप में कार्य करते रहेंगे एवं ही उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग की स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्यगण एवं इलाहबाद व लखनऊ खण्डपीठ के न्याय योद्धा पूर्व की भांति निरन्तर अपने दायित्वों का निर्वाहन करते रहेंगे। बैठक में सोशल मीडिया प्रभारी अमानुर रहमान एडवोकेट ने कहा कि आगामी 14 दिसंबर को दिल्ली में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में आयोजित होने वाली महारैली में प्रदेश के कांग्रेस विचारधारा से जुड़े सभी अधिवक्ता गणों को शामिल होकर महारैली को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पहुँचने के लिए निर्देशित किया गया।

# ख़तीब-ए-अकबर मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद अतहर द्वार का उद्घाटन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



लखनऊ। शहर के नक्खास पुलिस चौकी के पास ख़तीब-ए-अकबर मरहूम मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद अतहर के नाम पर तैयार किए गए ख़ूबसूरत गेट का आज शानदार उद्घाटन किया गया। इस मौके पर बड़ी तादाद में शिया उलमा, समाजसेवी और क्षेत्रीय लोग मौजूद रहे। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश के अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ़ मंत्री दानिश आज़ाद अंसारी, ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के अध्यक्ष मौलाना साएम मेहंदी नक़वी, टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फ़ज़लूल मन्नान रहमानी, शिया पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास और कई नामी शिया धर्मगुरु शामिल हुए। राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने अपने ख़िताब में कहा कि मौलाना यासूब अब्बास हमेशा नौजवानों की बेरोजगारी, क़ौमी तरक़्क़ी, वक्फ़ जायदाद की हिफ़ाज़त और मोहर्रम जुलूसों को बेहतर तरीके से चलाने से जुड़े अहम मुद्दों पर रहनुमाई करते हैं। उन्होंने कहा कि मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद अतहर साहब जैसी अज़ीज़ शख़्सियत के नाम पर बने इस शानदार गेट का उद्घाटन करना हमारे लिए फ़ख़्र की बात है। मौलाना अतहर साहब ने अपनी ख़िताबत से पूरी दुनिया में मोहब्बत, इंसानियत और भाईचारे का पैग़ाम फैलाया, जो आज भी हम सबके लिए सीख है। टीले वाली मस्जिद के इमाम मौलाना फ़ज़लूल मन्नान रहमानी ने कहा कि मरहूम मिर्ज़ा साहब के नाम पर गेट का बनना बड़ी इज़्ज़त की बात है। उन्होंने बताया कि मौलाना अतहर ने हर मज़हब और ज़ात के लोगों को मोहब्बत और एहतिराम के साथ जोड़ा, जैसे एक ख़ूबसूरत गुलदस्ता जिसमें हर रंग का फूल मौजूद हो। मौलाना यासूब अब्बास ने नगर निगम और उन सभी साथियों का शुक्रिया अदा किया जिन्होंने गेट की मंज़ूरी और तामीर में अपना पूरा सहयोग दिया। उन्होंने ख़ासतौर से पार्षद लईक़ आग़ा छनमन का तहेदिल से धन्यवाद किया कि उन्होंने उनके वालिद, अज़ीम ख़तीब मौलाना मिर्ज़ा मोहम्मद अतहर साहब के नाम से इस यादगार द्वार को बनवाया, जो आने वाली नस्लों के लिए निशानी बना रहेगा। मौलाना एजाज़ अतहर ने भी सभी मेहमानों का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि आज के इस प्रोग्राम में हर मज़हब के लोगों की मौजूदगी गंगा-जमुनी तहज़ीब का ख़ूबसूरत मंज़र पेश करती है। उन्होंने कहा कि यह गेट हमारी इसी मोहब्बत भरी रिवायत की ज़िंदा मिसाल है। इस मौके पर डॉ. मीसम मुबारक, मौलाना जाफ़र अब्बास, मौलाना रज़ा अब्बास, मौलाना इन्तिज़ाम हैदर, मौलाना मोहम्मद मुस्लिम, मौलाना शरर नक़वी, मौलाना सैय्यद फ़सी हैदर, मौलाना अली जाफ़र, मौलाना सद्फ़ जौनपुरी, शिया कॉलेज के प्रिंसिपल प्रो. शबीहे रज़ा बाक़री, प्रो. मिर्ज़ा मोहम्मद अबु तय्यब, मिर्ज़ा फिरोज़ अब्बास, नवाब कल्बे हसन, नसरैन प्राधान, हैदर अब्बास चांद, अब्बास शिराज़ी, मौलाना हसन मीरपुरी, हसन मेहंदी झब्बू, सीनियर सहाफ़ी ज़हीर मुस्तफ़ा, प्रिंस इक़बाल मिर्ज़ा, पार्षद कामरान बेग, पार्षद गुलशन, पूर्व पार्षद राजू ग़दीरी, पार्षद शफ़ीक़उर्रहमान, पार्षद पंकज पटेल, एडवोकेट शहज़ाद अब्बास और व्यापार मंडल अध्यक्ष पप्पू समेत कई सामाजिक व धार्मिक संगठन के लोग बड़ी तादाद में मौजूद रहे।


उत्तर रेलवे

खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि **26.12.2025 को 15:00 बजे** तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल ऑफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे, यदि कोई मैनुयल ऑफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | निविदा सूचना संख्या | 01282025 दिनांक 03.12.2025 |
| 2 | निविदा संख्या | 28-SrDEN-I-LKO-2025-26 |
| 3 | कार्य का नाम | सहायक मंडल अभियंता (मुख्यालय) लखनऊ के अधीन वरिष्ठ खंड अभियंता/कार्य/आलमबाग–पश्चिम के अनुभाग में आलमबाग पुलिस स्टेशन से लंगड़ा फाटक तक रेलवे रोड (कैरेज एवं वैगन वर्कशॉप रोड) के उन्नयन एवं सुधार का कार्य। |
| 4 | अनुमानित लागत | Rs. 2,48,95,733.92 |
| 5 | धरोहर राशि | Rs. 2,74,500.00 |
| 6 | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से छः माह। |
| 7 | निविदा डालने की प्रारंभ तिथि | 12.12.2025 |
| 8 | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 26.12.2025, 15:00 बजे |
| 9 | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोटः– निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है। 3748/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# राजनीतिक उदासीनता या भू माफियाओं का बोलबाला

**क्या सीतापुर हुसैनगंज प्लाई वुड फैक्ट्री की बेस कीमती जमीन पर है भूमाफियों की नजर सरकार की उदासीनता के चलते सालो से लम्बित पड़ी है जमीन**

कनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर। जिले मे एक समय कभी रोजगार की कमी पूरी करने के लिए पर्याप्त संसाधन हुआ करते थे । सीतापुर की शान सीतापुर मुख्यालय से सटा प्लाईवुड फैक्ट्री कभी एशिया में अपना दमखम रखती थी वहीं सुहागिन वनस्पति भी काफी लोगों को रोजगार मुहैया कराने में सहायक थी महोली मिल हो या कमलापुर के पास का मैग्ना मिल भी राजनीतिक शिकार ही गया ।

चुनाव के समय कई राजनीतिक लोगों के द्वारा इस बात का भी वादा किया गया कि इन बंद पड़े उद्योग को पुनः चालू कराने की बात सदन में उठायेंगे और सीतापुर में भी रोजगार के अवसर सृजित करने के प्रयास किए जाएंगे।




सरकार बदली जनप्रतिनिधि बदले लेकिन अगर कुछ नहीं बदला तो वो था सीतापुर के रोजगार की दिशा और दशा

सूत्र तो यह तक बताते है कि राजनीतिक मंशा और भूमाफियाओं का गठ जोड़ आज भी सीतापुर के विकास में बाधक बना हुआ है।सुहागिन मिल को कभी तत्कालीन जिलाधिकारी विजय शंकर पांडे द्वारा जांच में कुछ गड़बड़ पाए जाने के बाद बन्द करा दिया गया था लेकिन उसको दुबारा नहीं शुरू किया जा सका तो वही 117 बीघा में बने प्लाई वुड फैक्ट्री के बंद होने के बाद उसके कार्यरत400 से ऊपर मजदूर जो कभी इसी फैक्ट्री से अपने जीवन यापन करते थे इसमें से आज काफी मजदूर खत्म हो चुके हैं।मामला कोर्ट में गया और अभी तक कोई फैसला नहीं हुआ हैं लेकिन अब सूत्र बताते है कि सीतापुर के कुछ भूमाफिया और राजनीतिक सफ़ेदपोश इस जमीन पर अपनी निगाह गड़ाए बैठे है। इस फैक्ट्री में कार्यरत उन मजदूर परिवारों को प्रलोभन देने की कवायद में जुटे है। मजदूरो द्वारा माननीय न्यायालय में वाद दायर किया था ।सूत्र तो यहां तक बता रहे है कि इन मजदूर परिवारों से शपथपत्र भी लिए गए हैं कि जब न्यायालय द्वारा कुछ होता है तो उन परिवारों को जमीन और रूपये भी दिए जाएंगे ।अब सच्चाई कितनी इन बातों में है ये तो जांच के बाद ही पता चलेगा।लेकिन इतना जरूर साफ है कि जिनको इस फैक्ट्री की चालू कर रोजगार देने की जिम्मेदारी थी।अब वो ही इस का सौदा करने में लगे हुए हैं इस जमीन में काफी जमीन नजूल की तो कही पर शमशान की दर्ज है वहीं कही पर नॉन जेडए की भी जमीन है।

ऐसे में लोगों का कहना है अगर सरकार इस फैक्ट्री के मजदूर परिवारों को उनका हक दिलाकर खुद इस भूमि का अधिग्रहण कर इस पर सरकारी योजना के लिए कार्य करे तो शायद कभी सीतापुर के विकास के लिए ये जमीन उपयोगी

# किशोरी को भगाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को कोर्ट में पेश किया, जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया**

कनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर। जनपदीय सर्विलांस सेल और थाना पुवायां पुलिस की संयुक्त टीम ने नाबालिग किशोरी को बहला फुसलाकर भगा ले जाने तथा उसके साथ शारीरिक संबंध बनाने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

दरअसल, थाना पुवायां क्षेत्र की एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी नाबालिग पुत्री को कुछ अज्ञात लोग सफ़ेद बुलेरो से अपहरण करके ले गए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने तीन-चार अज्ञात लोगों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की और उनकी तलाश शुरू की। वहीं, एसपी ने नाबालिग की बरामदी और घटना के खुलासे के लिए थाना पुवायां पुलिस के साथ सर्विलांस सेल टीम को भी लगाया। सर्विलांस सेल टीम ने घटना के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को खंगाला और जनपद लखीमपुर-खीरी के थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांव ममरी निवासी सितारोहिन्द उर्फ शिखर पुत्र रामचन्द्र को गिरफ्तार करते हुए उसके घर से अपहृता किशोरी को सकुशल बरामद किया। किशोरी का मेडिकल कराया। मेडिकल रिपोर्ट में किशोरी के साथ शारीरिक संबंध बनाने की पुष्टि हुई जिसके बाद पुलिस ने दर्ज रिपोर्ट में पाक्सो एक्ट की बढ़ोत्तरी की। पुलिस के अनुसार, पूछताछ में किशोरी ने बताया कि वो खुद की मर्जी से आरोपी सितारोहिन्द उर्फ शिखर के साथ गई थी। फिलहाल, पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त को कोर्ट में पेश किया। जहां से पुलिस अभिरक्षा में उसे जेल भेज दिया गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में सर्विलांस सेल प्रभारी मनोज कुमार के थाना पुवायां की महिला उपनिरीक्षक साक्षी त्यागी, उपनिरीक्षक शिशुपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

# अज्ञात लिंक पर क्लिक न करें, ऑनलाइन लेन-देन में सतर्कता बरतें: एसपी सिटी

**साइबर अपराध से बचाव के लिए चलेगा जागरूकता अभियान**

कनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। एसपी राजेश द्विवेदी के निर्देशन में एसपी सिटी देवेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में साइबर अपराध रोकने के उपाय, पंजीकृत अभियोगों की विवेचना एवं निस्तारण, राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का समय से निस्तारण आदि विषयों पर गोष्ठी आयोजित हुई।




गोष्ठी में एसपी सिटी ने कहा कि साइबर अपराध से बचाव के लिए प्रत्येक थाना क्षेत्रों में लोगों को सोशल मीडिया, स्कूल-कॉलेजों एवं जनसभाओं के माध्यम से जागरूक किया जाए। जिसमें उपयोगकर्ताओं को धोखाधड़ी से बचने के लिए मजबूत पासवर्ड, दो-चरणीय प्रमाणीकरण, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने तथा ऑनलाइन लेन-देन में सतर्कता बरतने के लिए जागरूक किया जाए। उन्होंने सभी साइबर हेल्पडेस्क प्रभारियों को अभियोगों की विवेचना एवं निस्तारण के निर्देश दिए। कहा कि तकनीकी सहायता एवं विशेष टीमों के माध्यम से जांच को तेज किया जाए। ताकि अभियोगों का जल्द निस्तारण हो सके। पोर्टल पर प्राप्त सभी शिकायतों का समय से निस्तारण किया जाए और पीड़ितों को समाधान की जानकारी दी जाए। साइबर अपराध से बचने के लिए लोगों को जागरूक करें कि घटना की सूचना तत्काल हेल्पलाइन 1930 पर दें और बैंक को लेन-देन रोकने के लिए सूचित करें। जिससे धोखाधड़ी के दौरान धन की रिकवरी सुनिश्चित की जा सके। जिले के सभी थानों के साइबर हेल्पडेस्क को पूरी तरह सक्रिय रखा जाए। किसी भी साइबर अपराध की सूचना को त्वरित रूप से दर्ज करें और आवश्यक सहायता प्रदान करें। कहा कि पुलिस के साइबर सेल अधिकारियों को नवीनतम तकनीकी ज्ञान प्राप्त करने हेतु नियमित प्रशिक्षण दिया जाएगा। गोष्ठी में क्षेत्राधिकारी साइबर क्राइम सहित जनपद के सभी थानों पर गठित साइबर हेल्पडेस्क प्रभारी आदि मौजूद रहे।

# द्वादश श्री रुद्र चंडी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन

**सडीला में भव्य स्वागत समारोह और विशाल भंडारे के साथ सम्पन्न**

कनविज टाइम्स संवाददाता

सीतापुर/मछरेहटा। ग्राम पंचायत सडीला स्थित श्री मंगलेश्वर धाम पर आयोजित द्वादश श्री रुद्र चंडी महायज्ञ एवं विराट संत सम्मेलन का समापन आज अत्यंत भव्यता और आध्यात्मिक उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। अंतिम दिवस पर आयोजित भव्य स्वागत समारोह, पूर्णाहुति हवन, तथा विशाल भंडारे ने पूरे क्षेत्र में धार्मिक उत्सव जैसा माहौल बना दिया।

### भव्य स्वागत समारोह रहा आकर्षण का केंद्र

समापन अवसर पर धाम परिसर में आयोजित स्वागत समारोह में प्रमुख अतिथियों का हार एवं पटका पहनाकर स्वागत किया गया। खैराबाद नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता (बबलू भैया), ब्रह्मऋषि स्वामी विमलानंद सरस्वती जी महाराज, महंत नारायण दास जी महाराज पहला आश्रम, महंत रामसेवक रामायणी महाराज, थानाध्यक्ष प्रभात गुप्ता, दिव्यांश मिश्रा, अनमोल अवस्थी सहित सभी अतिथियों का प्रधान प्रतिनिधि भरत



अवस्थी, यज्ञाध्यक्ष आचार्य संदीप दीक्षित,तथा उपाध्यक्ष अमित दीक्षित ने स्वागत किया। मंच पर पारंपरिक शंखनाद और तालियों की गड़गड़ाहट से पूरा माहौल उत्साहपूर्ण रहा।

### पूर्णाहुति हवन के साथ सम्पन्न हुआ महायज्ञ

आचार्यों के निर्देशन में अंतिम दिवस पर पूर्णाहुति हवन, रुद्राभिषेक, और चंडी पाठ विधिवत सम्पन्न कराया गया। हवन के दौरान श्रद्धालुओं ने अपने परिवार, समाज और राष्ट्र की मंगलकामना के साथ आहुतियाँ अर्पित कीं। यज्ञ मंडप में हर-हर महादेव के जयघोष गूँजते रहे

### भव्य भंडारे में उमड़ा जनसैलाब

समापन के बाद आयोजित महाभंडारे में सडीला और आसपास के अनेक गाँवों से आए हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं और स्वयंसेवक पूर्ण निष्ठा से सेवा में लगे रहे।

### व्यवस्थाओं की सर्वत्र प्रशंसा ऽ लोग रहे उपस्थित

ग्राम पंचायत सडीला और आयोजन समिति द्वारा सुरक्षा, पेयजल, पार्किंग, प्रसाद वितरण, पांडाल व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएँ अत्यंत सुचारू रहीं। आयोजन में सुनील अवस्थी, मोहित दीक्षित, विवेक, रामू अवस्थी, महिपाल मौर्या , सकल्लू मौर्या, छत्रपाल यादव, बाबू दीक्षित, सौरभ, कैलाश, रामनरेश, शुभम, रोहित दीक्षित, दुर्गा, पीताम्बर, देवशंकर, रजनीकांत, रजत, भूरे, निशांत अवस्थी, शिवशंकर, अतुल, संतोष, छोटू, अम्बुज, पिंकुल, परमानंद यादव, रामलखन आदि लोगों की उपस्थिति और सहयोग सराहनीय रहा।

# मिठाई की दुकान पर मिलावट का आरोप, कथित पत्रकार बनकर कार्रवाई दबाने की कोशिश

कनविज टाइम्स संवाददाता

धौरहरा खीरी। धौरहरा बाजार स्थित हलवाई मंदिर के सामने चल रही एक मिठाई की दुकान अब आम लोगों की सेहत के लिए खतरे की घंटी बनती जा रही है। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक दुकान पर कथित तौर पर केमिकल युक्त मिठाइयों और नकली देसी घी का इस्तेमाल कर खुलेआम कारोबार किया जा रहा है – और हैरानी की बात यह कि शिकायतों के बावजूद ठोस कार्रवाई अब तक नहीं हो सकी।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि लंबे समय से मिलावट की शिकायतें की जा रही हैं, लेकिन हर बार मामला दबा दिया जाता है। लोगों का कहना है कि जैसे ही जांच की आहट लगती है, किसी न किसी छद्मवाड़्क के जरिए कार्रवाई ठंडे बस्ते में डाल दी जाती है।सूत्रों का दावा है कि होटल संचालक का पुत्र खुद को छ्कथित पत्रकाड़्ठ बताकर खाद्य एवं रसद विभाग पर अनुचित दबाव बनाता है, जिससे दुकान



पर कार्रवाई से बचाव होता रहा है। यह भी चर्चा है कि इसी कथित प्रभाव के कारण अब तक न तो जिम्मेदार अधिकारी खुलकर बोले हैं और न ही जनता को जांच की स्थिति से अवगत कराया गया है।सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोप है कि दुकान संचालक द्वारा हरदोई से कथित तौर पर केमिकल युक्त मिलावटी घी मंगाया जा रहा है और उसे देसी घी बताकर महंगे दामों पर बेचा जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस कथित मिलावट से बड़े स्तर पर लोगों की सेहत के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, लेकिन कथित पहचान और दबाव के चलते प्रशासनिक कार्रवाई आगे नहीं बढ़ पा रही है।सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या आम जनता की सेहत से ज्यादा किसी कथित पहचान और दबाव की कीमत है?स्थानीय लोगों ने साफ चेतावनी दी है कि यदि तत्काल जांच, सैंपलिंग और लैब टेस्ट नहीं कराए गए तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।जनता की मांग है कि जिला प्रशासन और खाद्य सुरक्षा विभाग बिना किसी दबाव केदुकान की तुरंत जांच कराए तथा मिठाइयों व घी के नमूने प्रयोगशाला भेजे और दोष सिद्ध होने पर सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित करे।अब देखने वाली बात यह होगी कि प्रशासन जनता की सेहत को प्राथमिकता देता है या कथित दबावों के आगे एक बार फिर खामोश रह जाता है।

# एफसीआई गोदाम की जांच ठंडी, अनियमितताओं पर सवाल, अधिकारी मौन

कनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। जनपद स्थित भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) गोदाम में स्टॉक, तौल और ट्रांसपोर्ट व्यवस्था में अनियमितताओं को लेकर की गई शिकायत पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई न होने से मामला तूल पकड़ता जा रहा है। शिकायतकर्ता का कहना है कि उन्होंने काफी समय पहले गोदाम से अनाज की निकासी, तौल प्रक्रिया और रिकॉर्ड संधारण में गड़बड़ियों को लेकर प्रशासन को अवगत करा दिया था, बावजूद इसके अब तक कोई जांच शुरू नहीं की गई।शिकायतकर्ता के अनुसार, गोदाम से निकलने वाले अनाज और कागजी रिकॉर्ड में अंतर की आशंका जताई गई है। तौल व्यवस्था में पारदर्शिता नहीं है और कई खेपों की गुणवत्ता को लेकर भी आपत्ति दर्ज कराई जा चुकी है। इसके अलावा ट्रक निकासी प्रक्रिया को लेकर भी सवाल खड़े किए गए हैं।शिकायतकर्ता का आरोप है कि उन्होंने ऑनलाइन शिकायत भी की थी। लेकिन इसके बावजूद प्रशासनिक स्तर पर चुप्पी बनी हुई है। इससे आम नागरिकों में रोष बढ़ रहा है और यह आशंका गहराती जा रही है कि कहीं मामला दबाने का प्रयास तो नहीं किया जा रहा।शिकायतकर्ता ने जिला प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, जांच रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए तथा दोषी पाए जाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी अनाज की सुरक्षा और पारदर्शिता बनी रहे।

# करियर मेले में उमड़े सपनों के सैलाब : सीडीओ अभिषेक कुमार ने दिखाई सफलता की राह, छात्रों में उमंग की नई लहर



लखीमपुर खीरी । राजकीय आईटीआई के ओपन ऑडिटोरियम में गुरुवार को आयोजित जनपदीय कैरियर मेला युवा उम्मीदों का केंद्र बन गया। माध्यमिक शिक्षा विभाग के तत्वावधान में आयोजित इस मेले में जिले के हाई स्कूल और इंटरमीडिएट कॉलेजों से बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं पहुंचे, जो अपने भविष्य को लेकर दिशा और विकल्प जानने को उत्सुक दिखाई दिए।कार्यक्रम की सबसे खास बात रही मुख्य अतिथि सीडीओ अभिषेक कुमार का प्रेरक और प्रभावी मार्गदर्शन, जिसे सुनने के बाद न सिर्फ छात्रों की शंकाएं दूर हुईं, बल्कि उनमें नए आत्मविश्वास का संचार भी हुआ।*अवसरों की कोई कमी नहीं, बस सही दिशा पहचानिए : सीडीओ*छात्रों को संबोधित करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने बताया कि आज का दौर अवसरों का युग है। तकनीकी शिक्षा हो, आईटी सेक्टर, प्रतियोगी परीक्षाएं, कृषि आधारित रोजगार या स्टार्टअप हर क्षेत्र में सफल होने के अपार मौके मौजूद हैं। उन्होंने कहा कि डर या दबाव में लिया गया करियर निर्णय गलत साबित होता है। लक्ष्य स्पष्ट रखें और तैयारी उसी दिशा में करें, यही सफलता की पहली सीढ़ी है। उनके इन शब्दों ने छात्रों पर गहरा असर छोड़ा और वातावरण में ऊर्जा का संचार कर दिया।*सवाल-जवाब में दिखा छात्रों का उत्साह*कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी, स्किल कोर्स की उपयोगिता, रोजगार अवसर और सरकारी योजनाओं को लेकर सवाल पूछे। सीडीओ ने सभी प्रश्नों के सरल और व्यवहारिक उत्तर दिए, जिससे छात्रों का आत्मविश्वास बढ़ा। कई छात्रों ने कहा कि पहली बार करियर की चिंता कम और दिशा ज्यादा साफ महसूस हुई।इस कार्यक्रम में पीडी एसएन चौरसिया, डीआईओएस विनोद कुमार मिश्र, डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद कुमार रावत, आईटीआई प्रधानाचार्य, जीआईसी प्रधानाचार्य डॉ जगत प्रकाश सिंह सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसमें जिले के सभी 55 राजकीय माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थी, नोडल शिक्षक एवं प्रधानाचार्य मौजूद रहे।

# डीसी मनरेगा ने ब्लॉक परिसर में कि समीक्षा बैठक

सकरन, सीतापुर। डीसी मनरेगा ने ब्लॉक परिसर में कर्मचारियों के साथ समीक्षा बैठक कर विकास कार्यों की जानकारी ली उसके बाद उन्होंने गोशाला का निरीक्षण किया।विकास खण्ड सकरन में बृहस्पतिवार को डीएम के निर्देश पर डीसी मनरेगा चंदन देव पांडेय ने ब्लॉक कर्मियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों की समीक्षा की उसके बाद उन्होंने सकरन खुर्द गोशाला का स्थलीय निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने गोवंशों को ठंड से बचाने के लिए अलाव जलवाने व बोरी उढ़ाने की बात कही ग्राम पंचायतों जमालपुर, नसीरपुर, बेलवा बसहिया, कुण्डी, इस्माइल पुर, बेलवा, अमिरती, अदवारी, नसीरपुर, रसूलपुर, धरमपुर,मोहारी, काजीपुर, उमराकला में मनरेगा में लगाई जा रही फर्जी हाजिरी के बारे में उन्होंने बताया कि इस प्रकार की शिकायतें मिल रही हैं जिनकी जाँच कर संबंधित लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी कुछ ग्राम पंचायतों जैसे मोहारी, उमराकला व उमरा खुर्द में बगैर कार्य के ही भुगतान कराए जाने के मामले में उन्होंने कार्रवाई किए जाने की बात कही बताया उन्होंने ब्लॉक के सभी कर्मचारियों को विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए इस मौके पर खंड विकास अधिकारी श्रीश कुमार गुप्ता, अवर अभियंता सुभाष चंद्र वर्मा, एपीओ विकास श्रीवास्तव, लिपिक रामकिशोर मिश्रा के अलावा ब्लॉक के सचिव, टीए व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को मिलेगा मोबाइल व नकद इनाम

शाहजहांपुर। जिलाधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह ने जनपद में चल रहे विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए एक बार फिर उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित करने की घोषणा की है। जिलाधिकारी ने इससे पहले भी बेहतर कार्य करने वाले बीएलओ को मोबाइल फोन एवं नकद इनाम देकर प्रोत्साहित किया था। इसी क्रम में जिलाधिकारी ने 04 दिसंबर को फ़ेसबुक लाइव के माध्यम से 30 नवम्बर तक शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण करने वाले चयनित बीएलओ के नामों की घोषणा लॉटरी के माध्यम से की है। डीएम ने बताया कि 30 नवम्बर तक कुल 712 बीएलओ ने अपना कार्य शत-प्रतिशत पूर्ण किया है। जिनमें से 20 बीएलओ को एंड्रॉयड फोन और प्रत्येक विधानसभा से 10 बीएलओ को 02 हजार रुपए नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

# क्षतिग्रस्त सड़कों व डिवाइडरों की मरम्मत को लेकर सौंपा ज्ञापन



कनविज टाइम्स संवाददाता

शाहजहांपुर। भारतीय युवा चेतना मंच ने जनपद की जर्जर सड़कों और क्षतिग्रस्त डिवाइडरों की मरम्मत की मांग को लेकर एडीएम प्रशासन रजनीश मिश्रा को ज्ञापन सौंपा। संस्था के अध्यक्ष नरेंद्र त्यागी ने बताया कि रोजा अड्डा पर डिवाइडर बहुत ही क्षतिग्रस्त है, जिसमें कई स्थानों पर सरिए बाहर निकले हुए हैं, जो राहगीरों के लिए खतरा बने हुए हैं।

इसके अलावा जनपद की कई सड़कों पर डिवाइडर हैं, जिनकी मरम्मत व रेडियम पेन्ट किए जाने की आवश्यकता है। कहा कि आने वाले दिनों में कोहरे का मौसम शुरू होने वाला है, ऐसे में बिना रेडियम पेन्ट वाले टूटे डिवाइडर दुर्घटनाओं की संभावना को और बढ़ा सकते हैं। नरेन्द्र त्यागी ने बताया कि संस्था ने जिलाधिकारी को संबोधित दिए गए ज्ञापन में शहर के विभिन्न स्थानों पर बने क्षतिग्रस्त डिवाइडरों की तत्काल मरम्मत व रेडियम पेंट करवाने की मांग की गई है। इस दौरान संस्था के प्रवक्ता प्रदीप मिश्रा, योगेन्द्र किशन त्यागी, नीरज पाठक, सदानन्द अग्निहोत्री, अंचल दीक्षित, चन्दा, गोपाल दीक्षित, पुष्पेन्द्र सिंह, मुकेश सिंह, मयंक मिश्रा, चिन्मय, प्रणव आदि मौजूद रहे।

# खीरी में खुशियों का संगम : 100 जोड़ों ने लिए सात फ़ेरे, सामूहिक विवाह योजना में जिला बना अव्वल

**सीडीओ की पहल रंग लाई, अनुपस्थित जोड़ों की जगह नए पात्रों को मौका-फूलों की बारिश में महके दाम्पत्य के सपने**

कनविज टाइम्स संवाददाता

लखीमपुर खीरी। खीरी में गुरुवार का दिन खुशियों से सराबोर रहा। रामापुर स्थित मंच पर उस समय भावनाओं का सैलाब उमड़ पड़ा, जब 100 जोड़ों ने सात फ़ेरे लेकर नई जिंदगी की शुरुआत की। जिला प्रशासन की सतत कोशिशों का परिणाम रहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में जिले ने लक्ष्य पूरा कर मिसाल पेश की।सीडीओ अभिषेक कुमार की निगरानी और पहल पर पूर्व कार्यक्रमों में अनुपस्थित रहे जोड़ों के स्थान पर नए पात्र जोड़ों को शामिल किया गया। इस प्रकार 21 विकास खंडों से 99 जोड़े और नगर पंचायत धौरहरा का एक जोड़ा आज वैवाहिक मंडप तक पहुंचे और परिणय सूत्र में बंध गए। झिलमिलाती सजावट, मधुर संगीत और उत्साहपूर्ण माहौल ने कार्यक्रम की भव्यता को नई पहचान दी।*मंच से उतरकर सीडीओ ने बढ़ाया उत्साह, दुल्हनें हुईं भावुक*सीडीओ अभिषेक कुमार जब मंच से उतरकर दूल्हा-दुल्हन से मिलने पहुंचे, तो माहौल में एक अपनापन घुल गया। उन्होंने हर जोड़े से परिचय पूछा, आशीर्वाद दिया और कहा आज की यह खुशी केवल इन परिवारों की नहीं, पूरे जिले की है। साथ में मौजूद पीडी एसएन चौरसिया, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, समाज कल्याण अधिकारी वंदना सिंह सबने मिलकर उपहार-शगुन किट और प्रमाण पत्र दिए।फूलों की बारिश में कई



दुल्हनें भावुक हो उठीं, और कुछ ने मुस्कुराते हुए अपने दूल्हे की ओर देखा-मानो कह रही हों, हमारा सफर अब शुरू हुआ है3*गरीब परिवारों की बेटियों के लिए बड़ा सहारा है यह योजना - सीडीओ*सीडीओ अभिषेक कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवारों की बेटियों के लिए सचमुच वरदान साबित हो रही है। उन्होंने इसे आनंद और खुशियों का अद्भुत अवसर बताते हुए कहा कि योजना के तहत दांपत्य जीवन की शुरुआत के लिए 60 हजार रुपये की राशि सीधे कन्या के बैंक खाते में भेजी जा रही है। कहा कि एक साथ शादी में समय निकालना कठिन होता है, लेकिन आज का यह भव्य आयोजन ऐसा अवसर है, जहां जनप्रतिनिधि, अधिकारी मिलकर सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद दे रहे हैं।

# उझानी कोतवाली क्षेत्र के युवकों ने दिया हत्या की वारदात को अंजाम

**ट्रांसपोर्टर के बच्चे के अपहरण के लिए बुक की थी कैब लेकिन ड्राइवर का महंगा मोबाईल देख हुई नीयत ख़राब**

**आरोपियों ने बताया कि वे दिल्ली के नजफगढ़ लक्ष्मी विहार कालोनी में मनफूल फौजी के घर किराये पर कमरा लेकर मजदूरी करते थे**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। गाजियाबाद से हत्या कर फरार हुए दो आरोपियों में उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव नरऊ निवासी गोविंद पुत्र जगदीश और सनी पुत्र सर्वेश को गाजियाबाद की विजयनगर थाने की पुलिस ने गिरफ्तार कर घटना का खुलासा कर दिया है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

गाजियाबाद के एसीपी रितेश त्रिपाठी के अनुसार पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे दिल्ली के नजफगढ़ लक्ष्मी विहार कालोनी में मनफूल फौजी के घर किराये पर कमरा लेकर मजदूरी करते थे। इसी दौरान उनकी नजर एक धनाढ्य ट्रांसपोर्टर विपुल कुमार के 11 वर्षीय बेटे अंश पर पड़ी और दोनों ने उसके अपहरण की योजना बनाई। योजना को अमलीजामा पहनाने को उन्होंने कार के लिए कैब 3200 रूपये में अलीगढ़ के लिए बुक की ,कार चालक हरिराम पोद्दार 45 निवासी नजफगढ़ लेकर आया ऐसे अपहरण की योजना हुई नाकाम। 20 नवंबर को दोनों आरोपी हरिराम की कार में सवार होकर अलीगढ़ जाने का बहाना बनाकर निकले। विजयनगर टी प्वाइंट पर उन्होंने चालक हरिराम की रस्सी से गला घोटकर हत्या कर दी और शव को पिछली सीट के नीचे छिपाकर अंश के अपहरण के इरादे से लक्ष्मी विहार पहुंचे। लेकिन बच्चा उस दिन स्कूल नहीं आया, जिससे उनकी योजना नाकाम हो गई। इसके बाद दोनों आरोपी गाजियाबाद लौटे और डीएमई स्थित अंतरिक्ष बिल्डिंग के सामने कार समेत शव को वहीं छोड़कर फरार हो गए थे। 20 नवंबर को विजयनगर पुलिस ने कार व हरिराम के शव को बरामद किया , दिन-दहाड़े हुए हत्या से पुलिस भी सकते में आ गई। मृतक के बेटे संजय की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर जांच में जुट गई। मृतक के मोबाइल की लोकेशन से पकड़े गये दोनों। पुरानी कहावत है लालच बुरी बला है। गोविंद को मृतक चालक हरिराम का कीमती मोबाइल साथ ले जाना मंहगा पडा, फ़ंस से बंद व खुलने वाले मोबाइल को गोविंद बंद ना कर सका और पुलिस मोबाइल की लोकेशन ट्रेस कर, व सीसीटीवी फुटेज से अपराधियों तक पहुंच गई। गोविन्द को दिल्ली वही सनी को कासगंज से गिरफ्तार किया गया जब वह परिवार की महिलाओं संग गांव आ रहा था। मगर गाजियाबाद पुलिस ने दोनों को गाजियाबाद से ही गिरफ्तारी दिखाई है। दोनों के परिवार वालों का कहना है कि दोनों को झूठा फंसाया गया है,आज जानकारी होने पर परिवार के सदस्य गाजियाबाद को रवाना हो गये है।

# रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री ने अस्पताल में मरीजों का लिया हाल

**उन्होंने अस्पताल में भर्ती कर्मचारियों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली, साथ ही उपचार में आ रही संभावित समस्याओं पर भी चर्चा की**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोरखपुर। पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ के महामंत्री और एनएफआईआर (NFIR) के सहायक महामंत्री, श्री विनोद कुमार राय जी ने आज दिनांक 4 दिसंबर, 2025 को अपने सहयोगियों के साथ ललित नारायण मिश्र रेलवे चिकित्सालय, गोरखपुर गए।

इस दौरान, उन्होंने अस्पताल में भर्ती कर्मचारियों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली, साथ ही उपचार में आ रही संभावित समस्याओं पर भी चर्चा की।अस्पताल में सफाई और दवा वितरण प्रणाली को देखा गया। देखा गया कि दवा वितरण कक्ष के पास बाहरी (आउटडोर) बाथरूम की स्थिति काफी खराब थी, नाले गंदगी से भरे हुए थे, और गंदा पानी ओवरफ्लो होकर अंदर आ रहा था।इन समस्याओं के संबंध में, श्री राय और प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी से मुलाकात की। चर्चा के मुख्य बिंदुओं में अस्पताल की स्वच्छता में सुधार, दवा वितरण को सुगम बनाना और कई महीनों से निर्माणाधीन नई ओपीडी (ग्ब्क) विंग के कार्य को जल्द से जल्द पूरा कराना शामिल था, ताकि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान हो सके। सामग्री की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए, निर्माण कार्य पर भी जोर दिया गया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने प्रतिनिधिमंडल को सकारात्मक आश्वासन दिया और संबंधित कर्मचारियों को इन कमियों को तुरंत दूर करने के निर्देश दिए। अस्पताल और नालों की सफाई के संबंध में उप मुख्य क्षेत्र प्रबंधक से भी बात की गईइस अवसर पर उपस्थित वरिष्ठ पदाधिकारियों में दीपक चौधरी मंडल अध्यक्ष (यांत्रिक कारखाना) , ईश्वर चंद्र विद्यासागर, मंडल मंत्री कुलदीप मणि त्रिपाठी, सतीश श्रीवास्तव, लक्ष्मी श्रीवास्तव राकेश श्रीवास्तव धर्मेंद्र त्रिपाठी देवेश सिंह, अंशुमान पाठक, अभिषेक गुप्ता, अनिल गौतम, शुभम, राजकुमार गुप्ता वकील भागवतऔर अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# सरकारी अस्पताल में प्रसव कराने पर सुविधा शुल्क बसूलने का लगा आरोप

**पीड़ित का आरोप है कि कल सुबह प्रसव कराने के बाद बच्चेदानी में टांके लगाने के लिए ड्यूटी पर तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने उनसे एक हजार पांच सौ रुपये ले लिये**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूँ। उझानी नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में डिलिवरी के बाद इलाज के बहाने एक तीमारदार से महिला स्टाफ पर 1500 रू लेने का आरोप लगाते हुए पीड़ित ने सीएमएस को शिकायती पत्र दिया है। उन्होंने जांच के बाद कर्मचारियों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

उझानी कोतवाली क्षेत्र के गांव पीरनगर निवासी सुमित शर्मा ने आरोप लगाते हुए बताया कि वह अपनी भाभी नीतू शर्मा पत्नी सुनील शर्मा का प्रसव कराने के लिए बुधवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लेकर आया। कल सुबह प्रसव कराने के बाद बच्चेदानी में टांके लगाने के लिए ड्यूटी पर तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मियों ने उनसे एक हजार पांच सौ रुपये ले लिये। जब शिकायत करी ने उक्त लेडी स्टाफ से कहा कि सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए पैसा नहीं लगता है, तो उक्त लेडी स्टाफ ने कहा कि तुम्हारी भाभी की बच्चेदानी सिलनी है व दवाइयां व धागा हमारे पास नहीं है, इसलिए आपको रुपये देने होंगे वर्ना पेशेंट को कहीं ओर ले जाओ। मजबूर होकर रूपए देने पड़े। इस मामले में चिकित्सा अधीक्षक डॉ सर्वेश कुमार ने बताया कि मरीज के तीमारदार द्वारा लिखित में शिकायती पत्र मिला है ,इसकी जांच कराते हुए उक्त महिला स्वास्थ्यकर्मी की पहचान कराने का निर्देश दिया गया है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर डिलीवरी के नाम पर किसी भी मरीज का आर्थिक शोषण नहीं होने दिया जाएगा। उसके खिलाफ कार्यवाही की जाएगी, लिए गए रूपये भी वापस कराए जाएंगे भ्रष्टाचार किसी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में जमकर मारपीट, छह लोग घायल

**चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की स्थिति को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली। थाना क्षेत्र के पूरे मेहरबान सिंह मजरे ज्योन गांव में गुरुवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों आमने-सामने आ गए, पहले दोनों पक्षों के बीच जमकर गाली गलौज हुई फिर दोनों पक्ष अमादा फौजदारी हो गए, एक दूसरे के बीच जमकर मारपीट हुई।

घटना में छह लोग घायल हो गए है, जिन्हें उन्चीकृत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र महाराजगंज ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी की स्थिति को गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। आपको बता दें कि, प्राप्त जानकारी के मुताबिक यह विवाद राजेंद्र कुमार उर्फ बजरंगी और राम भरोसे पुत्र राम आधार के बीच पिछले 10 वर्षों से 'सहन' की जमीन को लेकर चल रहा था। मामला न्यायालय में भी विचाराधीन है। गुरुवार की सुबह करीब 7: 00 बजे इसी जमीन को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी हुई, फिर देखते ही देखते झगड़ा लाठी-डंडों में तब्दील हो गया। राजेंद्र के पक्ष से उनकी पत्नी अनीता (37), बेटा अचल (16), अन्नपूर्णा (11) और राजेंद्र पुत्र छोटेलाल गंभीर रूप से घायल हो गए। इन्हें पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) में प्राथमिक उपचार दिया गया, जिसके बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं दूसरे पक्ष से राम भरोसे की पत्नी सविता और राम आधार भी घायल हुए हैं। चंदापुर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने घटना की जानकारी मिलने की पुष्टि करी है। उन्होंने बताया कि, घायलों का मेडिकल कराया गया है और सभी गंभीर घायलों को इलाज के लिए जिला अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है, विधिसंगत कार्यवाही की जाएगी।

## शराब तस्कर गिरफ्तार

शिकारपुर। कोतवाली पुलिस ने गांव करीरा रोड से गांव जमालपुर निवासी कौशल कुमार पुत्र जगबीर सिंह को 19 पव्वा देसी शराब मिस इंडिया मार्का के साथ गिरफ्तार किया है।

## जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई

शिकारपुर। थाना सलेमपुर क्षेत्र के सदरपुर गांव निवासी व्यक्ति ने तीन भाइयों समेत चार लोगों से जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है। कुमेश कुमार पुत्र ब्रहम सिंह ने बताया कि उसके चाचा के पुत्र गजब सिंह पुत्र मथन सिंह से संपत्ति के बंटवारे को लेकर एसीजे (जेडी) बुलंदशहर न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है। आरोपित है कि उक्त मामले में गजब सिंह फैसला करने को दबाव बना रहा है। इसी को लेकर उसने और तीन भाइयों रोहित, परवीन, कपिल कुमार पुत्र रन सिंह से पहले विवाद हो चुका है। जिस कारण उसने उसे और परिवार के लोगों को जान माल की खतरा है। पुलिस ने चारों आरोपियों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## चेयरमैन मोहम्मद याकूब की मेहनत लाई रंग, बरसों के जल भराव से नगर वासियों को मिलेगी निजात

मुरादाबाद । मंगलवार को नगर पंचायत पाकबड़ा में हाईवे किनारे बने नाले का पुनर्निर्माण शुरू हो गया है, जिससे नगरवासियों को जल भराव की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है। चेयरमैन मोहम्मद याकूब के प्रयासों से यह संभव हो पाया है, जिन्होंने लगातार इस मुद्दे पर काम किया और संबंधित विभाग, आला अधिकारियों को लगातार अवगत कराया। नाला जेडएसटी धर्म कांटे से पेट्रोल पम्प की ओर जाता है, जिससे बीएसएनएल टावर के आस पास हाइवे के सर्विस रोड पर पिछले एक दशक से जल भराव होने के कारण नगरवासियों व राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। चेयरमैन मोहम्मद याकूब के लगातार प्रयासों से नगर खुशहाली की तरफ बढ़ रहा है।नगर के लिये यह एक बड़ी सफलता है, बताया जाता है कि एनएचआई द्वारा नाला निर्माण करने के बाद से ही नाले का बहाव सही न होने के कारण जल भराव से नगर को जूझना पड़ रहा था, लेकिन चेयरमैन मोहम्मद याकूब की कड़ी मेहनत व लगन से यह संभव हो पाया है। नाले का पुनर्निर्माण कराया जा रहा है, जिससे नगरवासियों को जल भराव की समस्या से निजात मिलने की उम्मीद है।

## अवैध खनन करते जेसीबी पकड़ा, सीज

सम्भल , बहजोई। तहसील सम्भल के ग्राम रातुपुरा में खनन निरीक्षक शिवम कुमार द्वारा मिट्टी का अवैध खनन करते हुए एक जेसीबी को पकड़ा उक्त जेसीबी द्वारा बिना विनियमन शुल्क जमा किए हुए एक भट्टे में मिट्टी का खनन कर ईंट पलोथन का कार्य किया जा रहा था। खनन निरीक्षक द्वारा जेसीबी को पकड़ कर मढ़न पुलिस चौकी थाना असमोली में सुपुर्द किया गया। मुरादाबाद से मनौटा पुल के बीच मंसूरपुर चौकी के समीप राजस्व विभाग से तहसीलदार सम्भल तथा एआरटीओ अमिताभ चतुर्वेदी एवं खनन निरीक्षक शिवम कुमार द्वारा उप खनिज का मानक के विपरीत परिवहन करते हुए तीन वाहनों को पकड़ कर थाना असमोली में सुपुर्द किया गया।

## युवक पर दबंगों का हमला, गंभीर रूप से घायल

बदायूँ। थाना हजरतपुर क्षेत्र के गांव बदन नबादा निवासी करन पुत्र पोसाकी पर बीती रात उस समय दबंगों ने हमला कर दिया, जब वह खेत में खड़ी गेहूं की फसल की रखवाली कर रहा था। हमला इतना अचानक और भीषण था कि करन गंभीर रूप से घायल हो गया। पीड़ित के सिर पर गहरी चोट आई है तथा शरीर के कई हिस्सों पर चोटों के निशान पाए गए हैं। घटना के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने तत्काल उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने उसकी हालत नाजुक बताते हुए अभी भी बेहोशी की अवस्था में भर्ती कर उपचार शुरू कर दिया है। घटना की सूचना पुलिस को दे दी गई है। ग्रामीणों ने दबंगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। हालांकि पुलिस ने अभी तक किसी हमलावर को गिरफ्तार नहीं किया है इससे पीड़ित के परिजनों में खौफ का माहौल बना हुआ है।

## दवाई के पर्चे चुराने वाला नहीं था कोई इंसान

बदायूँ। बिल्सी के एक अस्पताल में कई दिनों से लगातार दवाइयों के पर्चे चोरी हो रहे थे। लेकिन चोर कौन है, इसका पता वहां का स्टाफ नहीं लगा पा रहा था। जिसके वजह से उन्हें अक्सर डॉक्टर की फटकार सुननी पड़ती थी। स्टाफ खुद को बेकसूर बताता है और चोरी में शामिल होने से इनकार कर करता है। जब डॉक्टर को असली चोर का पता नहीं चला तो उन्होंने केबिन में सीसीटीवी लगवा दिया। जब फुटेज चेक की गई तो सबके पैरों से जमीन खिसक गई। दवाइयों की पर्ची चोरी करने वाला कोई इंसान नहीं बल्कि वो एक नॉटी चूहा था। जिसने सबकी नींद उड़ा रखी थी। इस चूहे की चोरी का एक यूनीक स्टाइल था। वह डॉक्टर के केबिन में हर रोज सुबह सिर्फ 04 बजे बजे चोरी करता था। यह पूरा मामला बिल्सी नगर के गायत्री अस्पताल की है। यह अजीब तरह की घटना पूरे बिल्सी तहसील क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है।

## कटिना लोहाटेर रोड पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर, युवक घायल

बदायूं। कादरचौक थाना क्षेत्र में 03 दिसंबर 2025 को कटिना, लोहाटेर रोड पर दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने हुई तेज टक्कर में ग्राम कचौरा निवासी अंकित यादव पुत्र महेश गंभीर रूप से घायल हो गया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टक्कर लगते ही अंकित मोटर साइकिल से उछल कर दूर जा गिरा और तुरंत ही बेहोश हो गया घटना स्थल पर पहुंचे परिजन उसे बेहोशी की हालत में जिला अस्पताल लेकर पहुंचे डाक्टरों के इलाज के दो घंटे बाद उसे होश आया अंकित का आरोप है कि उसकी बेहोशी का फायदा उठाकर घटना स्थल पर परिजनों से पहले इकट्ठे हुए लोगों में से किसी ने उसकी जेब में रखे 10000 रुपये बजी निकाल लिए अस्पताल में अभी भी अंकित का इलाज हजारी है पुलिस घटना स्थल के समीप के लोगों से मिलकर मामले की जांच कर रही है।

## बाबा बबुरिहा मैदान में चल रहे महराजगंज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता शुभारम्भ

रायबरेली। बाबा बबुरिहा मैदान में चल रहे महराजगंज प्रीमियर लीग क्रिकेट प्रतियोगिता का आज एक मैच खेला गया।मैच 12 ओवर का था।मैच क्रिसबॉक्स 11 और पूरे गुलाब सिंह क्रिकेट क्लब की टीम के बीच खेला गया। टॉस जीतकर क्रिसबॉक्स 11 की टीम ने बल्लेबाजी करने का फैसला लिया।बल्लेबाजी करने उतरी क्रिसबॉक्स की टीम ने 12 ओवर में 140 रन बनाए।इस दौरान निखिल ने बेहतरीन बल्लेबाजी कर 84 रन बनाए। फिर बल्लेबाजी करने उतरी पूरे गुलाब सिंह की टीम ने 11 ओवर में मैच जीत लिया। मैन ऑफ द मैच रहे सैंडी ने 58 रन की बेहतरीन पारी खेल अपनी टीम को जिताया। इस मौके पर अर्पित तिवारी ,अमन मिश्रा,ऋषभ वर्मा,वाहिद अली,राजमणि सिंह,अर्पित वर्मा,समीर,अंश जयसवाल भी मौजूद रहे।

# दिल्ली एम्स में सातवां स्थान हासिल करने पर राबिया को समाजसेविका आशा गुप्ता ने किया सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। युवा मंच संगठन मार्गदर्शिका वरिष्ठ समाजसेविका आशा गुप्ता के द्वारा बहन राबिया अंसारी पुत्री जनाब जहीर अहमद निवासी नगर पंचायत उसहैत को केजीएमयू लखनऊ की तकनीकी अधिकारी नेत्र विज्ञान परीक्षा में प्रदेश में द्वितीय स्थान तथा राष्ट्रीय स्तर पर एम्स दिल्ली में सातवां स्थान प्राप्त करने पर नगर पंचायत उसहैत अपने परिवार और समाज का नाम रोशन किया है।

इस मौके पर आपकी युवा मंच संगठन के संस्थापक ध्रुव देव गुप्ता और मोटिवेशनल स्पीकर/शिक्षाविद कमरान रोशन के सयुक्त रूप से कहा कि यह उपलब्धि न केवल राबिया की मेहनत ईमानदारी और दृढ़ संकल्प का परिणाम है और बल्कि यह हमारे जिले की बालिकाओं व युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है सभी को इन पर पर गर्व है।ध्रुव देव गुप्ता मनु राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा मंच संगठन ने बताया कि समाजसेविका आशा गुप्ता राबिया अंसारी को सम्मान पत्र एहतिराम-नामा से सम्मानित करते हुए कहा कि नगर की बेटी ने प्रदेश में सर्वोच्च स्थान पाकर इतिहास रचा है जिले की छात्र छात्राओं के उत्साह में वृद्धि होगी हम होनहार बेटी की उज्जवल भविष्य की कामना करते है।इस अवसर पर प्रसिद्ध मोटिवेशनल स्पीकर कामरान रोशन के साथ पुष्पेंद्र श्रीवास्तव, श्यामू गुप्ता, अखलाक अंसारी आदि उपस्थित रहे ।

## भूमि पर कब्जा करने के प्रयास का आरोप लगाया

शिकारपुर। अहमदगढ़ थाना क्षेत्र के गांव डोमला हसनगढ़ में एक व्यक्ति द्वारा अपनी भूमि पर एक व्यक्ति द्वारा कब्जा करने के प्रयास करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया गया है। अजीत सिंह पुत्र रिशिपाल सिंह ने बताया कि उसकी आबादी के पास जमीन है। जमीन पर उसके द्वारा बाउंड्री वॉल करी हुई है। जयप्रकाश पुत्र श्योराज सिंह द्वारा बाउंड्री वॉल को उखाड़ने की बात कहते हुए सीमेंट का पिलर तोड़ दिया गया। जिससे भूमि पर कब्जा कर सके। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज किया है।

# बदायूं के डायट परिसर में साइबर क्राइम जागरूकता अभियान की पाठशाला आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बदायूं। जिले के डायट परिसर में आज साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों को देखते हुए साइबर क्राइम जागरूकता अभियान की विशेष पाठशाला आयोजित की गई। कार्यक्रम में विशेषज्ञों द्वारा विद्यार्थियों, प्रशिक्षुओं और स्टाफ को ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी फ्रॉड, सोशल मीडिया हैकिंग एवं डिजिटल सुरक्षा से जुड़े आवश्यक उपायों की विस्तृत जानकारी दी गई।

सत्र के दौरान प्रतिभागियों को बताया गया कि किस प्रकार साइबर अपराधी बैंक खातों, सोशल मीडिया प्रोफाइलों और डिजिटल पेमेंट ऐप्स को निशाना बनाते हैं। साथ ही, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 और राष्ट्रीय साइबर अपराध पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की प्रक्रिया भी समझाई गई। कार्यक्रम में प्रशिक्षकों ने मजबूत पासवर्ड इस्तेमाल, दो-स्तरीय सुरक्षा (2FA), अंजान लिंक न खोलने, और निजी जानकारी साझा न करने जैसे महत्वपूर्ण सुझाव दिए। अंत में सभी को डिजिटल दुनिया में सजग रहने तथा दूसरों को भी साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया गया। अंत में कार्यक्रम अध्यक्ष/प्राचार्य डायट ब्रजेश कुमार ने सभी प्रशिक्षकों का आभार व्यक्त किया और प्रशिक्षु अध्यापक/अध्यापिकाओं को साइबर क्राइम टीम द्वारा बताये गए निर्देशों का पालन करने को कहा।

## पाली हाउस सत्यापन, उच्च गुणवत्ता वाली सब्जी उत्पादन को मिलेगा बढ़ावा



रायबरेली। जिला उद्यान अधिकारी जयराम वर्मा ने बताया है कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजना के अंतर्गत जिले के विकास खंड बछरावां स्थित ग्राम सुदौली में कृषक नृपेंद्र प्रताप राज सिंह के प्रक्षेत्र पर 2000 वर्गमीटर क्षेत्रफल में निर्मित पाली हाउस का सत्यापन उपनिदेशक उद्यान, लखनऊ मंडल की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा किया गया।पाली हाउस निर्माण पर कुल लागत 21.60 लाख व्यय की गई है, जिसमें योजना प्रावधान के अनुसार इकाई लागत का 50% अर्थात ?10.80 लाख का अनुदान देय होगा। इस पाली हाउस में आधुनिक तकनीक के माध्यम से टमाटर की उच्च गुणवत्ता वाली खेती की जा रही है, जिससे उत्पादन वृद्धि के साथ ही किसानों की आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोत्तरी की संभावना है।

# चोरी किए गए रूपयों के साथ जेबकतरा गिरफ्तार

**पकड़ा गया अभियुक्त थाना जलालाबाद क्षेत्र के बारह पत्थर चैराहे के पास रहने वाला सर्वेश पुत्र सुरेश है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



शाहजहांपुर । एसओजी, सर्विलांस सेल और थाना पुवायां पुलिस की संयुक्त टीम ने चोरी किए गए रुपयों के साथ एक जेबकतरे को गिरफ्तार किया है। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने तमंचा-कारतूस, चोरी किए गए रूपए और पीड़ित का आधार कार्ड भी बरामद किया है।

पकड़ा गया अभियुक्त थाना जलालाबाद क्षेत्र के बारह पत्थर चैराहे के पास रहने वाला सर्वेश पुत्र सुरेश है। दरअसल, बीती 23 नवंबर को पुवायां थाना क्षेत्र के हरनगला निवासी एक व्यक्ति ने पुलिस को तहरीर देकर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वो मोपेड से बड़ागांव जा रहा था। इसी दौरान दो लोगों ने उससे लिफ्ट मांगी और रास्ते में बड़ागांव से पहले पुलिया पर वो दोनों उतर गए। उसने आगे चलकर देखा कि उक्त लोगों ने उसकी पैन्ट की जेब काटकर उसमें रखे 15 हजार रुपए निकाल लिए थे, उसने पुलिया के पास उन दोनों को तलाश किया, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की और उनकी तलाश शुरू की। इसी क्रम में बीती रात पुलिस ने मुखबिर से सूचना पर दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल बड़ा गांव में चेकिंग अभियान चलाया और मोटरसाइकिल से आते हुए दो लोगों को रोकने का प्रयास किया, तो मोटरसाइकिल पर पीछे बैठा व्यक्ति गिर गया, जबकि दूसरा मोटरसाइकिल से भाग गया। जिसके कब्जे से पुलिस टीम ने एक तमंचा-कारतूस, आधार कार्ड व 3450 रुपए बरामद किए। पुलिस पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम सर्वेश बताया। बताया कि उसने अपने साथी थाना कोतवाली क्षेत्र के अजीजगंज निवासी शनि उर्फ हऊआ के साथ मोपेड चालक की जेब काटी थी और पीछे मोटर साइकिल से आर रहे सोनू पुत्र मुन्नालाल के साथ भाग गए थे। इसके अलावा निगोही और जलालाबाद में भी ई-रिक्शा और टैम्पो में बैठकर लोगों की जेब काटी थी और आपस में रूपये बांट लिए थे। बताया कि आज सोनू के साथ यहां घटना को अंजाम देने आए थे। सोनू मोटर साइकिल से भाग और वो पकड़ा गया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए अभियुक्त सर्वेश को जेल भेज दिया है और अभियुक्त सोनू की तलाश की जा रही है। वहीं, बुधवार को जलालाबाद पुलिस ने खुलासा करते हुए अभियुक्त शनि उर्फ हउआ को जेल भेज चुकी है।

# डीएम ने की निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक, अधिकारियों को दिये निर्देश

**जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोण्डा। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्य क्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न विभागों एवं कार्यदायी संस्थाओं के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में माध्यमिक शिक्षा विभाग,बेसिक शिक्षा विभाग, सिंचाई विभाग, आईटीआई,कृषि विभाग, पर्यटन विभाग,उद्योग विभाग, पशुपालन विभाग,स्वास्थ्य विभाग,तथा सरयू नहर कॉलोनी आवास निर्माण सहित अने क विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपद में संचालित सभी निर्माणाधीन परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करना तथा कार्यों में तेज़ी लाने के लिए दिशा-निर्देश जारी करना रहा।

बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि निर्माण कार्यों में अनावश्यक विलंब किसी भी दशा में स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों और कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि व र्तमान में चल रही परियोजनाओं में कार्य की गति बढ़ाई जाए और निर्धारित समयसीमा के भीतर सभी कार्य पूर्ण किए जाएँ। उन्होंने कहा कि देरी होने पर न केवल जनहित प्रभावित होता है,बल्कि शासन की प्राथमिकताओं के अनु रूप कार्य निष्पादन भी बाधित होता है, इसलि ए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी व तत्परता से करें। जिलाधिकारी तथा मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक में कार्य दायी संस्थाओं के प्रति कड़ा रुख अपनाते हुए निर्देश दिया कि आगामी बैठकों में संबंधित सं स्था के प्रोजेक्ट मैनेजर या एक्सईएन स्वयं उप स्थित रहें,किसी भी प्रकार की अनुपस्थिति या लापरवाही पर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।उन्होंने कहा कि निरीक्षण के दौरान य दि किसी परियोजना में गुणवत्ता या प्रगति से संबंधित कमी पाई जाती है तो संबंधित अधि कारी एवं कार्यदायी संस्था पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी विभाग अपनी प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करें तथा कार्यस्थलों पर सुरक्षा मानकों, गुणवत्ता नियंत्रण और पारदर्शिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि विभागीय समन्वय को मजबूत किया जाए ताकि किसी भी स्तर पर संवादहीनता के कारण कार्यों में बाधा न उत्पन्न हो। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद में विकास कार्य शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि वे निर्धारित समयसीमा में गुणवत्ता पूर्ण निर्माण कार्य सुनिश्चित करें और जनहित में बेहतर परिणाम प्रस्तुत करें।समीक्षा बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थिति रहने पर प्रो जेक्ट मैनेजर सिडको का वेतन रोकने के निर्देश दिये हैं,बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अंकि ता जैन,डीएसटीओ एनके सिंह, अरुण कुमार सिंह,बेसिक शिक्षा अधिकारी ,डिप्टी सीवीओ, एसीएमओ, उपनिदेशक कृषि प्रेम कुमार ठाकुर, जिला उद्योग अधिकारी बाबूराम,प्राचार्य आईटीआई,सिंचाई विभाग,लोक निर्माण विभाग सहि त अन्य सभी संबंधित विभागों के अधिकारीग ण उपस्थित रहे।

# व्यापारी नितिन मिश्रा की हत्या में शामिल सात दिन बाद भी तीन आरोपी फरार

**सफारी से कुचलकर दोस्त को ही आरोपियों ने मार डाला था पुलिस ने बीस से अधिक ठिकानों पर की छापेमारी**

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोंडा। जिले के नगर कोतवाली क्षेत्र में एक 27 वर्षीय व्यापारी नितिन मिश्रा की हत्या के माम ले में सात दिन बाद भी तीन आरोपी फरार हैं। बुधवार 26 नवंबर की देर रात दोस्तों ने ही स फारी गाड़ी से कुचलकर नितिन की हत्या कर दी थी।इस मामले में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

यह घटना नगर कोतवाली क्षेत्र के रानीजोत गांव में हुई थी जानकारी के अनुसार,26 नवंबर की रात शराब के नशे में धुत दोस्तों ने व्यापारी नितिन मिश्रा की हत्या कर दी थी।आरोपियों ने अतुल पांडेय की सफारी गाड़ी से नितिन को कुचला था। मृत क नितिन मिश्रा के पिता शंकर दयाल मिश्रा ने नगर कोतवाली में कई लोगों के खिलाफ अज्ञा त में मुकदमा दर्ज कराया था।पुलिस ने 29 नवं बर को सीतापुर निवासी



अभय तिवारी,गोंडा नि वासी अतुल पांडे व अंशुमान सिंह को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था,हालांकि वैभव दुबे,विवेक पांडे और सुल्तानपुर निवासी ऋषभ उर्फ रोहित सिंह जो लखनऊ में रहता है अभी भी फरार हैं इनकी गिरफ्तारी के लिए नगर को तवाली पुलिस ने बीस से अधिक स्थानों पर छा पेमारी की है।गोंडा से लेकर लखनऊ तक चार पुलिस टीमें लगातार दबिश दे रही हैं। आरोपी लगातार अपने मोबाइल नंबर बंद कर अलग-अलग ठिकानों पर छिप रहे हैं,जिससे पुलिस को अभी तक सफलता नहीं मिली है। मृतक नितिन मिश्रा के पिता शंकर दयाल मिश्रा ने पु लिस से मांग की है कि जो आरोपी फरार चल रहे हैं उनकी भी गिरफ्तारी की जाए।साथ ही साथ इस पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो इसमें और भी आरोपी शामिल है उनकी भी गिरफ्ता री की जाए। वहीं गोंडा नगर कोतवाल विवेक त्रिवेदी ने बताया कि इस पूरी घटना के खुलासे और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए नगर को तवाली पुलिस समेत चार पुलिस टीमों को लगा या गया है।

# बढ़ रहा अपराध :ईंट भट्ठे पर मुनीम की हत्या धारदार हथियार से गाल काटा

**खून से लथपथ मुनीम को अयोध्या मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया**

कैनविज टाइम्स संवाददाता




गोंडा। जिले में एक ईंट भट्ठे के ऑफिस में सो रहे मुनीम की हत्या कर दी गई।देर रात धारदार हथियार से गला रेता।गले के अलावा गाल पर काटने का गहरा घाव है।ऑफिस के बरामदे से चीखने की आवाज सुनते ही भट्ठे पर काम कर ने वाले लोग मौके पर पहुंचे।

खून से लथपथ मुनीम को अयोध्या मेडिकल कॉलेज लेकर पहुंचे, जहां पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वारदात छपिया थाना क्षेत्र के साबरपुर गांव में बीती रात करीब एक बजे की है।घटना की सू चना मिलते ही मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत, सीओ मनकापुर और थाना अध्यक्ष छपिया द्वारा पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया।साथ ही साथ मृतक राम स जीवन वर्मा का अयोध्या में ही पोस्टमॉर्टम करा या जा रहा है।अयोध्या के गोसाईगंज थाना क्षेत्र के अमसिन दहलवा गांव के राम सजीवन वर्मा (40) गोंडा में पवन मार्का ईंट भट्टे पर मुनीम का काम करते थे भट्ठा मालिक मामा काशी राम वर्मा ने बताया कि वारदात रात बारह से एक बजे के बीच की है।रात में यहां के बाद अ योध्या मेडिकल कॉलेज ले गए रात में इलाज के अलावा कुछ हम लोगों को दिखाई नहीं दे रहा था, इसीलिए हम लोग लेकर के वहां चले गए थे।गड़ासे और बांके से गला काटकर हत्या की गई है। एक गले और एक गाल पर घाव है।ये हमारे भट्टे पर चौदह साल से काम कर रहे थे।इस दौरान कभी किसी से कोई झगड़ा विवा द भी नहीं हुआ है।दस साल पहले उनकी शादी हुई थी।उनका आठ साल का एक बच्चा भी है। इनके बगल में छोटे नाम का शख्स भी सोया था लेकिन वो वारदात से अनजान है,इसलिए वारदात को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।घटना स्थल पर पहुंचे अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी मनोज कुमार रावत ने बताया- पूरे मामले की पुलिस जांच कर रही है।धारदार हथियार से उनकी हत्या की गई है। भट्ठे पर सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा है, परिजनों ने अभी किसी के ऊपर कोई आरोप भी नहीं लगाया है। पुलिस भट्ठे पर काम करने वाले लोगों से पूछताछ कर रही है।

# कुएं में मिली युवक की लाश,परिजनों ने हत्या का लगाया आरोप

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गोंडा। जिले में युवक की हत्या कर दी गईं है उस का शव खेत में बने कुएं से बरामद हुआ है।गुरु वार सुबह आसपास के किसानों ने देखा तो पु लिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव कुएं से बाहर निकलवाया।मौके पर परिज नों ने जमकर हंगामा काटा आरोपी की गिरफ्ता री की मांग पर अड़े रहे।मामला करनैलगंज को त क्षेत्र के बमपुलुस मोहल्ले का है यहां के निवा सी अकबर अली उर्फ चौधरी 40 वर्षीय की ह त्या की गई है।परिजनों ने बताया कि बुधवार शाम सकरौरा निवासी एक व्यक्ति से अकबर का विवाद था।उसने हत्या करने की धमकी दी थी। परिजन उसकी गिरफ्तारी की मांग करते हुए हंगामा शुरू कर दिया।पुलिस ने किसी तर ह शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।बताया गया कि अकबर सात भाई थे। सभी मजदूरी करके जीवनयापन करते हैं,मां नूरजहां, पत्नी नगमा समेत परिवार के लोग पुलिस पर आरोपी की गिरफ्तारी पर अड़े रहे। इस दौरान पुलिस से नोंकझोंक हुई।कोतवाल नरेंद्र प्रताप राय पुलिस बल के साथ पहुंचे।परिवार को कार्र वाई का भरोसा दिलाया। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। करनैलगंज कोतवाल का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।प रिजनों की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की जा रही है।

# विषमुक्त खेती नशामुक्त गांव पर लगी चौपाल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । स्वदेशी जागरण मंच के तत्वावधान में सीमावर्ती इलाके में स्थित देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज (रामपुर) परिसर में विष मुक्त खेती नशा मुक्त गांव विषयक पर चौपाल का आयोजन कर स्वदेशी सुरक्षा एवं स्वावलंबन अभियान को सफल बनाने का सामुहिक संकल्प लिया गया।

कार्यक्रम में उपस्थित विभिन्न राष्ट्रवादी विचारधारा के प्रतिनिधियों द्वारा नशा मुक्त,भय मुक्त समाज बनाने हेतु जन जागरण अभियान चलाए जाने की कार्ययोजना भी बनाई गई। सीमावर्ती इलाके में स्थित देव संस्कृति ग्रामोदय इंटर कॉलेज परिसर में उपस्थित महामना मालवीय मिशन ,गायत्री परिवार, रूल ऑफ लॉ सोसाइटी, किसान परिषद प्रतिनिधियों ,शिक्षक व विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए स्वदेशी जागरण मंच प्रान्त संयोजक अनुपम जी ने कहा कि वैश्विक आर्थिक युद्ध में अब भारत को स्वदेशी और स्वावलंबन के महामंत्र को स्वीकार कर देश को शसक्त एवं मजबूत राष्ट्र बनाने का संकल्प लेना होगा तभी हमारा भारत पूर्ण रूप से समृद्धि, सुरक्षित और स्वाभिमानी देश के रूप में न केवल विश्व पटल पर सीना तान कर खड़ा होगा बल्कि दूसरे देशों को भी इसी प्रकार के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करेगा।संविधान विशेषज्ञ अनिल त्रिपाठी ने नशा को मानव जीवन का अभिशाप बताते हुए नशा से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे मे लोगो को अवगत कराया तथा नशा से दूर रहने का आवाहन किया। आयोजक महामना मालवीय मिशन अध्यक्ष (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि विभिन्न राष्ट्रवादी संगठनों के तत्वावधान में अवैध नशा कारोबार क्रय विक्रय उपभोग व उत्पादन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है साथ ही पर्यावरण संरक्षण के लिए जगह जगह हरिशंकरी व पंचवटी प्रजाति के पेड़ों का रोपण कर उन्हें संरक्षित करने का प्रभावी प्रयास भी किया जा रहा है। क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी डॉ सरोज शंकर राम व वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ रंजन वर्मा ने लोगो से प्राकृतिक व आयुर्वेद आधारित जीवन शैली अपनाकर निरोगी बने रहने का आवाहन किया।आयोजित चौपाल की अध्यक्षता करते हुए बाल कल्याण समिति चेयरमैन विधिवेत्ता सतीश श्रीवास्तव ने देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेन्द्र प्रसाद को देश का महानायक व संविधान निर्माता बताते हुए उनके पदचिन्हों पर चलकर भारतीय संप्रभुता को मजबूत बनाये रखने का आवाहन किया।

कार्यक्रम का संचालन किसान परिषद संयोजक शिव पूजन सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्य शुभम श्रीवास्तव ने किया।आयोजित कार्यक्रम में प्रमुख रूप से शिक्षाविद राजीव श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख जय प्रकाश सिंह, जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल, पर्यावरणविद चंद्र प्रकाश मिश्र, प्रगतिशील किसान दुर्गेश वर्मा ,प्रवक्ता वरुण कुमार इंजीनियर सौरभ कुमार, शिक्षक आलोक कुमार ,प्राचार्य अनुराग प्रकाश श्रीवास्तव ,प्राचार्य अनुज सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता ए0पी0श्रीवास्तव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# ठेकेदार व प्रबंधक को मातृ शोक अर्पित की गयी श्राद्धाजंलि



कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । गोरखपुर के गोरखनाथ स्थित आदित्यपुरी कॉलोनी निवासी प्रसिद्ध ठेकेदार अजय तिवारी , विद्यालय प्रबंधक अश्वनी तिवारी ''आजाद'' व दवा तथा लेदर सामानों के बड़े कारोबारी आनंद तिवारी की माता श्रीमती अमरावती देवी पत्नी स्वर्गीय ओंकारनाथ तिवारी का स्वर्गवास 20 नवम्बर को निज आवास पर हो गया था । जिसका ब्रह्भोज एक दिसम्बर सोमवार को कुशीनगर के नगर पंचायत हाटा स्थित वार्ड नम्बर 7 महाराणाप्रताप नगर देवरिया देहात में आयोजित था जिसमें विधायक मोहन वर्मा,पत्रकार रमेश मणि त्रिपाठी, डॉ विवेक तिवारी,नगर पंचायत अध्यक्ष रामानंद सिंह,भाजपा जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय,पूर्व विधायक पवन केडिया,पूर्व मंत्री राधेश्याम सिंह ,सभी सभासदगण , अनेकों प्रबंधक,ठेकेदार,प्रधान ,रिश्तेदार गण सहित परिजन सतेश तिवारी,सौरभ तिवारी, अखिलेश तिवारी,अरुण तिवारी, शिरोमणि तिवारी, संजय तिवारी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# एसएसबी के 14वें स्थापना दिवस पर भव्य समारोह का आयोजन

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नानपारा, बहराइच । एसएसबी 59वी वाहिनी नानपारा के प्रांगण में वाहिनी के 14वें स्थापना दिवस का समारोह हर्षोल्लास और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वी. विक्रमण, उप महानिरीक्षक, क्षेत्रक मुख्यालय, एसएसबी, लखीमपुर खीरी उपस्थित रहे और उन्होंने समारोह की शोभा बढ़ाई।


इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें वाहिनी के कलाकारों ने नृत्य, गीत और संगीत के विविध रंगारंग प्रस्तुतियों से उपस्थित जनमानस का मनोबल बढ़ाया। विशेष आकर्षण के रूप में सीमांत मुख्यालय, लखनऊ के जैज़ और पाइप बैंड का मंत्रमुग्ध कर देने वाला प्रदर्शन भी हुआ। कार्यक्रम में विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन भी किया गया, जिसने उपस्थित दर्शकों में उत्साह और रोमांच को बढ़ाया। मुख्य अतिथि वी. विक्रमण ने अपने संबोधन में वाहिनी के समस्त जवानों और कर्मचारियों को शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि वाहिनी ने अपने कार्यक्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए उल्लेखनीय प्रचालन उपलब्धियाँ हासिल की हैं। इस अवसर पर महानिदेशक, सशस्त्र सीमा बल द्वारा प्रेषित शुभकामना संदेश भी पढ़ा गया। स्मरणीय उपस्थितियों में श्री अमरेंद्र कुमार वरुण, कमाण्डेंट, 62वीं वाहिनी; श्री अंजनी कुमार तिवारी, कार्यवाहक कमाण्डेंट, 42वीं वाहिनी, मोनालिसा जौहरी, एसडीएम नानपारा, सीओ नानपारा, डीएसपी, नानपारा, राजकुमारी निगम, प्रधानाचार्य, केंद्रीय विद्यालय, नानपारा; श्रीमती श्रद्धा शुक्ला, एसबीआई शाखा प्रबंधक, नानपारा; और आनंद पोद्दार, निदेशक, आनंदराम जयपुरिया विद्यालय, नानपारा शामिल थे, जिन्होंने समारोह की गरिमा बढ़ाई।

## न्यू पायनियर कोचिंग की मेधावी छात्राओं का भव्य सम्मान समारोह सम्पन्न



नानपारा, बहराइच। नगर के न्यू पायनियर कोचिंग सेंटर की हाईस्कूल परिषदीय परीक्षा 2025 की मेधावी छात्राओं को उनके उत्कृष्ट परिणामों के लिए बहराइच स्थित गोर्नाद लॉन में आयोजित प्रतिभा सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बृजभूषण शरण सिंह (नेता जी), संस्थापक ग्रुप ऑफ नंदिनी कॉलेज, द्वारा प्रतिभावान छात्राओं को मेडल और प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। सम्मानित होने वाली छात्राएं– शिफा खान, अलीना आफरीन, ताबिंदा फातिमा, निशा निशाद, निशात फातिमा, मरियम फातिमा, अलीना फिरोज, अफसर जहां और इमरा खान– ने हाईस्कूल परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर कोचिंग व नगर का नाम रोशन किया। मेडल और प्रशस्ति पत्र प्राप्त कर छात्राओं के चेहरों पर खुशी झलक उठी, वहीं उनके अभिभावक भी इस उपलब्धि पर गर्व से अभिभूत दिखाई दिए।

## हजार संतो के भोज संग सम्पन्न हुई 33वीं श्री चंडी महायज्ञ



खैरीघाट बहराइच। पिपरिया स्थित श्री चंडी माता मंदिर परिसर में चल रही श्री चंडी महायज्ञ गुरुवर को सम्पन्न हुई। एक हजार संतो ने एक पंगत में बैठकर भंडारे का भोजन प्रसाद लिया। कार्यक्रम आयोजक मंदिर के पीठाधीश पंडित मुकुंद राम मिश्र ने बताया कि इस सत्र 33वीं महायज्ञ संपन्न हुई है। पड़ोसी देश नेपाल के सैकड़ों साधु संतों संग गैरजनपद के साधु संतों का जमाड़व पांच दिन तक रहा। गुरुवार को यज्ञ की पूर्णाहुति के बाद उन्हें भोजन प्रसाद कराया गया। वहीं सभी संतो को कंबल और दक्षिण के साथ विदाई दी गई। उन्होंने बताया कि विभिन्न जनपदों से आए हजारों भक्तों ने भी भंडारे का प्रसाद लिया है। उन्होंने कहा कि संतो के आशीर्वाद और मां चंडी की कृपा से ही निरंतर यह 33 वीं यज्ञ संपन्न हुई है। इस मौके पर कार्यक्रम संयोजक योगेन्द्र योगी,राम निवास जायसवाल,राहुल मिश्र,सुरेश चंद्र मित्तल,रवि गोयल समेत हजारों भक्त मौजद रहे।

# सामाजिक अधिकारिता शिविर में 452 दिव्यांगजनों को 896 सहायक उपकरण वितरित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रायबरेली । भारत सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा राजकीय इण्टर कॉलेज रायबरेली में दिव्यांगजन हेतु एडिप योजनान्तर्गत दिव्यांगजनों को निःशुल्क सहायक उपकरण वितरण के लिए सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह, जिलाधिकारी हर्षिता माथुर, मुख्य विकास अधिकारी अंजुलता द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

शिविर में 66 मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, 197 ट्राईसाइकिल, 57 फोल्डिंग व्हीलचेयर, 404 बैसाखी, 61 वॉकिंग स्टीक (छड़ी), 03 सी0पी0 चेयर, 04 ब्रेल केन, 23 सुगम्य केन, 77 श्रवण यंत्र (कान की मशीन) 01 टीएलएम किट इत्यादि वितरित किये गये। आयोजित शिविर में मंत्री ने कहा कि सरकार दिव्यांगजनों के पुनर्वास और सुविधा के लिए लगातार प्रयासरत है। एल्मिको के सहयोग से जनपद में जरूरतमंद दिव्यांगजन को उपयुक्त उपकरण उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने जिलाधिकारी हर्षिता माथुर द्वारा जनपद में कराये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रशंसा की। जिलाधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार की एडिप योजनान्तर्गत जनपद रायबरेली में विशिष्ट आवश्यकता वाले दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण (मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैशाखी, ब्लाइन्डस्टिक, श्रवण यंत्र (कान की मशीन) इत्यादि वितरित करने हेतु भारतीय कृत्रिम अंग निर्माण निगम, (एलिम्को) कानपुर के सहयोग से परीक्षण शिविरों का आयोजन विकास खण्डवार किया गया था, जिसमें एलिम्को द्वारा विकास खण्ड बछरावां 118, सरेनी 137, शिवगढ़ 72, हरचंदपुर से 125 कुल 452 पंजीकृत लाभार्थियों को 896 सहायक उपकरण उपलब्ध कराये जा रहे है। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि जिन पात्र व्यक्तियों का पंजीकरण नहीं हो पाया है, उनका भी पंजीकरण कर उपकरण उपलब्ध कराए जाए। इस मौके पर जिला समाज कल्याण अधिकारी/दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी सृष्टि अवस्थी,जिला भाजपा अध्यक्ष बुद्धिलाल, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षण संजीव कुमार सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण व कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# 100 फीट ड्रील जमीन में फायरिंग,10 हजार फीट नीचे का निकाले डाटा

कैनविज टाइम्स संवाददाता

गोरखपुर । क्षेत्र में बुधवार को भी ओएनजीसी के अधिकारियों व कर्मचारियों क्रू आयल के सर्वे का काम किया। 4 इंच चौड़ा तथा 100 फीट नीचे तक कुआं खोदा गया। तकनीकी के सहयोग से कुएं में मैग्नेशियम बम ब्लास्ट कराया गया।

पिपराइच ब्लाक मुख्यालय के निकट सहित करीब 25 कुएं में बम ब्लास्ट कराया गया। तथा उसके संग्रहित डाटा को बिछाए गए केबल के माध्यम से तकनीकी वैन के कम्प्यूटर तक पहुंचाया गया। वैन में बैठे इंजिनियर एस कुमार ( काल्पनिक नाम) सुपरवाइजर सत्येन्द्र कुमार, पिंटू बर्मन, सुरेश कुमार आदि से अलग अलग बताया कि कई साल पहले वैज्ञानिकों के शोध के बाद प्रदेश में कई जगह चयनित किए गए हैं। जिसका सर्वे कार्य हो रहा है। इसके पूर्व 2024 में प्रदेश के बलिया के सागर पाली के चित्तू पांडेय के गांव के सर्वे रिपोर्ट दो माह पहले मिला है। जिसमें चार कुएं से क्रू आयल मिलना बड़ी उपलब्धि है ।

अधिकारियों ने बताया कि चार इंच चौड़ा व ,100 फीट गहराई में जब बम विस्फोट किया जाता है तो उसके नीचे 10 हजार मीटर गहराई तक की सभी जानकारी हमारे कम्प्यूटर तक पहुंच जाता है। आज करीब 25 कुएं में विस्फोट कराया गया है। जिसका डाटा संग्रह कर देहरादून भेजा जा रहा है। इसके जांच व अध्ययन व परिणाम आने में करीब एक साल तक का समय लग सकता है। ब्लाक के निकट हुए ब्लास्ट के बारे में बताते हुए सम्हारू प्रजापति, तथा अन्य लोगों ने बताया करीब सौ से दो सौ मीटर परिधि में कम्पन हुए। मकान पंखा आदि में भुकंप जैसा अनुभव किया गया। बलास्ट के बाद करीब बीस फीट ऊंचा फब्बारे भी निकलते देखा गया।इस बारे में जिम्मेदारों ने बताया कि इसी लिए बम ब्लास्ट का काम आवादी से काफी दूर किया जाता है।

## विधायक सदर ने विधायक खेल स्पर्धा का किया शुभारम्भ, विजेता खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र, मेडल, ट्रॉफी देकर किया गया सम्मानित



रायबरेली। युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग रायबरेली के तत्वाधान में आयोजित उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत 2 दिवसीय विधानसभा स्तरीय ''विधायक खेल स्पर्धा'' का आयोजन मोती लाल नेहरू स्टेडियम रायबरेली में सब जूनियर, जूनियर, सीनियर बालक व बालिका वर्ग में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि सदर विधायक अदिति सिंह, खंड विकास अधिकारी संदीप सिंह द्वारा दीप प्रज्वलन व गुब्बारे उड़ाकर कर किया गया। प्रतियोगिता के प्रथम दिवस में एथलेटिक्स, कबड्डी, खो खो, कुश्ती की प्रतियोगिता कराई गई।100 मी0 सब जूनियर वर्ग में सागर, 800 मी0 में प्रिंशु विजेता रहे। कबड्डी सीनियर बालक वर्ग में अमावां विजेता व राही की टीम उपविजेता रही। कबड्डी जूनियर बालिका वर्ग में अमावां विजेता व राही की टीम उपविजेता रही। जूनियर खो-खो बालक वर्ग में नगर की टीम विजेता रही। 1500 मी0 दौड़ में चंदन पटेल प्रथम, अशरफ अली द्वितीय, दिवस ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। चक्का फ़ेक में सीनियर वर्ग में अमित प्रथम, सरताज खान द्वितीय, अंश शुक्ला ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेता खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रमाण पत्र, मेडल, ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा कल्याण अधिकारी अमिताभ कुमार, क्रीड़ा अधिकारी धर्मेंद्र पटेल, ओलंपिक एसोसियेशन सचिव लक्ष्मीकांत शुक्ला, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी स्वाति सिंह, अंजू यादव आदि लोग उपस्थित रहे।

# पीलीभीत पुलिस की बड़ी कार्यवाही, पुलिस ने फर्जी कॉल सेंटर गिरोह को किया बेनकाब

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**गेमिंग के जरिए युवाओं को बनाया जाता था शिकार**

पीलीभीत। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन पर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रतीक दहिया के कुशल नेतृत्व मे पूरनपुर तहसील की घुंघचाई पुलिस ने आनलाइन गेमिंग एप और ट्रेडेंसी के हिसाब से ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस ने गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है जबकि सरगना अमृतपाल सिंह पुत्र गुरप्रीत सिंह निवासी हरीपुर ताल्लुका अजीतपुर बिल्हा के पास से 6 मोबाइल फोन,2 लैपटॉप,5 फर्जी आधारकार्ड,7 बैंक पासबुक,3 चेक बुक,9 सिम कार्ड,एक यूएई का पहचान पत्र,59500 रूपये बरामद की हैं अमृतपाल दुबई के कॉल सेन्टर में नौकरी करता था वही से उसने काम सिखा और वापस इण्डिया आकर अपने घर से फर्जी कॉल सेन्टर संचालित करने लगा गेमिंग एप (एवियेटर, रम्मी) के जरिये लोगों को फोन करके गेम खेलने के लिए प्रेरित करता और ईनाम जीतने पर ऊंची रकम का झांसा देता पहली बार गेम जितवा देता था तथा उसके अकांउट में पैसा भी भेज देते थे इसके जरिये खातों की डिटेल गिरोह के पास आ जाती थी मोबाइल हैक कर व्यक्ति का पूरा अकाउंट खाली कर देते थे डार्क बेव से यह लोग गेम खेलने वाले व्यक्तियों का विवरण फोन नम्बर निकाल लेते उदरहा के धर्मेन्द्र कुमार को भी अपने साथ शामिल कर लिया उसके खाते में रुपया डलवाकर जनसेवा केन्द्र से निकलवा लेते थे धर्मेन्द्र कुमार निकासी किये गये रूपयों में से 05 प्रतिशत कमीशन के तौर पर देते थे धर्मेन्द्र का काम खाता मुहैया कराना था गरीब मजदूरों के पासबुक तथा फोन नम्बर झांसे में रखकर ले लेता था सरकारी योजना का लाभ दिलवा दूंगा प्रियांशु दीक्षित उसे ब्लैक में 1000 रूपये में प्री एक्टीवेटेड सिम उपलब्ध कराता था धर्मेन्द्र कुमार किराना के दुकान पर नौकरी करता है, पैसे के लालच में वह अमृतपाल के लिए काम करने लगा तथा खाते खरीदने हेतु लोगों से सम्पर्क करता था प्रियांशु दीक्षित से पूछताछ में बताया कि वह अमृतपाल को जानता है तथा ब्लैक में पैसे के लालच में अमृतपाल को सिम बेच देता है ब्लैक सिम के बारे में पूछने पर बताया कि जब कोई व्यक्ति अपनी आईडी लेकर सिम कार्ड लेने आता है तो एक बार उसका अंगूठा व फोटो लेने के बाद यह कहते है कि फोटो ठीक नहीं आई तथा अंगूठा ठीक से नहीं लगा है इस प्रकार एक व्यक्ति की आईडी पर दो सिम कार्ड जारी हो जाते है एक सिम कार्ड कस्टमर लेकर चला जाता है, जबकि दूसरा उसके पास रह जाता है इस प्रकार दूसरे सिम को ब्लैक में महंगे दाम पर बेच देता है इस सम्बन्ध में अमृतपाल के मोबाइल नम्बरों, खातों तथा लैपटाप व मोबाइल फोन में मौजूद विवरणों के सम्बन्ध में विस्तृत छानबीन की जा रही है तथा यह भी पता लगाया जा रहा है कि थाना क्षेत्र तथा जनपद में अन्य किन लोगों से अमृतपाल ने खाते लिये थे तथा सिम कार्ड खरीदे थे। प्रियांशु दीक्षित के द्वारा बेचे गये अब तक के सिम कार्डों के सम्बन्ध में भी जानकारी की जा रही है गिरोह के सरगना के दूसरे साथी के सम्बन्ध में जानकारी व तलाश की जा रही है खुफ़्क्रफ पोर्टल पर चैक करने पर इनके द्वारा इस्तेमाल किये जा रहे खातों पर उड़ीसा, तमिलनाडु, बिहार, कर्नाटक, मध्यप्रदेश प्रान्तों से साइबर फ्राड के मामलों में होल्ड लगा हुआ है, इनके द्वारा इस्तेमाल किये जा रहे अन्य खातों, मोबाइल नम्बरों, आधार कार्ड, फोन के आईएमईआई तथा बैंक खातों की छानबीन कर यह पता किया जा रहा है तथा इनकी शिकायतें एनसीआरपी पोर्टल पर दर्ज है गिरफ्तार करने वाली टीम मे प्रभारी निरीक्षक जयशंकर सिंह, उपनिरीक्षक विजयवीर सिंह, संदीप प्रताप, सनी आर्य, निशांत कुमार, शोभित कुमार, प्रवीण कुमार, चिराग बालियान, संजीव कुमार, राहुल आदि लोग शामिल थे।

## मंडी में धान खरीद में धांधली का आरोप, हाई स्कूल फ़ेल बने केंद्र प्रभारी का वीडियो वायरल

पूरनपुर। मंडी समिति में धान खरीद में चल रही कथित धांधली को रोकने के लिए भारतीय किसान यूनियन चढूनी गुट लगातार मंडी में निरीक्षण कर रहा है। संगठन के पदाधिकारी विभिन्न क्रय केंद्रों पर पहुंचकर व्यवस्थाओं की जांच कर रहे हैं।निरीक्षण के दौरान भाकियू जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह यूपीएसएस क्रय केंद्र 3-4 पर पहुंचे, जहां उन्होंने केंद्र प्रभारी कृष्ण कुमार से उनकी क्वालिफिकेशन पूछी। पूछताछ के दौरान केंद्र प्रभारी ने खुद को हाई स्कूल फ़ेल बताया। इस पर जिलाध्यक्ष रंजीत सिंह ने सवाल उठाते हुए कहा कि जब व्यक्ति हाई स्कूल तक पास नहीं है, तो वह धान खरीद जैसी जिम्मेदार और तकनीकी कार्य को कैसे संभाल सकता है। जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाया कि योग्यताहीन लोगों की तैनाती धान खरीद प्रक्रिया में अव्यवस्था और अनियमितता बढ़ाती है। इस पूरी बातचीत का वीडियो गुरुवार दोपहर 12 बजे सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने लगा, जिसे लेकर किसानों में भी चर्चा बनी हुई है। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि योग्य एवं प्रशिक्षित कर्मचारियों को ही जिम्मेदारी दी जाए, ताकि धान खरीद में पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।

## गुरू हरगोविंद विद्यालय में बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के जागरूकता कार्यक्रम का किया गया आयोजन

पीलीभीत,कैनविज टाइम्स संवाददाता। महिला कल्याण विभाग द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण पीलीभीत के निर्देशन में बाल विवाह मुक्त भारत राष्ट्रीय अभियान के तहत गुरु हरगोविंद उच्च माध्यमिक विद्यालय पीलीभीत में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला मिशन कोऑर्डिनेटर सुवर्णा पांडे द्वारा बच्चों व विद्यालय के स्टाफ को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई तथा समस्त विद्यालय स्टाफ व बच्चों को बताया गया कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य बाल विवाह के प्रति शून्य सहनशीलता का वातावरण तैयार करना है। बाल विवाह एक सामाजिक अपराध है जो बालिकाओं को उनकी शिक्षा व बचपन से वंचित रखना है, अतः इसे रोकने का सबको मिलकर प्रयास करना चाहिए। इसी क्रम में जेंडर स्पेशलिस्ट अजीत सिंह द्वारा बच्चों को बाल विवाह रोकथाम हेतु टोल फ्री नंबर 1098 के बारे में बताया गया तथा बच्चों के लिए चलाई जा रही महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित योजनाओं जैसे बाल सेवा योजना, कन्या सुमंगला योजना आदि के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया।

## चीनी मिल के पास गन्ना भरी ट्रॉली से टकराई कार, पांच लोग घायल

पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। सेहरामऊ थाना क्षेत्र के गांव गुलालपुर निवासी प्रदीप परिवार के साथ पीलीभीत से दवाई लेकर बुधवार रात्रि लगभग 7:30 पर घर वापस लौट रहे थे, जैसे ही वह पूरनपुर चीनी मिल के पास पहुंचे तभी उनकी कार गन्ने से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में कार में सवार प्रदीप, पांच वर्षीय प्रिंस, कुलदीप, राजेश और शिशुपाल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## मुजफ्फरनगर के पास साइकिल बाइक की भिडंत सहित चार लोग घायल

पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। माधोटांडा थाना क्षेत्र के गांव धर्मगंदपुर निवासी सोमपाल अपनी मां पार्वती को लेकर वुधवार दोपहर लगभग तीन बजे बाइक से जा रहे थे, तभी मुजफ्फरनगर निवासी ध्यान सिंह उम्र 56 वर्ष साइकिल से आ रहे थे। हादसे में साइकिल सवार ध्यान सिंह और बाइक सवार मां बेटे तीनों ही लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं दूसरे हाथ से में बंडा थाना क्षेत्र के गांव अलहापुर निवासी राम औतार वर्मा भी हादसे में घायल हो गए। सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉक्टर के द्वारा घायलों का उपचार किया जा रहा है।

## चक मार्ग पर कब्जा कर किया निर्माण किसानों ने मुख्यमंत्री से लगाई न्याय की गुहार

पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। तहसील क्षेत्र के गांव सपहा के किसान चक मार्ग पर अवैध कब्जे को लेकर गंभीर रूप से परेशान हैं। गांव के निवासी गंगाराम, रामदास, जियालाल, कप्तान, विचित्र और गुड्डू ने गुरुवार दोपहर 12 बजे जानकारी देते हुए बताया कि गांव से होकर खेतों तक जाने वाला चक मार्ग है, इसी रास्ते से सभी किसान अपने खेतों पर पहुंचते हैं और कृषि यंत्रों का आवागमन भी इसी पर निर्भर है। किसानों का कहना है कि गांव का ही एक व्यक्ति, प्रधान के संरक्षण में, इस चक मार्ग पर कब्जा कर पक्का का निर्माण कार्य कर रहा है, जिससे न केवल मार्ग संकरा हो जाएगा, बल्कि कई किसानों का खेत तक पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। इससे ट्रैक्टर, हल, थ्रेशर सहित अन्य कृषि उपकरण ले जाना भी लगभग असंभव हो जाएगा। किसानों ने बताया कि वे वर्षों से इसी मार्ग का उपयोग कर रहे हैं, और अब इस पर कब्जे का प्रयास सीधे-सीधे उनकी आजीविका पर चोट है। शिकायतकर्ताओं ने मामले की गंभीरता को देखते हुए उप जिलाधिकारी पूरनपुर और मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर कार्रवाई की मांग की है। किसानों ने मांग की है कि चक मार्ग पर किसी भी प्रकार के अवैध निर्माण को तत्काल प्रभाव से रोका जाए और कब्जा करने की कोशिश कर रहे व्यक्ति के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाए।

## धनाराघाट शारदा नदी मार्ग पर डलवाई गई मिट्टी, राहगीरों को मिली राहत

पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। हजारा थाना क्षेत्र के धनाराघाट शारदा नदी मार्ग पर पानी भरने के कारण लोगों को कई दिनों से भारी परेशानी झेलनी पड़ रही थी। नदी के पास बने रास्ते पर पानी जमा होने से ग्रामीणों, स्कूली बच्चों और राहगीरों का आवागमन काफी प्रभावित हो रहा था। समस्या को देखते हुए गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे धनाराघाट पुल पर तैनात मुंशी बबलू माझी ने पहल करते हुए ट्रैक्टर की मदद से कराह लगवाकर सड़क पर मिट्टी डलवाकर मार्ग को दुरुस्त कराने का कार्य शुरू कराया। मिट्टी डालने से सड़क समतल हो गई और वाहन एवं पैदल यात्रियों के लिए रास्ता सुचारू होने लगा। ग्रामीणों ने इस त्वरित कार्रवाई की सराहना की और कहा कि इससे रोजमर्रा की आवाजाही में काफी राहत मिलेगी।

## कान्हा टांडा में प्रधानमंत्री आवास सामग्री ले जाने से रोका, विरोध पर मारपीट और जान से मारने की धमकी

पूरनपुर, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कोतवाली क्षेत्र के गांव कान्हा टांडा निवासी मीना देवी पत्नी रमेश सिंह ने गुरुवार दोपहर 12 बजे कोतवाली पहुंचकर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि वह लंबे समय से छप्पर पोश घर में रहकर अपना जीवन बिता रही थी। हाल ही में उसे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला, जिसके तहत वह अपना पक्का घर बनवा रही है। घर निर्माण के लिए जब वह आवश्यक सामान रास्ते से ले जा रही थी, तभी गांव के ही कुछ लोगों ने उसका रास्ता रोक लिया और सामान ले जाने से मना कर दिया। मीना देवी के विरोध करने पर आरोपियों ने उसके घर में घुसकर गाली-गलौज कर मारपीट की। पीड़िता के अनुसार, एक आरोपी ने तमंचा लहराते हुए उसे और उसके छोटे बच्चों को जान से मारने की धमकी दी। डर के कारण वह अपने बच्चों को लेकर घर से बाहर निकल गई और सीधे कोतवाली पहुंचकर पुलिस को पूरी घटना से अवगत कराया। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## पति पत्नी के रिश्ते की डोर टूटने से बचा रही खाकी

अमेठी, कैनविज टाइम्स संवाददाता। कानून व्यवस्था मजबूत करने के साथ ही खाकी कर रही रिश्तों को भी मजबूत कर रही है।महिला थाना के प्रयास से एक विवाहित जोड़ा पुनः साथ रहने को राजी हुआ।मिशन शक्ति अभियान के अन्तर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान व स्वावलंबन हेतु गुरुवार को महिला थाना की प्रभारी निरीक्षक कंचन सिंह मय टीम द्वारा पति पत्नी के बीच चल रहे विवादों के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया जिसमें एक विवाहित जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिये सहमत होकर घर गया तथा अमेठी पुलिस को धन्यवाद दिया। अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गई।

# छोटे भाई ने धारदार हथियार से की बड़े भाई की निर्मम हत्या

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**शव को घसीटते हुये तीन सौ मीटर की दूरी पर झाड़ियों में छिपाकर भाग निकला, पीपरपुर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेजा**

अमेठी। थाना पीपरपुर क्षेत्र के डिहवा गांव में गुरुवार सुबह करीब साढ़े आठ बजे उस समय सनसनी फैल गई जब घरेलू विवाद के चलते छोटे भाई ने बड़े भाई की हत्या कर दी। वारदात की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गये और पुलिस को सूचना दी।पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है।थाना क्षेत्र के गांव डिहवा निवासी स्वर्गीय शिवकरन वर्मा के तीन पुत्र राकेश वर्मा, रोहित वर्मा और दिनेश वर्मा हैं। रोहित वर्मा सूरत में रहता है जबकि राकेश और दिनेश घर पर ही रहते थे। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे किसी बात को लेकर दोनों भाइयों में विवाद हो गया। इसके बाद बड़ा भाई राकेश खेत में लगी आलू की पौध में मेड़ी चढ़ाने के लिये चला गया। वह खेत में काम कर ही रहा था तभी पीछे से पहुंचा छोटा भाई दिनेश वर्मा ने गुस्से में आकर बड़े भाई के हाथ से कुदाल छीन कर उसी से उसके सिर पर कई वार कर दिया जिससे बड़े भाई राकेश वर्मा उम्र पचास वर्ष को गम्भीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई। इसके बाद भी छोटे भाई दिनेश वर्मा का मन नहीं भरा। उसने बड़े भाई की लाश को खेत से घसीटते हुए लगभग तीन सौ मीटर दूर ले जाकर झाड़ियों में फेंक कर मौके से फरार हो गया। मृतक राकेश वर्मा की पत्नी का निधन लगभग पन्द्रह वर्ष पहले हो चुका है। उनके परिवार में तीस वर्षीय बेटी सोनम वर्मा और लगभग पच्चीस वर्षीय बेटा सोहित वर्मा है। घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है और परिजन सदमे में हैं। घटना की सूचना पर पहुंचे पुलिस क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्र ने बताया कि पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों से तहरीर प्राप्त कर अभियोग दर्ज कर लिया गया है।

# सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष ने एसआईआर को लेकर उपजिला मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**सपाइयों ने ज्ञापन सौंपकर की निर्धारित समय सीमा में अधिकतम मतदाताओं के फार्म भरवाने व उनकी सही फीडिंग करवाने की मांग**

कैनविज टाइम्स संवाददाता



गौरीगंज, अमेठी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चलाये जा रहे निर्वाचक नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान एसआईआर फार्म की धीमी प्रगति को लेकर समाजवादी पार्टी के गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी व पूर्व सपा जिलाध्यक्ष प्रियंक हरिविजय त्रिपाठी धीरू ने गुरुवार को सपाइयों के साथ गौरीगंज स्थित कलेक्ट्रेट पहुंचकर उप जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा और ज्ञापन के माध्यम से कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत अब तक कुल 389 बूथों में से एक सौ दस से अधिक बूथों पर एसआईआर फार्म की फीडिंग साठ प्रतिशत से कम है वहीं सभी बूथों की फीडिंग देखने से प्रतीत हुआ है कि अब तक अस्सी प्रतिशत से अधिक मतदाताओं के फार्म की फीडिंग तीसरे आप्शन में की गई है वहीं गौरीगंज विधानसभा क्षेत्र के कुछ बूथों की एसआईआर फार्म की फीडिंग तीस प्रतिशत से भी कम है जो लोकतंत्र व लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिये गम्भीर चिंता का विषय है।पूर्व सपा विधानसभा प्रत्याशी प्रियंक हरि विजय त्रिपाठी ने सपाइयों के साथ उप जिला मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण अभियान एसआईआर के तहत ग्यारह दिसम्बर तक चलने वाले अभियान में जुटे बीएलओ व अन्य कर्मियों के सहयोग से ज्यादा से ज्यादा कर्मियों को लगाकर निर्धारित समय सीमा में अधिकतम मतदाताओं के एसआईआर फार्म भरवाने व उनकी सही फीडिंग करवाने की मांग की है।इस अवसर पर पूर्व सपा विधानसभा प्रत्याशी प्रियंक हरिविजय त्रिपाठी धीरू, गिरीश यादव, विजय यादव समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# सावाानी और जागरूकता आवश्यक एसआईआर फर्म भरें, समय सीमाएं न चूकें

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुल्तानपुर। जनता दल युनाइटेड (जदयू) प्रदेश अयक्ष प्रबुद्ध प्रकोष्ठ के ओमप्रकाश उपायाय ने सभी कनिष्ठ एवं वरिष्ठ पदाािकारियों, जागरूक नागरिकों, समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों से अपील की है कि वे तत्काल एसआईआर फर्म भरकर जमा करें। उन्होंने कहा कि समय तेजी से बीत रहा है और देरी होने पर नाम कटने का खतरा पैदा हो सकता है, जो बाद में भारी पछतावा देगा।

उन्होंने विशेष रूप से अनुरोा किया है कि सभी लोग अपना सारा कार्य तत्काल छोड़कर इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को गंभीरता से लें और एक जागरूक नागरिक बनने की दिशा में कदम बढ़ाएं। इस अवसर को गंवाने की बजाय समय रहते फर्म भरना आवश्यक है, ताकि आगे चलकर किसी भी प्रकार की दिक्कत न हो। एसआईआर फर्म में 'बीएलओ का नाम दर्ज है। किसी भी सुविाा या सवाल के लिए तत्काल बीएलओ से संपर्क करें।

उन्होने कहाकि आप सब से भी अनुरोा है कि इस संदेश को अपने परिचितों और अन्य नागरिकों तक तुरंत पहुंचाएं और उन्हें जागरूक करें। आइए, मिलकर अपने लोकतांत्रिक अिाकारों को सुनिश्चित करें और मतदान प्रक्रिया को प्रभावी बनाएं।

## बाइक सवार के कब्जे से एक सौ दस ग्राम स्मैक हुई बरामद

अमेठी। थाना मुसाफिरखाना पुलिस ने मादक पदार्थों की बिक्री और तस्करी करने वाले लोगों के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। पुलिस ने नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत एक सौ दस ग्राम स्मैक के साथ पल्सर सवार एक युवक को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर क्षेत्र में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान व नशा मुक्त अमेठी अभियान के तहत गुरुवार को थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह मय हमराह द्वारा तलाश वांछित, देखभाल क्षेत्र व चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान पल्सर मोटर साइकिल संख्या यूपी 36 डब्लू 4079 सवार अंकित यादव पुत्र श्यामलाल निवासी मुडियापुर किशुनदासपुर थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी उम्र इक्कीस वर्ष को गिरफ्तार किया गया। पल्सर मोटर साइकिल के कागज मांगने पर दिखा नही सका और तलाशी में उसके कब्जे से एक सौ दस ग्राम स्मैक बरामद हुई है। इस सम्बंध में थाना मुसाफिरखाना के प्रभारी निरीक्षक विवेक कुमार सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा पकड़े गये युवक के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जेल भेज दिया गया है।

# अनन्या त्रिपाठी ने रचा इतिहास, एमडी मेडिसिन में जीता गोल्ड मेडल

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सुलतानपुर। जिले के प्रतापपुर कमैचा निवासी ड. केसी त्रिपाठी की सुपुत्री अनन्या त्रिपाठी ने गणेश शंकर विद्यार्थी मेमोरियल (जीएसवीएम) मेडिकल कलेज, कानपुर से एमडी मेडिसिन में यूनिवर्सिटी टप करते हुए स्वर्ण पदक हासिल किया है। यह उपलबि न केवल उनके परिवार के लिए बल्कि पूरे जिले के लिए गर्व की बात है। अपनी इस शानदार सफलता पर अनन्या ने बताया कि बचपन से ही उनका सपना डक्टर बनकर लोगों की सेवा करना था। अब वह आगे चलकर डीएम कार्डियोलजी में विशेषज्ञता हासिल करना चाहती हैं ताकि दिल के मरीजों का बेहतर इलाज कर सकें। परिवार में खुशी का माहौल है। पिता ड. केसी त्रिपाठी ने बेटी की मेहनत और लगन की तारीफ करते हुए कहा कि अनन्या ने दिन-रात एक करके यह मुकाम हासिल किया है। शुभ चिंतकों और परिजनों ने भी अनन्या को ढेर सारी शुभकामनाएं दी हैं। अनन्या की इस उपलबि से जिले के युवाओं को भी प्रेरणा मिल रही है कि कड़ी मेहनत और लगन से कोई भी लक्ष्य हासिल किया जा सकता है।

# झुलसी महिला का इलाज करने में चिकित्सकों ने खड़े किए हाथ

कैनविज टाइम्स संवाददाता

**खतरे से बाहर होने के बावजूद शुरूहुआ रेफर का खेल**

सुल्तानपुर। करोड़ों रुपए से बने जिला मेडिकल कलेज की पोल खुल गयी है। डक्टरों ने झुलसी महिला का पूर्ण इलाज करने में हाथ खड़े कर दिए हैं मामूली प्राथमिक उपचार करने के बाद चमत्कारी तरीके से इमरजेंसी के डक्टर ने झुलसी हुई महिला के रेफर कागज बनाने में अचानक से तेजी पकड़ ली।

बताया जाता है कि महिला पैर से लेकर कमर के हिस्से तक ज्यादा झुलसी है जो खतरे से बाहर बताई जा रही है। चौकाने वाला पहलू यह है कि उपचार के दौरान क्रीम लगाने के बाद उसे झटपट रेफर करने की योजना मेडिकल टीम ने बना डाली। बताया जाता है कि नगर कोतवाली पुलिस की सुरक्षा में उक्त महिला मरीज को लखनऊ इलाज के लिए रेफर किया गया है। लोगों ने सवाल उठाना शुरूकिया है कि करोड़ों -खरबों रुपए खर्च होने के बावजूद एक महिला का इलाज मेडिकल कलेज के डक्टर नह कर पा रहे हैं तो अन्य मरीजों को कैसे संभालेंगे जबकि वह खतरे से बाहर बताई जा रही है। अस्पताल में आमतौर पर स्टाफों की हिटलर शाही की खबरें सुर्खियां बनती रहती हैं। अस्पताल में प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि महिला 25 से 30 परसेंट तक झुलसी है बावजूद मरीज को चिकित्सको ने झंझावतों से बचने के लिए लखनऊ रेफर कर दिया। रेफर के इस खेल ने मेडिकल व्यवस्था को ही कठघरे में खड़ा किया है कि क्या मेडिकल कालेज में पट्टी और मरहम तक ही व्यवस्था मरीजों के लिए उपलब है इस बाबत एक सवाल पर सीएमएस ने बताया कि उन्हें रेफर की जानकारी नही, पता करके बताया जाएगा।

## प्रेमी को जमानत मिलने पर खुद को लगाई आग

नगर के पंजाबी कलोनी स्थित गुरुद्वारे के निकट किराए पर रहने वाली एक विावा महिला ने ब्रहस्पतिवार को आत्मदाह का प्रयास किया। प्रेम में ाोखा खाने वाली युवती के प्रेमी को अदालत से जमानत मिल गई तो इस बीच महिला की चिंता बढ़ गई। बताया जाता है की महिला के पति की मृत्यु पूर्व में हो चुकी है, इस बीच एक युवक के प्रेम पड़ गई। उसने शादी का झांसा देने का एक मुकदमा कथित प्रेमी के खिलाफ पंजी.त कराया हुआ है। जिसका वाद न्यायालय में विचाराीन है। बताया जाता है कि इसी मामले को लेकर रोली श्रीवास्तव नाम की महिला की अदावत कथित प्रेमी से चल रही है। आज उसने आत्मदाह का प्रयास किया। उसे जिला मेडिकल कलेज भर्ती कराया गया है।

## उत्तीर्ण की फरेंसिक मेडिसिन की परीक्षा, परिजनों में खुशी का माहौल

सुलतानपुर। तहसील क्षेत्र के प्रतिष्ठित चिकित्सक रहे स्व. ड. विश्वनाथ सिंह के पौत्र ने एमडी फरेंसिक मेडिसिन की परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर परिवार और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जयसिंहपुर तहसील के रुपिनपुर गांव निवासी वरिष्ठ चिकित्सक स्व. ड. विश्वनाथ सिंह के पौत्र चंद्र प्रकाश सिंह, पुत्र अरविंद कुमार सिंह ने एमबीबीएस के उपरांत अटल बिहारी वाजपेयी मेडिकल यूनिवर्सिटी, लखनऊ से फरेंसिक मेडिसिन विषय में एमडी की परीक्षा प्रथम श्रेणी से पास की है। वर्तमान में वे रानी दुर्गावती मेडिकल कलेज, बांदा में कार्यरत एवं अययनरत हैं। सोमवार को घोषित परीक्षा परिणाम में उनकी प्रथम श्रेणी की सफलता पर परिवार सहित पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है।

उनकी इस उपलबि पर रामबरन पीजी कलेज के प्रबांक अजय सिंह, प्रशासक संजय सिंह, डायरेक्टर अमर सिंह, वैभव सिंह, पिता अरविंद कुमार सिंह, ड आदित्य प्रकाश सिंह तथा अन्य गणमान्य लोगों ने उन्हें बााई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सावित्रीबाई फुले की जयंती पर सार्वजनिक अवकाश घोषित करने की मांग



कैनविज टाइम्स संवाददाता

सुलतानपुर। मोस्ट कल्याण संस्थान की महिला विंग की जिला प्रमुख नन्दनी बौद्ध ने राज्यपाल को सम्बोाित ज्ञापन जिलाािकारी के मायम से सौंपा।

ज्ञापन में मांग की गई कि देश की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की जयंती 03 जनवरी को प्रदेश में सार्वजनिक अवकाश घोषित किया जाए। उन्होंने कहा कि माता सावित्रीबाई फुले द्वारा देश के इतिहास में बालिकाओं के लिए प्रथम स्कूल (1848 ई) खोलने व पठन-पाठन के क्षेत्र में किए गए कठिन संघर्ष ने विशेषकर महिलाओं को शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। इसलिए शासन स्तर से प्रत्येक 03 जनवरी को सार्वजनिक अवकाश घोषित करने तथा इस अवसर पर प्रदेश के सभी शिक्षण संस्थानों में फुले द्वारा शिक्षा प्रसार हेतु किए गए संघर्ष से छात्रों को अवगत कराने हेतु निर्देश जारी किया जाय।

ज्ञापन देने वालों में मोस्ट प्रमुख जीशान अहमद, जनरल सेक्रेटरी राम उजागिर यादव, जिला संयोजक राकेश निषाद, मीडिया प्रभारी ार्मेन्द्र निषाद, राा निषाद, रीता निषाद सहित दर्जनों लोग शामिल रहे।

## सम्पादकीय

# डिजिटल अरेस्ट

यह विडंबना है कि जब तक देश में कथित डिजिटल अरेस्ट के नाम पर अनुमानित तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक ठगी की जा चुकी है, कई लोग अपनी जान गवां चुके हैं, अपराधियों पर शिकंजा कसने की बड़ी मुहिम शुरू हो पा रही है। वह भी सरकार के बजाय शीर्ष अदालत की पहल पर। सुप्रीम कोर्ट ने डिजिटल अरेस्ट पर गंभीर चिंता जताते हुए सीबीआई को निर्देश दिए हैं कि वह अन्य साइबर अपराधों की जांच बाद में करे, डिजिटल अरेस्ट की जांच को अपनी प्राथमिकता बनाए। कोर्ट ने केंद्रीय बैंक से पूछा है कि क्या एआई की मदद से साइबर ठगों के खाते फ्रीज हो सकते हैं? कोर्ट ने सीबीआई से कहा है कि यदि किसी गंभीर डिजिटल अपराध का दायरा भारत से बाहर की सीमा में हो तो वह इंटरपोल की मदद ले सकती है। दुखद है कि साइबर अरेस्ट के मामलों में सबसे अधिक निशाना बुजुर्गों को ही बनाया जाता है, जिन्हें डिजिटल लेन-देन की गंभीर जानकारी नहीं होती। बुजुर्गों को निशाना बनाने का यह प्रतिशत 78 से 82 फीसदी बताया जाता है। कई जगह यह प्रतिशत 99 फीसदी तक है। वहीं जनवरी से अप्रैल 2024 में साइबर धोखाधड़ी और डिजिटल अरेस्ट के 46 फीसदी मामलों के तार म्यांमार,कंबोडिया और लाओस जैसे दक्षिण पूर्व एशिया के देशों से जुड़े रहे हैं। निस्संदेह, हाल के वर्षों में डिजिटल गिरफ्तारी साइबर अपराध के सबसे कुटिल रूप में बनकर उभरी है। यह अपराध न केवल देश की वित्तीय सुरक्षा और स्थिरता के लिये, बल्कि कानून प्रवर्तन तंत्र में जनता के विश्वास के लिये भी बड़ा खतरा है। ऐसे में कहा जा सकता है कि इन घोटालों की देशव्यापी जांच सीबीआई को सौंपने का सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय समय के अनुरूप सार्थक हस्तक्षेप है। इसी क्रम में कोर्ट ने सभी राज्यों को निर्देश दिया है कि वे अपने अधिकार क्षेत्र में अपराधों की जांच के लिये सीबीआई को सहमति दें। दरअसल, न्यायालय ने इस हकीकत को स्वीकार किया है कि साइबर अपराधी राज्यों की सीमाओं का लाभ उठाते हैं। वहीं दूसरी ओर टुकड़ों-टुकड़ों में जांच सीमा-पार के साइबर अपराधियों के नेटवर्क को बढ़ावा देती है। दरअसल, साइबर अपराधी डिजिटल अरेस्ट के जरिये भोले-भाले लोगों व बुजुर्गों को निशाना बनाते हैं। वे कानून प्रवर्तन अधिकारी या जज बनकर मोटी रकम देने के लिये उन्हें आतंकित करते हैं। उल्लेखनीय है कि हरियाणा के एक बुजुर्ग दंपति से एक करोड़ रुपये की ठगी के बाद अदालत ने इस व्यापक समस्या का स्वतरू संज्ञान लिया। उन्हें धमकाने के लिये सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेशों का इस्तेमाल किया गया। यह बेहद परेशान करने वाली स्थिति है कि साइबर अपराधी सार्वजनिक संस्थाओं के प्रति लोगों के विश्वास को खतरे में डाल रहे हैं। तभी शीर्ष अदालत ने महसूस किया कि अब पानी सिर के ऊपर से गुजरने लगा है, देश की केंद्रीय एजेंसी को इस मामले की तह तक तुरंत पहुंचना चाहिए। उल्लेखनीय है कि सीबीआई को डिजिटल अरेस्ट के मामलों में एफआईआर दर्ज करने और धोखाधड़ी से जुड़े बैंक खातों को फ्रीज करने की पूरी छूट दी गई है। साथ ही भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत बैंक अधिकारियों की कथित मिलीभगत की जांच का अधिकार भी दिया गया। इसके अलावा दूरसंचार विभाग को भी सिम कार्ड के दुरुपयोग पर अंकुश लगाने के लिये कहा गया है। निश्चित रूप से कोर्ट की सार्थक पहल के बाद यदि ये सभी उपाय सिरे चढ़ते हैं तो इस गंभीर अपराध के खिलाफ एक राष्ट्रीय प्रतिक्रिया दे पाना संभव होगा। कोर्ट ने विश्वास जताया है कि केंद्रीय एजेंसी बिना किसी भय या पक्षपात के जिम्मेदारी से अपने दायित्वों का निर्वहन करेगी। इसमें राज्य सरकारों की सक्रियता व सजगता भी सीबीआई को अपराध की तह तक पहुंचने में मददगार सबित हो सकती है। यह भी जरूरी है कि एजेंसी की कार्रवाई में लालफीताशाही और राजनीतिक हस्तक्षेप न हो। इसके साथ ही नागरिकों को भी ऐसे अपराधों के प्रति सजग रहना होगा। जागरूकता-सतर्कता उन्हें अपराधियों के चंगुल में फंसने से बचा सकती है। ऐसी किसी कॉल के आने पर उन्हें रुककर विचार करना चाहिए और हड़बड़ी में बैंक से जुड़ी कोई जानकारी देने से बचना चाहिए।

# पुतिन की भारत यात्रा: नयी विश्व राजनीति की आहट

**भारत और रूस की मित्रता का इतिहास लगभग 70 वर्षों का है। शीतयुद्ध काल में रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम से लेकर पोखरण परमाणु परीक्षणों तक, रूस ने भारत का साथ दिया। आज जब यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति को धू्रवीकृत कर दिया है, अमेरिका ने भारत पर रूस से दूरी बनाने का दबाव बनाया, किंतु भारत ने सामरिक स्वायत्तता की नीति को बनाए रखते हुए रूस का साथ निभाया। पश्चिम के प्रतिबंधों के बीच भारत ने भारी मात्रा में रूसी पेट्रोलियम और गैस खरीदकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की तथा रूस को आर्थिक सहारा दिया।**

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की भारत यात्रा एक साधारण कूटनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि इतिहास के सात दशकों में बुनी एवं गढ़ी गई मित्रता का नवीन उद्घोष है। कहा जाता है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में स्थायी मित्र और शत्रु नहीं, स्थायी हित होते हैं, किंतु भारत-रूस संबंध इस कथन की परिधि से आगे जाकर स्थायी भरोसे, नैतिक दायित्व और पारस्परिक सम्मान के प्रतीक बने हुए हैं। यह यात्रा ऐसे समय हो रही है, जब पश्चिमी देश विशेषकर अमेरिका, यूरोप एवं नाटो गठबंधन रूस पर कठोर आर्थिक और रणनीतिक प्रतिबंध लगाए हुए हैं। इसके बावजूद भारत ने रूस को न केवल कूटनीतिक स्तर पर सम्मान-साथ दिया बल्कि ऊर्जा व रक्षा क्षेत्र में उसे सबसे भरोसेमंद साझेदार माना। इसलिए यह वार्ता केवल दो नेताओं रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन एवं भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मुलाकात नहीं, बल्कि एक नए युग के सूत्रपात का संकेत है, नयी विश्व राजनीतिक समीकरण की आहट है। भारत और रूस की मित्रता का इतिहास लगभग 70 वर्षों का है। शीतयुद्ध काल में रूस (तत्कालीन सोवियत संघ) ने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की संप्रभुता और सुरक्षा हितों की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बांग्लादेश मुक्ति संग्राम से लेकर पोखरण परमाणु परीक्षणों तक, रूस ने भारत का साथ दिया। आज जब यूक्रेन युद्ध ने वैश्विक राजनीति को धू्रवीकृत कर दिया है, अमेरिका ने भारत पर रूस से दूरी बनाने का दबाव बनाया, किंतु भारत ने सामरिक स्वायत्तता की नीति को बनाए रखते हुए रूस का साथ निभाया। पश्चिम के प्रतिबंधों के बीच भारत ने भारी मात्रा में रूसी पेट्रोलियम और गैस खरीदकर अपनी ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित की तथा रूस को आर्थिक सहारा दिया। यह निर्णय महज एक वाणिज्यिक लाभ का मामला नहीं था, बल्कि भारतीय विदेश नीति की स्वयंभूता का प्रदर्शन था। दूसरी ओर, रूस ने भी भारत को कभी निराश नहीं किया। चाहे एस-400 वायु रक्षा प्रणाली हो, टी-90 टैंक हों, ब्रह्मोस मिसाइल परियोजना हो या पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान सुयू-57 से जुड़ा सहयोग, भारत की सैन्य क्षमता में रूस का योगदान निर्णायक रहा है। वहीं पाकिस्तान की शत्रुता के खिलाफ भारत के हितों को रूस का अप्रत्यक्ष समर्थन मिलता रहा। हाल ही में दक्षिण एशिया की बदलती सुरक्षा परिस्थितियों में रूस ने भारत की सामरिक चिंता को समझा और 'ऑपरेशन सिंदूर' जैसे अभियानों में सहयोग की भूमिका निभाई। यह तथ्य भारत-रूस संबंधों की गहराई और विश्वास को दर्शाता है। पुतिन और मोदी की वार्ता ऐसे समय आयोजित हो रही है, जब वैशिक शक्ति-संतुलन परिवर्तन के दौर में है। अमेरिका-चीन तनाव, यूक्रेन युद्ध, पश्चिमी प्रतिबंध, ऊर्जा बाजारों की अस्थिरता और पश्चिमी देशों की रूस के विरुद्ध एकजुटता, इन परिस्थितियों में भारत की भूमिका मध्यस्थ, संतुलक तथा स्वतंत्र धुरी के रूप में उभर रही है। पुतिन भारत को न केवल रक्षा सहयोगी मानते हैं, बल्कि एशियाई भू-राजनीति में संतुलन का स्तंभ भी। वहीं मोदी की विदेश नीति बहुधू्रवीय विश्व की अवधारणा पर आधारित है, जिसमें रूस का स्थान केंद्रीय है। इस यात्रा से ऊर्जा सहयोग और बढ़ेगा। भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा ऊर्जा उपभोक्ता है और रूस उसके लिए सस्ता, विश्वसनीय तथा दीर्घकालिक आपूर्तिकर्ता। प्रतिबंधों के बावजूद रूस ने भारत को कच्चे तेल के साथ ही कोयला, गैस और परमाणु ऊर्जा परियोजनाओं में सहयोग दिया। भारत को सस्ती ऊर्जा देने के पीछे केवल व्यावसायिक हित नहीं बल्कि मित्रता और सामरिक साझेदारी भी निहित है। रक्षा क्षेत्र में सहयोग और विस्तृत होने की उम्मीद है। भारत का लक्ष्य 'मेक इन इंडिया' रक्षा उत्पादन है और रूस इसके लिए सबसे बड़ा भागीदार बना हुआ है। ब्रह्मोस मिसाइल, राइफल निर्माण, स्पेयर पार्ट सप्लाई और संयुक्त विकास कार्यक्रमों के नए विकल्प वार्ता में उभरेंगे। रूस भारत को केवल उपभोक्ता नहीं, निर्माता के रूप में स्थापित करने में सहभागी है, जो संबंधों की परिपक्वता को दर्शाता है। भारत-रूस दोस्ती अब एक नया अध्याय लिखने को तत्पर है। दोनों देशों की दोस्ती किसी से छिपी नहीं है, यहां तक की अमेरिका के साथ बेहतर हुए संबंधों के दौर में भी रूस हमारा विश्वस्त साझीदार बना रहा है, प्रगाढ़ दोस्ती में कोई फर्क नहीं पड़ा है। अब रूस के राष्ट्रपति पुतिन की भारत यात्रा से दोनों देशों की दोस्ती में नई गरमाहट की संभावना के साथ दोस्ती के नये स्वस्तिक उकेरने की बात सामने आ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल के वर्षों में अमेरिका के साथ अपने संबंधों को मजबूत किया है, लेकिन रूस के साथ देश के दशकों पुराने रक्षा संबंध भी बरकरार हैं। भारत ने अमेरिका और यूरोप से हथियारों की खरीद बढ़ाकर रूस पर निर्भरता को संतुलित बनाया है, लेकिन मॉस्को अभी भी भारत का सबसे बड़ा हथियार सप्लायर है। रूस दोस्ती की ओर आगे बढ़ते हुए भारत के लोगों को रोजगार देने के लिये भी एक समझौता मसौदा तैयार किया है। रूस अपने उद्योगों के लिए 10 लाख भारतीय कुशल श्रमिकों को काम पर रखना चाहता है। भारत-रूस संबंधों का सबसे मजबूत आधार है-कूटनीतिक विश्वास और सम्मान। रूस ने कभी भारतीय आंतरिक राजनीति या नीतिगत मामलों में हस्तक्षेप नहीं किया। उसने कश्मीर, परमाणु नीति, रणनीतिक साझेदारी और पड़ोसी विवादों पर भारत की संप्रभुता का समर्थन किया। वहीं भारत ने भी रूस की सुरक्षा चिंताओं को समझाकृचाहे नाटो विस्तार का मुद्दा हो या यूक्रेन का संघर्ष। इसलिए भारत ने पश्चिमी दबावों की उपेक्षा करते हुए संवाद और शांतिपूर्ण समाधान की वकालत की। अंतरिक्ष विज्ञान, तकनीक, शिक्षा, अनुसंधान और चिकित्सा के क्षेत्र में भी रूस की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम में रूस सहयोगी रहा है और भविष्य की यात्री-वाहक मिशनों में भी सहयोग की संभावनाएँ हैं। दोनों देशों की सांस्कृतिक साझेदारी भी विशेष हैरू योग, आयुर्वेद, साहित्य, रूसी नाट्यकला और भारतीय कलाकृसबने एक-दूसरे समाज में स्थान पाया। फिर भी यह संबंध चुनौतियों से खाली नहीं। चीन-रूस साझेदारी और भारत-अमेरिका निकटता के बीच संतुलन बनाए रखना दोनों देशों के लिए चुनौतीपूर्ण है। रूस चाहता है कि एशिया में भारत संतुलक भूमिका निभाए, वहीं भारत नहीं चाहता कि रूस का झुकाव चीन की ओर अत्यधिक बढ़े। इसी प्रकार रक्षा सहयोग में तकनीक हस्तांतरण, उत्पादन विलंब और आर्थिक भुगतान व्यवस्थाओं पर भी मतभेद रहे हैं। किंतु इन मतभेदों को वार्ता द्वारा समाधान के प्रयास दोनों राष्ट्रों की परिपक्वता को दर्शाते हैं। पुतिन की इस यात्रा का महत्व इसलिए भी है कि यह बताती है कि भारत किसी वैश्विक शक्ति के दबाव में नहीं, बल्कि अपनी प्राथमिकताओं के आधार पर संबंध तय करता है। ऊर्जा सुरक्षा, रक्षा आत्मनिर्भरता, बहुधू्रवीय वैश्विक व्यवस्था और एशियाई सामरिक संतुलन की दृष्टि से भारत-रूस साझेदारी अपरिहार्य है। मोदी और पुतिन की मुलाकात इस विश्वास की प्रमाणिकता है कि संबंध केवल शीत युद्ध की स्मृतियों पर नहीं, बल्कि समकालीन हितों और भविष्य की रणनीति पर आधारित हैं। यह यात्रा एक प्रतीक है-स्वतंत्र विदेश नीति, सामरिक साझेदारी और सांस्कृतिक सम्मान की। भारत-रूस संबंध केवल दो राष्ट्रों की निकटता का परिचय नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था में एक विशिष्ट वैकल्पिक शक्ति संरचना का निर्माण है। पश्चिमी देशों की आलोचना और प्रतिबंधों के बावजूद भारत और रूस ने अपने संबंधों को न केवल जीवित रखा बल्कि सुदृढ़ किया। इस मुलाकात से भारत की ऊर्जा सुरक्षा को नई गति मिलेगी, रक्षा उत्पादन को स्वदेशीकरण का बल मिलेगा, व्यापार एवं तकनीकी सहयोग विस्तृत होगा और रणनीतिक विश्वास की डोर और मजबूत होगी। पुतिन और मोदी की यह वार्ता बताती है कि भूराजनीति केवल प्रतिस्पर्धा नहीं, बल्कि भरोसे और सहयोग पर भी टिकती है। अतः कहा जा सकता है कि पुतिन की भारत यात्रा एक नई ऊर्जा, नए दृष्टिकोण और नई साझेदारियों की शुरुआत है-जहाँ भारत और रूस न केवल मित्र हैं, बल्कि वैश्विक स्तर पर संतुलित, स्वाधीन और बहुधू्रवीय विश्व व्यवस्था के निर्माता भी हैं। यह यात्रा उसी निर्माण का नवीन अध्याय है, जिसमें पुराने भरोसे से जन्म ले रहा है एक नया भविष्य। -ललित गर्ग



# घुसपैठ पर सुप्रीम कोर्ट की सख्ती

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

भारत आज एक ऐसी चुनौती से जूझ रहा है जिसे राजनीतिक शोरगुल और मानवीय दलीलों की आड़ में अक्सर दबा दिया जाता है, जबकि उसकी तीक्ष्णता लगातार बढ़ रही है। बांग्लादेशी और रोहिंग्या घुसपैठियों की बढ़ती संख्या अब केवल आंकड़ों का खेल नहीं रही, यह देश की सामाजिक संरचना, सुरक्षा व्यवस्था और आर्थिक संतुलन को गहराई तक चोट पहुँचा चुकी समस्या बन चुकी है। अलग-अलग आकलनों के अनुसार भारत में दो करोड़ से लेकर छह करोड़ तक अवैध घुसपैठिये मौजूद हो सकते हैं। केवल पश्चिम बंगाल में पचपन से साठ लाख तक और असम में पचास लाख तक की संख्या बताई जाती है। गुजरात, दिल्ली और महाराष्ट्र में लगातार चल रही छापेमार कार्रवाइयाँ इस संकट की जड़ें कितनी गहरी हैं, इसका प्रमाण देती हैं। इन परिस्थितियों के बीच सुप्रीम कोर्ट का हालिया रुख एक चेतावनी के रूप में सामने आया है। कोर्ट ने साफ शब्दों में कहा कि भारत अवैध प्रवेश करने वालों के लिए लाल कालीन नहीं बिछा सकता। यह चेतावनी अचानक नहीं आई। यह दशकों से खुली सरहदों और राजनीतिक ढिलाई का नतीजा है। न्यायालय ने पूछा कि क्या इन लोगों को भारत सरकार ने शरणार्थी घोषित किया है। जब इसका जवाब न में मिला, तो अदालत ने स्पष्ट कर दिया कि फिर कानून की दृष्टि से वे घुसपैठिये हैं। यह स्थिति साफ है और इसमें कोई दुविधा नहीं रहनी चाहिए। न्यायालय की टिप्पणी वस्तुतः उस वास्तविकता की ओर सीधा संकेत है जिसे लगातार नजरअंदाज किया जाता रहा है। भारत के अपने नागरिक आज भी गरीबी, बेरोजगारी और संसाधनों की कमी से जूझ रहे हैं। ऐसे में जो लोग अवैध तरीके से सीमा पार करके भारत में दाखिल होते हैं, वे सुरक्षा के लिए खतरा होने के साथ ही कहना होगा कि देश के सीमित संसाधनों पर भारी बोझ हैं। सुप्रीम कोर्ट का यह सवाल कि क्या भारतीय नागरिकों की कीमत पर अवैध घुसपैठियों को संसाधन और लाभ दिए जाएँ, बिल्कुल उचित है। अदालत ने कहा कि भारत में भी बहुत गरीब लोग मौजूद हैं जिनके अधिकारों और जरूरतों की अनदेखी नहीं की जा सकती। सबसे बड़ा खतरा सुरक्षा का है। घुसपैठिये बाड़ काटकर, नदी पार करके या नकली दस्तावेजों के सहारे भारत में आते हैं। इनमें से कई अपराधी, तस्कर या कट्टरपंथी संगठनों से जुड़े भी हो सकते हैं। कई बार ऐसे नेटवर्क पकड़े गए हैं। असम, बंगाल और दिल्ली में मिले फर्जी पहचान पत्र इस खतरे को और पुष्ट करते हैं। जब अवैध प्रवासी मतदाता सूची में घुसने लगते हैं, तब वे सिर्फ सुरक्षा पर हमला नहीं कर रहे होते हैं, वास्तव में ये लोकतंत्र की बुनियादी संरचना पर हमला होता है। घुसपैठ का दूसरा बड़ा दुष्परिणाम आर्थिक और सामाजिक असंतुलन है। अवैध तरीके से बसे लोग सरकारी योजनाओं का लाभ ले लेते हैं, राशन कार्ड हासिल कर लेते हैं, मजदूरी पर प्रभाव डालते हैं और स्थानीय लोगों के रोजगार को प्रभावित करते हैं। उनके कारण मजदूरी दरें गिरती हैं और सरकारी संसाधनों पर दबाव बढ़ता है। शहरों में भीड़ और अवैध बस्तियों की बढ़ोतरी इसी का परिणाम है। यह बात भी महत्वपूर्ण है कि अवैध प्रवासी जिस राज्य में बसते हैं वहाँ की जनसांख्यिकीय संरचना बदलने लगती है। असम, त्रिपुरा और बंगाल जैसे राज्यों में यह बदलाव अब साफ दिखने लगा है। यह बदलाव भविष्य में सामाजिक तनाव, राजनीतिक अस्थिरता और सांस्कृतिक संघर्ष की जमीन तैयार कर सकता है। इलाहाबाद हाई कोर्ट द्वारा उत्तर प्रदेश में घर-घर घुसपैठियों की तलाश का आदेश बताता है कि यह समस्या आज सिर्फ पूर्वोत्तर या पूर्वी भारत तक सीमित नहीं रह गई है। अवैध प्रवासी अब देश के हर हिस्से में पहुँच चुके हैं। वे पहचान पत्र बनवा लेते हैं और धीरे-धीरे स्थायी बसावट की प्रक्रिया शुरू कर देते हैं। यह स्थिति पूरे प्रशासनिक ढांचे के लिए चुनौती बन चुकी है। फिर इन सबके बीच यह तर्क दिया जाता है कि निर्वासन केवल कानूनी प्रक्रिया के अनुसार हो। पर न्यायालय ने इसका सीधा और तार्किक उत्तर दिया आज दे दिया है । कोर्ट ने स्पष्ट कहा है कि पहले अवैध तरीके से सीमा पार की जाए और जब पकड़ में आएँ तो कहा जाए कि अब हमें भारतीय कानूनों का पूरा संरक्षण दिया जाए, यह तर्क स्वीकार नहीं किया जा सकता। कानून का दुरुपयोग और राष्ट्र के संसाधनों का दोहन किसी भी परिस्थिति में न्यायोचित नहीं है।

## सेहत मंत्र

# एंटीबायोटिक्स से हो सकेगा अपेंडिसाइटिस का इलाज, नहीं पड़ेगी ऑपरेशन की जरूरत: शोध

अपेंडिसाइटिस जिसे कुछ लोग अपेंडिक्स भी कहते हैं, पेट की एक गंभीर समस्या है। अपेंडिसाइटिस होने पर मरीज को असहनीय दर्द होता है और परेशानी होती है। अब तक अपेंडिसाइटिस का इलाज ऑपरेशन द्वारा ही किया जाता है मगर आने वाले दिनों में इस रोग का इलाज एंटीबायोटिक दवाओं से किया जा सकता है। हाल में हुए एक शोध में इस बात का दावा किया गया है कि अब अपेंडिसाइटिस की समस्या होने पर मरीज के अपेंडिक्स को निकालने की बजाय एंटीबायोटिक दवाओं के द्वारा इसे ठीक किया जा सकेगा। टुर्कू यूनिवर्टिसिटी हॉस्पिटल की सर्जन और शोधकर्ता डॉ. पॉलिना सेलमिनेन ने बताया कि 'अपेंडिसाइटिस के ज्यादातर मामले गंभीर नहीं होते, बावजूद इसके अब तक उसके इलाज के लिए अभी तक ऑपरेशन द्वारा अपेंडिक्स को निकालना पड़ता है। मगर अब ऑपरेशन की जरूरत केवल उन्हीं मामलों में पड़ेगी, जिनमें अपेंडिक्स के फटने की आशंका हो।' उन्होंने कहा कि 'एंटीबायोटिक थेरेपी पूरी तरह सुरक्षित है।' उन्होनें यह भी कहा कि अपेंडिसाइटिस के केवल 20-30 प्रतिशत मरीजों को ही ऑपरेशन की जरूरत होती है जबकि 70-80 प्रतिशत मामलों को सिर्फ एंटीबायोटिक्स के द्वारा ही ठीक किया जा सकता है। इस शोध के लिए अपेंडिसाइटिस के 273 मरीजों को चुना गया, जिनमें से 257 मरीजों का इलाज एंटीबायोटिक्स के द्वारा सफलतापूर्वक कर दिया गया है। शोधकर्ताओं ने पाया कि जिन मरीजों का इलाज एंटीबायोटिक्स द्वारा किया गया था, उन्हें इलाज के 5 साल बाद भी ऑपरेशन की जरूरत नहीं पड़ी। ये रिपोर्ट 'जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिशन ' में छापी गई है। दो साल से कम उम्र के बच्चों में यह रोग बहुत कम होता है, लेकिन इसके बाद पच्चीस वर्ष तक की आयु के किसी भी स्त्री या पुरुष को ये समस्या हो सकती है, यह समस्या वृद्ध लोगों में कम होती है। इससे प्रभावित व्यक्ति में शुरुआत में पेट में बीच के हिस्से में बार-बार तेज़ दर्द होता है। और फिर ये दर्द पेट में दाहिनी ओर उठने लगता है और कई बार तो असहनीय हो जाता है।

## धर्म मंत्र

# विष्णु जी की पूजा में पढ़िए इस मंत्र को तो भक्त ध्रुव की तरह दूर होंगे संकट

बृहस्पतिवार को भगवान विष्णु की पूजा में उनके इस मंत्र का जाप करें। ये द्वादश अक्षर मन्त्र विष्णु भक्त ध्रुव ने पढ़ा तो उनके सब संकट दूर करने स्वयं गए थे भगवान। ध्रुव ने जपा था ये मंत्रः बृहस्पतिवार को भगवान विष्णु की पूजा से सभी भौतिक सुख प्राप्त होते हैं। विशेष रूप से नौकरी या व्यवसाय में पद और तरक्की के लिए इस दिन विष्णु जी की पूजा बहुत शुभ व प्रभावी मानी गई है। पौराणिक कथाओं की मानें तो भक्त ध्रुव ने अद्भुत विष्णु भक्ति से ही ऊंचा पद व यश पाया, जिसके लिए उन्होंने द्वादश यानी बारह अक्षर के मंत्र से भगवान का विष्णु स्मरण किया था। महामंत्र है येः द्वादश अक्षर मन्त्र केवल मन्त्र नहीं भगवान विष्णु का महामन्त्र है। ऐसा विश्वास किया जाता है कि इस महामन्त्र के प्रभाव से साधक मनवांछित फल की प्राप्ति कर सकता है। विशेष बात ये है कि इस महामन्त्र का जाप करने के लिए पौराणिक शास्त्रों व ग्रंथो में कोई विशेष निषेध या प्रतिबंध नहीं बताया गया है। स्त्री-पुरुष कहीं भी, कभी भी द्वादश अक्षर मन्त्र का जाप कर के विष्णु जी की कृपा व स्नेह प्राप्त कर सकता है। क्या है द्वादश अक्षर मन्त्र : ऊं नमो भगवते वासुदेवाय, यही है वो द्वादश अक्षर मन्त्र जिसका सम्पूर्ण विधि विधान के साथ जाप किया जाये तो संसार की कोई भी उपलब्धि प्राप्त की जा सकती है। कहते हैं कि इस मंत्र के 12 लाख जप किये जाय तो संसार की समस्त सुख सुविधाओं के साथ शान्ति भी प्राप्त हो सकती है। यह मन्त्र परम कल्याणकारी सिद्ध होता है।

## पर्यटन



# 4,600 फीट की ऊंचाई पर बना है दुनिया का यह सबसे लंबा ग्लास ब्रिज

कुछ लोगों को एडवेंचर का बहुत शौक होता है, जिसके कारण वो पहाड़ों पर जाना पसंद करते है। अगर आपको भी एडवेंचर का शौक है तो आज हम आपको एक ऐसे पुल के बारे में बताएंगे जहां आप अपने इस शौक को पूरा कर सकते है। चीन में बना यह पुल काफी ऊंचाई पर बना है, जिसके नीचे एक गहरी खाई दिखाई देती है और यही लोगों के डर और एडवेंचर का कारण बना हुआ है। अगर आप भी कुछ एडवेंचर्स करने की सोच रहे हैं तो इस पुल पर जाकर आप अपने शौक को पूरा कर सकते हैं। आइए जानते है ऐसा क्या खास है इस ग्लास बॉटम ब्रिज में। समुद्र तल से करीब 4,600 फीट पर बने चीन के इस ग्लास बॉटम ब्रिज से नीचे गहरी खाई दिखाई देते हैं, जिसके कारण लोग इसपर डर-डर के चलते हैं। तियानमेन माउंटेन पर बना यह पुल 100 मीटर लंबा और 1.6 मीटर चौड़ा है। लोगों में लोगों में रोमांच पैदा करने वाले इस ब्रिज को बनाने के लिए 1077 पारदर्शी शीशों का इस्तेमाल किया गया है, जिसका करीब 70 हजार किलोग्राम है। इस ब्रिज की सबसे बड़ी खासियत यह है कि ये ब्रिज लहराता (स्विंगिंग) है। कंपनी का मानना है कि इसका स्विंगिंग मोशन यहां आने वाले विजिटर्स को अट्रैक्ट करेगा। इस ग्लास ब्रिज को पहाड़ पर बनी तियानमेन गुफा तक पहुंचने के लिए बनाया जाता है। हालांकि इस गुपा तक पहुंचने के लिए बहुत से लोग ट्रैकिंग भी करते हैं लेकिन आजकल तो इस ब्रिज से जाना भी लोगों के लिए एडवेंचर बन गया है। इस ग्लास ब्रिज से आप तियानमेन पहाड़ी की घाटी का खूबसूरत नजारा साफ देख सकते हैं। इस ब्रिज पर चलते समय नीचे लगा कांच दरकने लगता है और लोगों को भागने पर वह पूरी तरह चूर-चूर हो जाता है। दरअसल यह एक मजाक है, जिससे लोगों के ट्रिप को और भी एडवेंचर्स बनाया जाता है। इस ग्लास ब्रिज में कांच की दो पर्तें एक के ऊपर एक लगी हैं। जब लोग इसपर चलते है तो कांच दरकने और धंसने लगता है लेकिन वो टूटता नहीं है।

# एसआईआर में 100% डिजिटाइजेशन व 90% से अधिक मैपिंग करने वाले 14 और बीएलओ सम्मानित

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। 2025-मा0 भारत निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियानऽ2026 के अंतर्गत जनपद में निर्वाचन से संबंधित सभी प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी, शुद्ध एवं तकनीकी रूप से उन्नत बनाने के उद्देश्य से निरंतर सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। इसी श्रृंखला में गुरुवार को जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी श्री शशांक त्रिपाठी द्वारा अभियान में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर निर्धारित लक्ष्यों को समय से पूर्व पूरा करने वाले 14 बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) को प्रशस्तिऽपत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इन बीएलओ ने अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वप्रथम 100 प्रतिशत डिजिटाइजेशन एवं 90 प्रतिशत से अधिक मैपिंग का लक्ष्य प्राप्त कर अभियान को नई गति एवं मजबूती प्रदान की है। ज्ञातव्य है कि इसके पहले भी जिलाधिकारी सर्वप्रथम कार्य पूर्ण करने पर 04 बीएलओ को सम्मानित कर चुके है। इस दौरान जिलाधिकारी ने उनके उत्कृष्ट कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि

## डीएम की अपील जनपद में 100 डिजिटाइजेशन व 90 प्रतिशत से अधिक हो मैपिंग

जनपद को राज्य स्तर पर आदर्श जनपद के रूप में स्थापित करने में प्रत्येक बीएलओ की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं प्रेरणादायी होगी।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी(वि/रा) श्री निरंकार सिंह व अन्य उपस्थित रहे।

## डीएम की अपील ,साथियों को प्रेरित कर लक्ष्य प्राप्ति में सहयोग दें

जिलाधिकारी ने सभी बीएलओ को प्रेरित करते हुए कहा कि जिस तरह आप सभी ने उत्कृष्ट कार्य करते हुए निर्धारित लक्ष्यों को प्राप्त किया है, उसी प्रकार अपने साथ कार्य कर रहे बीएलओ को भी प्रेरित और सहयोग करें। उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य है जनपद में 100% डिजिटाइजेशन तथा 90% से अधिक मैपिंग को समयबद्ध रूप से पूर्ण कर उत्कृष्टता के नए मानक



स्थापित करना। जिलाधिकारी ने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक प्रयास, टीम वर्क तथा निरंतर समन्वय के माध्यम से यह लक्ष्य अवश्य प्राप्त होगा।266 कुर्सी विधानसभा के भाग संख्या 455 के बीएलओ श्री मोहम्मद याकूब अज़ीज़ुल हक़ (सहायक अध्यापक),267 विधानसभा रामनगर की भाग संख्या 35 के बीएलओ श्री रामकरन(अनुदेशक),भाग संख्या 98 के बीएलओ श्री धीरेंद्र कुमार (शिक्षक),भाग संख्या 108 के बीएलओ श्री रोहित कुमार यादव (पंचायत सहायक), भाग संख्या 152 के बीएलओ श्री संजय कुमार पांडेय (अनुदेशक),268 विधानसभा बाराबंकी की भाग संख्या 155 की बीएलओ श्रीमती प्रीति (सहायक अध्यापक),भाग संख्या 170 के बीएलओ श्री रामजी बाजपेयी(अनुदेशक),269 विधानसभा जैदपुर की भाग संख्या 139 के बीएलओ श्री कमिश्नर (रोजगार सेवक) 270 विधानसभा दरियाबाद की भाग संख्या 58 के बीएलओश्री अशोक कुमार (ग्राम स्तर कार्यकर्ता),भाग संख्या 60 के बीएलओ श्री दीपक कुमार तिवारी(ग्राम स्तर कार्यकर्ता),भाग संख्या 158 के बीएलओ श्री सत्य प्रकाश (सहायक अध्यापक),भाग संख्या 159 की बीएलओ श्री संतोष कुमार (रोजगार सेवक),भाग संख्या 351 के बीएलओ श्री रोहित उपाध्याय (सहायक अध्यापक) व 272 हैदरगढ़ विधानसभा की भाग संख्या 50 के बीएलओ श्री आलोक कुमार सिंह (शिक्षक) को प्रशस्ति पत्र प्रदान करते जिलाधिकारी ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## बहरौली आश्रम, हवन–पूजन को उमड़ी आस्था

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** कुर्सी क्षेत्र के बहरौली स्थित प्रसिद्ध बाबा मस्तराम दास आश्रम में प्रत्येक माह की पूर्णिमा से पहले गुरुवार को होने वाले हवन–पूजन कार्यक्रम में इस बार श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। क्षेत्र के अलावा लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, बहराइच, हरदोई, रायबरेली सहित विभिन्न जनपदों से हजारों भक्त बाबा के दर्शन और आशीर्वाद के लिए आश्रम पहुंचे। ठंड के बावजूद सुबह से शुरू हुई भीड़ देर शाम तक लंबी कतारों में बदलती रही। श्रद्धालुओं ने परिवार एवं बच्चों के साथ पहुंचकर बाबा मस्तराम दास की कुटी पर हवन–पूजन में भाग लिया और आशीर्वाद प्राप्त किया। मान्यता है कि पूर्णिमा से पहले होने वाला यह विशेष हवन भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती तथा वातावरण को शुद्ध होता है।

## फुट ओवर ब्रिज निर्माण, सतीश ने लिखी पाती, मंत्री ने गडकरी को भेजा पत्र

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** जिला पंचायत सदस्य अभिषेक वर्मा की मांग पर राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोटवा सड़क व दुलहदेपुर मोड के पास आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने चिन्ता जताते हुए केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री को पत्र भेज कर फुट ओवर ब्रिज बनाए जाने की मांग की है।विदित हो कि दुल्हदेपुर मोड़ व कोटवा सड़क के पास राष्ट्रीय राजमार्ग को सुरक्षित रूप से पार करने के लिए न तो कट उपलब्ध है और न ही ओवरब्रिज, अंडरपास या फुट ओवरब्रिज जैसी कोई सुविधा ही है जिसके चलते तेज रफ्तार वाहनों की आवाजाही के बीच ग्रामीणों को जान जोखिम में डालकर सड़क पार करनी पड़ती है।इसी जनसमस्या को ध्यान में रखते हुए सतीश चन्द्र शर्मा ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गड़करी को पत्र भेजकर दोनों स्थानों पर फुट ओवरब्रिज (एफओबी) निर्माण कराने की मांग की है।

## नवागत बीएसए ने की एसआईआर की समीक्षा, निरीक्षण

**निंदूरा बाराबंकी, कैनविज टाइम्स संवाददाता।** नवागत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार पाठक ने कंपोजिट विद्यालय कुर्सी का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में खामियां मिलीं उन्हें दूर करने के निर्देश संबंधितों को दिए। सुबह करीब 11 बजे बीएसए उच्च प्राथमिक विद्यालय कुर्सी पहुंचे। यहां उनका स्वागत किया गया। श्री पाठक ने निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मतदान केंद्र पर मतदाताओं की मैपिंग, पिछले एसआईआर के आधार पर सूची तैयार करने, विस्थापित एवं मृतक मतदाताओं की सूची बनाने सहित अन्य कार्यों की स्थितियों की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान बीएसए ने विद्यालय के प्रधानाध्यापक को शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, विद्यालय परिसर की स्वच्छता, भौतिक सुविधाओं की सुरक्षा, मिड–डे–मील मेन्यू के अनुरूप तैयार कराने, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख–रखाव तथा विद्यालय में किचेन गार्डन विकसित करने के निर्देश दिए। एसआईआर कार्य में तैनात सभी बीएलओ और सुपरवाइजरों के साथ बैठक कर 100 प्रतिशत त्रुटिरहित कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। इस अवसर पर खण्ड शिक्षा अधिकारी सुषमा सेंगर, संदीप वर्मा, हरि प्रकाश शुक्ल, अभिषेक गिरि, शिव शंकर सिंह, कोमल कुमार, हिमेश ठाकुर, योगेंद्र सिंह, अनामिका श्रीवास्तव, अलका मिश्रा, सतेंद्र भास्कर, सुशील सैनी एवं एआरपी गण मौजूद रहे।

## मुरादाबाद में घूसखोरों से त्रस्त बेरोजगार ने दी आत्महत्या की धमकी

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में घूसखोरी से परेशान बेरोजगार युवक ने श्रम विभाग की बिल्डिंग की तीसरी मंजिल पर चढ़कर आत्महत्या कर लेने की धमकी देते हुए उच्च अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए।

उप श्रमायुक्त दीप्तिमान भट्ट ने पीड़ित युवक के आरोपों को नकारते हुए बताया कि जिले की कांठ तहसील क्षेत्र के गांव सहडौली निवासी लोकेश कुमार द्वारा भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अंतर्गत जनसेवा केंद्र के माध्यम से अपना पंजीयन 18 जनवरी 2020 को कराया था। उसी पंजीयन के सापेक्ष लोकेश के द्वारा अपनी द्वितीय संतान के पैदा होने पर बोर्ड द्वारा संचालित मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के तीन अगस्त 2025 के अंतर्गत किए गए आवेदन को आनलाइन प्रस्तुत किया गया।


आवेदन की जांच में तथ्य सही नहीं पाए गए। चूंकि भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार ( नियोजन एवं सेवाशर्त विनियमन) 1996 की धारा –12 (1) के अनुसार निर्माण श्रमिकों के पंजीयन का प्रावधान किया गया है तथा बोर्ड की अधिसूचना एक अक्टूबर 2020 के नियम –4 के अनुसार आवेदन की जांच में निर्माण श्रमिक पात्र नहीं पाए जाने पर पंजीयन को शून्य मानते हुए आवेदन निरस्त कर दिया गया।

# अगानपुर गांव के पास रेलवे ओवरब्रिज पर डामरीकरण कार्य तेज, हादसे के बाद रेलवे विभाग सक्रिय

कैनविज टाइम्स संवाददाता

रामनगर बाराबंकी । तहसील रामनगर क्षेत्र के अगानपुर गांव के पास स्थित रेलवे ओवरब्रिज पर लंबे समय से क्षतिग्रस्त सड़क मार्ग अब नए रूप में तैयार किया जा रहा है। रेलवे विभाग ने ओवरब्रिज के ऊपर बनी डामर सड़क में बने बड़े-बड़े गड्ढों को संज्ञान में लेते हुए गुरुवार दोपहर से डामर कार्य शुरू कर दिया है। हाईवे से जुड़ने वाला यह मार्ग रामनगरऽफतेहपुर की ओर जाने वाले हजारों लोगों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। सप्ताह इसी ओवरब्रिज पर एक बड़ा हादसा हुआ था, जब अनियंत्रित डंपर पुल की रेलिंग तोड़कर सीधे रेलवे ट्रैक पर जा गिरा था। इस घटना में पुल का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया था। हादसे के बाद रेलवे विभाग पूरी तरह सतर्क हो गया और पुल की मरम्मत व सड़क के पुनर्निर्माण का कार्य तुरंत शुरू कर दिया गया।रेलवे विभाग के सीनियर सेक्शन

## मनोहर कुमार की देखरेख में ओवरब्रिज की मरम्मत



इंजीनियर मनोहर कुमार ने बताया कि ओवरब्रिज पर डामर सड़क अत्यधिक जर्जर हो गई थी और कई गहरे गड्ढे बन गए थे, जिनसे दुर्घटना की आशंका बनी रहती थी। इसीलिए विभाग ने तुरंत कर्मचारियों को लगाकर पत्थर की बिटिया डालकर बेस मजबूत किया और उस पर डामर बिछाने का कार्य तेजी से कराया जा रहा है। जल्द ही यह मार्ग पूर्ण रूप से सुगम व सुरक्षित रूप में तैयार हो जाएगा।स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग की खराब स्थिति को लेकर कई बार मौखिक शिकायतें की गईं और मीडिया के माध्यम से भी आवाज उठाई गई, जिसके बाद विभाग हरकत में आया। लोगों का कहना है कि यदि बीते सप्ताह दुर्घटना न होती तो संभवतः यह कार्य इतनी जल्दी शुरू नहीं होता।लहाल रेलवे विभाग की तत्परता से ओवरब्रिज का डामरीकरण युद्ध स्तर पर चल रहा है, जिससे जल्द ही आमजन को राहत मिलने की उम्मीद है।

# संविधान दिवस को लेकर बैठक आहूत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



रामनगर बाराबंकी। आगामी 6 दिसंबर दिन शनिवार को दोपहर 2 बजे संविधान दिवस पर तहसील सभागार में अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रम को सफल बनाने के उद्देश्य से तहसील परिसर में अधिवक्ताओं की एक बैठक आहूत की गई जिसमें तमाम बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। आज गुरुवार को तहसील में आयोजित तैयारी बैठक में अधिवक्ता परिषद अवध प्रांत की जिला इकाई के अध्यक्ष कौशल किशोर त्रिपाठी ने सभी अधिवक्ता बंधुओ से कहा कि कार्यक्रम बहुत ही शानदार होना चाहिए इसमें सभी लोगों का भरपूर सहयोग व सहभागिता जरूरी है। बैठक में मौजूद तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अनिल कुमार दीक्षित महामंत्री सुरेश चंद्र मिश्रा पूर्व अध्यक्ष शिव प्रकाश अवस्थी पूर्व महामंत्री सुरेश चंद्र त्रिपाठी शास्त्री रामचंद्र शुक्ला गौरी शंकर तिवारी वरिष्ठ अधिवक्ता चैतन्य नारायण अनिल गुप्ता इन्द्रमणि त्रिपाठी प्यारेलाल मिश्र दीपक श्रीवास्तव जय नाथ गौतम सहित सभी अधिवक्ताओं ने कार्यक्रम की कामयाबी के लिए पूरा सहयोग व सहभागिता करने की बात कही।

# एमएलसी ने विद्यालय प्रबंधन की प्रशंसा, बच्चे पुरस्कृत

कैनविज टाइम्स संवाददाता



सिरौलीगौसपुर बाराबंकी। प्राथमिक विद्यालय बदोसराय प्रथम पहुचे विधान परिषद सदस्य अंगद कुमार सिंह ने विद्यालय के भौतिक एवं शैक्षिक वातावरण की प्रशंसा की एवं प्रत्येक कक्षा में सर्वांगीण क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र छात्राओं को पुरस्कृत भी किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार में परिषदीय विद्यालयों में चलाई जा रही महत्वपूर्ण योजनाओं कायाकल्प, मिशन शक्ति, डीबीटी से विद्यालयों की स्थिति में अमूल परिवर्तन हुआ है एवं उनमें अध्ययनरत छात्र छात्रा किसी भी कान्वेंट स्कूल से कम नहीं हैं। विभागीय योजनाओं के महत्व एवं उनके सकारात्मक परिणामों पर चर्चा की। कक्षा दो की छात्रा आरूही, कक्षा पांच के छात्र मो0 अरशद सहित अनेक छात्र छात्राओं को पुरुस्कृत किया गया। इस अवसर पर उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ जिला अध्यक्ष अभिषेक सिंह, भाजपा मंडल महामंत्री अमित पांडेय, प्रतिनिधि अमरेंद्र सिंह बब्लू, ग्राम प्रधान निसार मेंहदी, जिला मंत्री राम सागर कन्नौजिया शिक्षक धर्मराज, मेहर आलम, पूजा गुप्ता, पूनम वर्मा, अर्शिया खातून, आरफा खातून, शबीना इब्राहिम, नवीन मिश्र सहित अनेक जन उपस्थित रहे।

# अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर आयोजित

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हैदरगढ़, बाराबंकी। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर फतेहगंज स्थित ग्रामोदय विकास संस्थान में दिव्यांगजनो के लिए विधिक जागरूकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके कानूनी अधिकारों, सुरक्षा, सम्मान एवं सरकारी सहायता योजनाओं के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम के सचिव कुंवर बहादुर ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पूरी दुनिया में दिव्यांगजनों के सम्मान, समान अधिकार और भेदभाव मिटाने के संदेश के साथ मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि यदि दिव्यांगजन के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव, हिंसा या उत्पीड़न होता है तो प्राधिकरण द्वारा निःशुल्क चिकित्सीय सहायता एवं अधिवक्ता उपलब्ध कराया जाता है।उन्होंने शिक्षा का अधिकार, सुलभता, सुरक्षा, रोजगार, वित्तीय सहायता सहित अन्य कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तृत जानकारी दी।शिविर में विभिन्न मनोरंजक प्रतियोगिताएँ व्यक्तिगत नृत्य, सामूहिक नृत्य, गुब्बारा प्रतियोगिता और केला दौड़ आयोजित की गईं। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 9 बच्चों को सचिव कुंवर बहादुर द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में अधिवक्ता सुरेन्द्र कुमार, प्रबंधक देवी प्रसाद यादव, विशेष शिक्षक मो. नसीर, शिक्षक दया शंकर मिश्रा, संदीप श्रीवास्तव, रविन्द्र कुमार, मयंक मिश्रा, सहायक अर्चना कश्यप, रेनू, रोली, केयरटेकर आलोक यादव, चपरासी शशिकांत, लवकेश द्विवेदी और विशाल का विशेष योगदान रहा।कार्यक्रम का संचालन अजय कुमार यादव ने किया तथा अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष देवी प्रसाद यादव द्वारा की गई। आयोजन क्षेत्र के लोगों के लिए सार्थक, कल्याणकारी और उत्साहवर्धक सिद्ध हुआ।

# बालाजी ग्रुप्स स्कूल्स स्पोर्ट्स मीट नृत्य प्रतियोगिता, गौरी अव्वल

कैनविज टाइम्स संवाददाता

बाराबंकी। बालाजी ग्रुप ऑफ स्कूल्स द्वारा आयोजित आठवीं स्पोर्ट्स मीट के चौथे दिन कक्षा प्लेग्रुप अपर प्लेग्रुप एलजी,फर्स्ट और सेकंड कक्षाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, साथ ही बालाजी का बचपन सत्य प्रेमी शाखा में कंपैशन हाउस ग्रुप एबीसी की कैरम इंट्रा प्रतियोगिता आयोजित हुई। इन प्रतियोगिताओं में चारों विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साह और जोश के साथ हिस्सा लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया।जिसमें बालाजी का बचपन सत्य प्रेमी ब्रांच मे आयोजित प्रतियोगिताओं में कक्षा फर्स्ट में गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -दर्श टंडन, ग्रंथ,द्वितीय स्थान -शिवांश ,अद्वैत,तृतीय स्थान-आयुष्मान ,आरिश, सांत्वना-प्रतिष्ठा कृषिव, गौरी, ने नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - यामी श्रीवास्तव, ईशानी,द्वितीय स्थान -शगुन, अक्षिता,तृतीय स्थान -कृशा, आध्या, सांत्वना-आरुष ,शिवाय, शिवांशी, कार्तिक श्रीवास्तव, आयत सलीम भूमि ,अथर्व, रियांश, आराध्या प्रजापति, अंग्रेजी कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-अद्वैत, आरुष,द्वितीय स्थान-दर्श, ग्रंथ,तृतीय स्थान-समृद्धि,सिद्र,सांत्वना-अभ्यांश,

हिंदी कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - अफनान, आरव,द्वितीय स्थान -सिद्र ,निष्ठा,तृतीय स्थान -अरि दमन, अजलन, सांत्वना-आयुष्मान, अरिन, स्पीच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-अल्हान,गौरी गुप्ता, द्वितीय स्थान-अभ्यांश,अद्वैत,तृतीय स्थान -आयुष्मान, एलिशबा सांत्वना-शिवांशी धनुक, अफनान, अजलन,आरिश,आर्या,कलरिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -निहित, अनामिका,द्वितीय स्थान -शगुन, आद्रिका श्रीवास्तव, तृतीय स्थान -गौरविका ,आयज़ा, सांत्वना-आरुष मौर्य ,इशा द्विवेदी, कृषा ,आयात फातिमा,वयज़ा,आद्या शुक्ला ,एलिजा।कक्षा 2 की सेक रेस में प्रथम स्थान-अयांश मिश्रा,वाद्य गुप्ता, द्वितीय स्थान- राघवी गुप्ता, स्वास्तिक त्रिपाठी, तृतीय स्थान-निया जायसवाल,राघव द्विवेदी, पेपर रेस में प्रथम स्थान -दिव्यांश वर्मा ,वाद्य गुप्ता, द्वितीय स्थान आयांश मिश्रा, वान्या मिश्रा, तृतीय स्थान-काव्य वर्मा, राघव द्विवेदी विजय प्राप्त करी। कंपैशन हाउस ग्रुप इंट्रा कैरम



प्रतियोगिता कक्षा 3 से 8 के ए ग्रुप में प्रथम स्थान -अर्थ वर्मा, द्वितीय स्थान-मोहम्मद,सेफ़वान,अंसारी, तृतीय स्थान -अद्विका,बी ग्रुप में प्रथम स्थान -विराट यादव,द्वितीय स्थान -अथर्व सिंह,तृतीय स्थान - नंदिता चौधरी,सी ग्रुप में प्रथम स्थान-यहया, द्वितीय स्थान -लवया,तृतीय स्थान -विनायक सोनी विजय प्राप्त करी। इसी क्रम में बालाजी अकेडमी बंकी ब्रांच में कक्षा 2 की सैक रेस में प्रथम स्थान-सत्यम वर्मा द्वितीय स्थान-अनन्या,दीक्षित तृतीय स्थान- दिव्यांशी सिंह, सांत्वना - आरुष वर्मा, पेपर रेस में प्रथम स्थान-शिवन्या, द्वितीय स्थान- वैष्णवी ,तृतीय स्थान- शिवांश राजपूत। कक्षा एक की कलरिंग प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- साधना द्वितीय स्थान -ज़यान, तृतीय स्थान-प्राणिका,सांत्वना- आस्था, हिंदी कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हसनैन फरीद , द्वितीय स्थान-ऋतिक श्रीवास्तव, तृतीय स्थान -आयशा रहमान अंसारी, सांत्वना-नैंसी वर्मा, इंग्लिश कविता प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- अफीफा जहरा, द्वितीय स्थान-जानवी सिंह, नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- प्राणिका शर्मा ,तृतीय स्थान-गौसिया,सांत्वना- चाहत ,आरोही, गायन प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- आरोही, द्वितीय स्थान- अनिका वर्मा ,तृतीय स्थान- दीपांशी राय ,सांत्वना-नैंसी वर्मा, स्पीच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान -शिवांश रावत ने विजय प्राप्त करी। बालाजी के सिविल लाइन ब्रांच में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा प्ले ग्रुप में स्पीच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आयत अली, दक्षित गुप्ता, द्वितीय स्थान -दृश्यानी दीक्षित, तनीषा गुप्ता,तृतीय स्थान-आद्या नाग, वामिका द्विवेदी ने विजय प्राप्त करें।

टाइम्स पब्लिक स्कूल कंपनी बाग में आयोजित प्रतियोगिता में कक्षा प्ले ग्रुप मैं रोल प्ले स्पीच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान-जुनैशा ,द्वितीय स्थान- अभिजीत कुमार मिश्रा, तृतीय स्थान- अब्दुल बारी, सांत्वना पुरस्कार- हानिया किदवई, कविश गोस्वामी ,सेफ़वान हसन ,वेदांत पाठक ,कार्तिकेय यादव। कक्षा अपर प्लेग्रुप में रोल प्ले स्पीच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान उम्मे जैनब ,द्वितीय स्थान मोहम्मद यूसुफ ,तृतीय स्थान- समरा शेख ,सांत्वना पुरस्कार-मोहम्मद वहाज कफील खान, यश सिंह ,मोहम्मद फ़ज़ा, वीर साहू ,अनंत पाठक, कक्षा एलजी रोल प्ले स्पीच प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- अतुल्य पटेल, द्वितीय स्थान-अक्षांश यादव, तृतीय स्थान- अनाबिया सैफ, सांत्वना पुरस्कार- आयशा खान, तनिष्का वर्मा, तानिश अन्वी मिश्रा, आध्या राय ने विजय प्राप्त करी। इन प्रतियोगिताओं के सभी विजेताओं को मेडल और सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया।इन प्रतियोगिताओं का समापन सफलतापूर्वक किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।इस अवसर पर विद्यालय के निदेशक श्री अंकुर माथुर जी, चारों शाखाओं की प्रधानाध्यापिका श्रीमती सविता कौर, श्रीमती अना मैम, श्रीमती नाजिया मैम और श्रीमती निकहत परवीन, उप प्रधाना प्रधानाध्यापिका श्रीमती अल्पना कौर, कोऑर्डिनेटर श्रीमती ऋचा अग्निहोत्री व विद्यालय की सभी अध्यापिकाएँ उपस्थित रहीं।

# पहली गेंद से ही लग रहा था कि कोहली लगातार दूसरा शतक लगाने में सफल रहेंगे: गावस्कर

एजेंसी





रायपुर। पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में शुरू से ही लग रहा था कि विराट कोहली शतक लगाने में सफल रहेंगे क्योंकि इस दिग्गज बल्लेबाज ने छक्का लगाकर अपना खाता खोला और पिछले मैच के अपने आत्मविश्वास को बनाए रखा। कोहली ने बुधवार को यहां 93 गेंदों पर 102 रन बनाए, जो 50 ओवर के प्रारूप में उनका 53वां शतक और सभी प्रारूप में मिलाकर 84वां शतक है। हालांकि भारत यह मैच चार विकेट से हार गया। उन्होंने 30 नवंबर को रांची में खेले गए पहले मैच में 120 गेंदों पर 135 रन बनाए थे जिससे भारत ने यह मैच 17 रन से जीता था। जियोस्टार विशेषज्ञ गावस्कर ने कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो किसी भी समय ऐसा नहीं लगा कि वह शतक नहीं बना पाएंगे। पहली गेंद से ही ऐसा लगा कि वह रांची की अपनी पारी को ही आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा, ''कोहली ने हुक करके छक्का जड़कर शुरुआत की। यह एक ऐसा शॉट जिसे वह अक्सर नहीं खेलते हैं। इससे उनके आत्मविश्वास का पता चलता है। उसके बाद से ही लग रहा था कि वह शतक बनाने में सफल रहेंगे। कोहली और रुतुराज गायकवाड़ (83 गेंदों पर 105 रन) ने 195 रन जोड़कर वनडे में भारत की ओर से तीसरे विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी का रिकॉर्ड बनाया। गावस्कर ने कहा, ''रुतुराज के साथ उनकी साझेदारी शानदार रही। रुतुराज ने जिस पहली गेंद का सामना किया वह यानसन की बाउंसर थी, जो जायसवाल को आउट करने के ठीक बाद आई थी। वह इसे चौके के लिए भेजने में कामयाब रहे और इसके बाद कोहली उनका मनोबल बढ़ाने के लिए उनके पास गए। रुतुराज ने इसके बाद पूरे आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी की। भारत ने लगातार 20वीं बार टॉस गंवाया। दक्षिण अफ्रीका ने चार गेंद शेष रहते 359 रन का लक्ष्य हासिल करके तीन मैच की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। गावस्कर ने कहा, ''टॉस बहुत अहम था। आउटफील्ड काफी गीली थी। शुरुआती छह ओवरों को छोड़कर गेंद हमेशा गीली रही। इसका असर गेंदबाजों पर ही नहीं क्षेत्ररक्षकों पर भी पड़ता है। आप गेंद पर सही ग्रिप नहीं बना पाते हैं। इसलिए टॉस ने बहुत बड़ा अंतर पैदा किया।

# कोच का दांव सफल, शिंटोमन ने केआईयूजी में 110 मीटर हर्डल्स का तोड़ा रिकॉर्ड

एजेंसी




जयपुर। महात्मा गांधी विश्वविद्यालय के धावक सीबी शिंटोमन ने बुधवार को खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) 2025 में पुरुषों की 110 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में नया कीर्तिमान स्थापित कर सबको चौंका दिया। 23 वर्षीय शिंटोमन ने 14.32 सेकंड का समय लेकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया और पिछले मीट रिकॉर्ड (14.40 सेकंड) को तोड़ डाला। केरल के इडुक्की जिले के एरटायर गांव के शिंटोमन की जिंदगी 2021 तक पढ़ाई, स्कूल फुटबॉल और छुट्टियों में इलायची बागानों में मजदूरी तक सीमित थी। उन्होंने कभी सिंथेटिक ट्रैक पर कदम भी नहीं रखा था, लेकिन एक स्कूल फुटबॉल मैच के दौरान केरल स्पोर्ट्स काउंसिल अकादमी के कोच बैजू जोसेफ की नजर उन पर पड़ी। उनकी मजबूत बॉडी और स्वाभाविक एथलेटिक क्षमता को देखते हुए कोच ने उन्हें एथलेटिक्स की ओर मोड़ा। 400 मीटर और हाई जंप से शुरुआत हुई और धीरे-धीरे वह अपने सही इवेंट 110 मीटर हर्डल्स तक पहुंचे। महज दो साल में शिंटोमन ने अद्भुत सुधार किया है। जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में हुए रोमांचक फाइनल में उन्होंने मामूली फासले से शिवाजी विश्वविद्यालय के विकास आनंद खोड़के (14.516 सेकंड) और कैलिकट विश्वविद्यालय के रहील साकीर वीपी (14.518 सेकंड) को पछाड़ते हुए गोल्ड पर कब्जा जमाया। शिंटोमन ने जीत के बाद साईं मीडिया से कहा, यह मेरा पहला केआईयूजी गोल्ड है और मुकाबला काफी कड़ा था। इतने प्रतिस्पर्धी फील्ड में हिस्सा लेना और पहली बार में ही गोल्ड जीतना मेरे लिए बहुत खास है। मजदूरी कर घर चलाने वाले एक पेंटर के बेटे शिंटोमन का बचपन खेलों से दूर बीता। वह बताते हैं कि उनका परिवार आज भी उनकी उपलब्धियों से अधिक परिचित नहीं है। उन्होंने कहा, घर में खेल का माहौल कभी नहीं रहा। आज भी उन्हें बहुत कुछ पता नहीं है। लेकिन मेरे कॉलेज और कोच के सपोर्ट से ही मैं यहां तक पहुंच पाया हूं। पिछले वर्ष उन्होंने ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 14.18 सेकंड का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया था। इस सीजन उन्होंने इंटर स्टेट सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 14.25 सेकंड का समय निकाला। अब उनका लक्ष्य तेजस शिर्से के 13.41 सेकंड वाले राष्ट्रीय रिकॉर्ड को चुनौती देना है। इलायची के खेतों में मजदूरी करने से लेकर राष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड तोड़ने तक का सफर शिंटोमन के लिए जीवन बदलने वाला साबित हुआ है। वह कहते हैं, यह गोल्ड मुझे और मेहनत करने की प्रेरणा देता है। देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए मुझे अपनी स्पीड और तकनीक को और बेहतर करना होगा।

# सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी: केरल ने मुंबई को 15 रन से हराया, शरफुद्दीन चमके

एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में गुरुवार को खेले गए सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के एलीट ग्रुप 'ए' मैच में केरल ने मुंबई को 15 रन से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए केरल की टीम ने निर्धारित 20 ओवर में पांच विकेट के नुकसान पर 178 रन बनाए। जवाब में मुम्बई की टीम 19.4 ओवर में 163 रन पर ऑलआउट हो गई और 15 रन से मुकाबला गंवा दिया। गेंद और बल्ले दोनों से उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले केरल के खिलाड़ी शरफुद्दीन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' चुना गया। मुकाबले में जीत के साथ केरल अंक तालिका में अपने ग्रुप में 12 अंकों के साथ तीसरे पायदान में पहुंच गई है जबकि हार के बावजूद मुंबई 16 अंकों के साथ पहले स्थान में बरकरार है। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई की शुरुआत खराब रही और आयुष म्हात्रे (03) सस्ते में आउट हुए। इसके बाद अजिंक्य रहाणे (32), सरफराज खान (52) और सूर्यकुमार यादव (32) ने मुंबई को मैच में बनाए रखने की कोशिश की, लेकिन बीच-बीच में गिरते विकेटों ने टीम की लय तोड़ दी। मुंबई की पारी 19.4 ओवर में 163 रन पर सिमट गई। केरल की ओर से केएम आसिफ ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट झटके। वहीं विग्नेश पुथुर ने दो विकेट लिए तथा शरफुद्दीन, एमडी निधीश, अब्दुल बसीथ को एक-एक विकेट मिला। इससे पहले केरल ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 178 रन बनाए। टीम के कप्तान संजू सैमसन ने 28 गेंदों में 46 रन की आक्रामक पारी खेली, जबकि विष्णु विनोद ने 43 रन की नाबाद पारी से टीम को स्थिरता दी। मोहम्मद अजहरुद्दीन ने 25 गेंदों पर 32 रन बनाए।

# ओपनिंग करूं या चौथे नंबर पर बल्लेबाजी, कुछ देर बाद प्रक्रिया समान हो जाती है: गायकवाड़

एजेंसी



रायपुर। सीमित ओवरों के क्रिकेट में विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ चौथे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए अपने पहले मैच में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए लेकिन दूसरे मैच में उन्होंने शतक लगाया और उसके बाद कहा कि उन्हें अपनी नयी भूमिका से सामंजस्य बिठाने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। भारत के लिए वनडे में श्रेयस अय्यर ने चौथे नंबर पर अच्छा प्रदर्शन किया है, लेकिन मुंबई के इस बल्लेबाज के चोटिल होने के कारण टीम प्रबंधन ने गायकवाड़ को यह जिम्मेदारी सौंपी और उन्होंने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे वनडे में शतक जड़कर यह भूमिका अच्छी तरह से निभाई। भारत इस मैच में हालांकि चार विकेट से हार गया था। गायकवाड़ ने मैच के बाद मीडिया से कहा, ''मेरे लिए यह सम्मान की बात है की टीम प्रबंधन ने एक ऐसे सलामी बल्लेबाज पर भरोसा दिखाया जो चौथे नंबर पर भी बल्लेबाजी कर सकता है। मैंने अपनी इस भूमिका को इसी तरह से लिया। उन्होंने कहा, ''यह केवल शुरुआती 10 से 15 गेंद खेलने का मामला होता है और उसके बाद प्रक्रिया समान रहती है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 83 गेंदों पर 105 रन की पारी खेली और विराट कोहली (102) के साथ तीसरे विकेट के लिए 195 रन की साझेदारी की, जिससे भारत ने पांच विकेट पर 358 रन बनाए। गायकवाड़ ने कहा, ''एकदिवसीय प्रारूप में जब मैं पारी की शुरुआत करता था तब भी मैं हमेशा यह सुनिश्चित करने की कोशिश करता था कि मैं 45वें ओवर तक बल्लेबाजी कर सकूं। उन्होंने कहा, ''मैं जानता हूं कि 11 से 40 ओवरों के बीच कैसे खेलना है, स्ट्राइक रोटेट कैसे करनी है और बाउंड्री के विकल्प क्या हैं। मुझे अपनी पारी आगे बढ़ाने के लिए खुद पर पूरा भरोसा था। गायकवाड़ चोटिल होने के कारण इस साल आईपीएल के सभी मैच में नहीं खेल पाए थे और उन्हें काफी समय तक बाहर रहना पड़ा था। उन्होंने कहा कि वह अतीत पर ध्यान नहीं देते और वर्तमान में रहने की कोशिश करते हैं। उन्होंने कहा, ''यही बेहतर होता है कि आप इस तरह की चीजों के बारे में अधिक नहीं सोचें क्योंकि अगर आप वर्तमान में नहीं हैं तो आपका ध्यान और तैयारी पर असर पड़ता है। मेरे दिमाग में कुछ चीजें चल रही थीं, लेकिन उसके बाद मैंने तय किया कि चाहे किसी भी प्रारूप का मैच हो मैं अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने की कोशिश करूंगा। गायकवाड़ ने कहा, ''अगर मुझे मौका मिलता है, तो यह अच्छी बात है, अगर मुझे मौका नहीं मिलता है, तब भी ठीक है। मुझे यह बात अच्छी तरह से पता है कि जितना हो सके रन बनाते रहना मेरा कर्तव्य है और अगर चीजें फिर से मेरे अनुकूल होती हैं तो यह अच्छी बात है और अगर नहीं होती हैं, तब भी अच्छी बात है।'' गायकवाड़ ने स्वीकार किया कि 12 चौकों और दो छक्कों की मदद से खेली गई 105 रन की पारी उनके करियर की अब तक की सर्वश्रेष्ठ पारी है। उन्होंने कहा, ''मैं हां कहूंगा क्योंकि नंबर चार पर बल्लेबाजी करना भी मेरे लिए एक चुनौती थी।

## बीबीएल में अच्छा प्रदर्शन करके पाकिस्तान की टी20 टीम में वापसी करना चाहते हैं रिजवान

लाहौर। पाकिस्तान के अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान को उम्मीद है कि वह ऑस्ट्रेलिया में बिग बैश लीग (बीबीएल) में अच्छा प्रदर्शन करके अगले साल होने वाले विश्व कप के लिए राष्ट्रीय टी20 टीम में वापसी करने में सफल रहेंगे। वनडे और टी20 टीम के पूर्व कप्तान रिजवान को दिसंबर 2024 के बाद से राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने सबसे छोटे प्रारूप के लिए राष्ट्रीय टीम में नहीं चुना है और ऐसे में यह खिलाड़ी बीबीएल को बड़े अवसर के रूप में देख रहा है। रिजवान ने पत्रकारों से कहा, ''मुझे बिग बैश में अच्छा प्रदर्शन करने का भरोसा है और अगर आप ऑस्ट्रेलिया में अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो सभी का ध्यान आपकी तरफ जाता है। उन्होंने कहा, ''मुझे ऑस्ट्रेलिया में खेलने में हमेशा सबसे ज़्यादा मज़ा आया है क्योंकि वहां प्रतिस्पर्धा का स्तर बहुत ऊंचा होता है और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अलग अंदाज़ में खेलते हैं।

# भारत और कनाडा ने व्यापार समझौते पर बातचीत की रूपरेखा पर चर्चा की

**गोयल नए साल में कनाडा में हाई-लेवल ट्रेड, इन्वेस्टमेंट डेलीगेशन को लीड करेंगे**

एजेंसी



नई दिल्ली। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और कनाडा के अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू ने बुधवार को प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू करने के लिए रूपरेखा, उद्देश्यों और तौर-तरीकों पर चर्चा की। दोनों पक्ष हाल ही में इस समझौते पर बातचीत फिर से शुरू करने पर सहमत हुए हैं, जिसे आधिकारिक तौर पर व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) कहा जाता है। इसका उद्देश्य 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को 50 अरब डॉलर तक बढ़ाना है। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने 'एक्स' पोस्ट पर जारी बयान में बताया कि कनाडा के साथ व्यापार और वाणिज्यिक जुड़ाव को आगे बढ़ाने के लिए अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्री मनिंदर सिद्धू के साथ एक अच्छी बातचीत हुई। गोयल ने आगे लिखा है कि हमने व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) बातचीत शुरू करने की तैयारी के हिस्से के तौर पर समग्र दृष्टिकोण, रूपरेखा, मैक्रो उद्देश्य और तौर-तरीके पर शुरुआती स्कोपिंग और बड़ी बातचीत की है। गोयल ने बताया कि दोनों देश नए साल में कनाडा में एक उच्च-स्तरीय व्यापार और निवेश प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करने पर भी सहमत हुए हैं। गौरतलब है कि साल 2023 में कनाडा ने भारत के साथ समझौते के लिए बातचीत रोक दी थी, जब तत्कालीन प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत का संभावित लिंक होने के आरोपों के बाद दोनों देश के द्विपक्षीय संबंध बहुत खराब हो गए थे।

# फिच ने भारत की जीडीपी वृद्धि दर का अनुमान बढ़ाकर 7.4 फीसदी किया

एजेंसी




नई दिल्ली। वैश्विक रेटिंग एजेंसी फिच रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर के अनुमान को 6.9 फीसदी से बढ़ाकर 7.4 फीसदी कर दिया है। एजेंसी ने इसके पीछे उपभोक्ता खर्च में बढ़ोतरी और जीएसटी सुधारों से बेहतर आर्थिक माहौल को प्रमुख कारण बताया है। फिच रेटिंग्स ने गुरुवार को दिसंबर के लिए जारी अपनी ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा कि वित्त वर्ष 2025-26 के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि दर 7.4 फीसदी रहने का अनुमान है। इससे पहले रेटिंग एजेंसी ने 6.9 फीसदी आर्थिक वृद्धि दर रहने का अनुमान जताया था। एजेंसी का कहना है कि उपभोक्ता खर्च में बढ़ोतरी, व्यावसायिक माहौल में सुधार और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में सुधारों से बढ़ी अर्थव्यवस्था की रफ्तार इस तेज वृद्धि के प्रमुख कारण हैं। फिच ने जारी बयान में दिसंबर के लिए अपनी ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में कहा, ''चालू वित्त वर्ष 2025-26 (मार्च के आखिर तक) के बचे हुए समय में ग्रोथ कम होगी, लेकिन हमने अपने पूरे साल के ग्रोथ के अनुमान को सितंबर के 6.9 फीसदी से बढ़ाकर 7.4 फीसदी कर दिया है। रेटिंग एजेंसी का यह अनुमान सरकारी डेटा के बाद आया है, जिसमें दिखाया गया है कि चालू वित्त वर्ष 2025-26 की दूसरी तिमाही में जीडीपी ग्रोथ छह तिमाहियों के सबसे ऊंचे लेवल 8.2 फीसदी पर पहुंच गई। फिच ने कहा कि जुलाई-सितंबर तिमाही में जीडीपी की ग्रोथ और बढ़कर 8.2 फीसदी हो गई, जो अप्रैल-जून तिमाही में 7.8 फीसदी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### श्रीलंका में टी20 श्रृंखला में नए खिलाड़ियों को मौका दे सकता है पाकिस्तान

**लाहौर।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) की चयन समिति श्रीलंका में सात से 11 जनवरी तक होने वाली तीन मैच की टी20 श्रृंखला के लिए अपनी टीम में कुछ नए चेहरे शामिल कर सकती है। ऐसा इसलिए है क्योंकि पीसीबी ने ऑस्ट्रेलिया में 14 दिसंबर से जनवरी तक चलने वाली बिग बैश लीग में खेलने के लिए छह मुख्य खिलाड़ियों को एनओसी जारी कर रखी है। इसके बाद ही उसने श्रीलंका दौरे का कार्यक्रम बनाया। यह पहला अवसर है जब पाकिस्तान के इतने खिलाड़ी बीबीएल में खेलेंगे। इन खिलाड़ियों में बाबर आजम, शाहीन शाह अफरीदी, मुहम्मद रिजवान, हसन अली, हारिस रऊफ और शादाब खान शामिल हैं। रिजवान को छोड़कर अन्य सभी खिलाड़ी टी20 में पाकिस्तान की टीम के लिए खेल रहे हैं। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीमों को पाकिस्तानी खिलाड़ियों को अनुबंधित करने की अनुमति देने से पहले यह स्पष्ट कर दिया था कि वे पूरे सत्र के लिए उपलब्ध रहेंगे। एक विश्वसनीय सूत्र ने कहा, ''क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया और पीसीबी के बीच यह सहमति थी कि दिसंबर में पाकिस्तान को कोई भी अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेलना है और जनवरी के अंतिम सप्ताह तक खिलाड़ी पूरे बिग बैश टूर्नामेंट में खेल सकते हैं। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। पीसीबी ने फखर जमां, हसन नवाज़ और नसीम शाह को भी एमिरेट्स लीग में खेलने की अनुमति दे दी है, लेकिन यह टूर्नामेंट श्रीलंका में होने वाली श्रृंखला से पहले समाप्त हो जाएगा।

### एरिगैसी ने आनंद को हराकर जेरूशलम मास्टर्स का खिताब जीता

**जेरूशलम।** ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी ने यहां फाइनल में हमवतन और पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद को हराकर जेरूशलम मास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट का खिताब जीता। इन दोनों खिलाड़ियों ने शुरुआती रैपिड गेम ड्रॉ किए। इसके बाद एरिगैसी ने पहले ब्लिट्ज टाईब्रेक मैच में सफ़ेद मोहरों से जीत हासिल कर निर्णायक बढ़त हासिल कर ली। 'चेसबेस डॉट कॉम' की रिपोर्ट के अनुसार 22 वर्षीय एरिगैसी दूसरे ब्लिट्ज मुकाबले में भी जीत हासिल करने के करीब पहुंच गए थे लेकिन आखिर में उन्हें ड्रॉ से संतोष करना पड़ा, लेकिन यह उनके लिए 2.5-1.5 से मुकाबला और खिताब जीतने के लिए पर्याप्त था। एरिगैसी ने बाद में कहा, ''यह जीत आसान नहीं थी। मेरे सामने कई चुनौतियां थी और मैं अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी नहीं कर पाया। इसके बावजूद खिताब हासिल करके मैं बहुत खुश हूं। उन्होंने आगे कहा, ''आज के दोनों मुकाबले (पीटर स्विडलर और फिर आनंद के ख़िलाफ़) काफ़ी तनावपूर्ण रहे। आनंद सर के ख़िलाफ़ पहले गेम में हम दोनों ने मौके गंवाए। लेकिन मुझे लगता है कि ब्लिट्ज़ में मैंने अच्छा प्रदर्शन किया। इस जीत के साथ एरिगैसी को 55,000 अमेरिकी डॉलर, जबकि आनंद को 35,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि मिली। एरिगैसी ने सेमीफाइनल में रूस के ग्रैंडमास्टर पीटर स्विडलर को जबकि आनंद ने विश्व ब्लिट्ज चैंपियन इयान नेपोमनियाची को हराया था।

### ला लीगा में एम्बाप्पे के दो गोल की बदौलत रियल मैड्रिड ने एथलेटिक बिलबाओ को 3-0 से हराया

**मैड्रिड।** रियल मैड्रिड ने बुधवार को खेले गए ला लीगा मुकाबले में एथलेटिक बिलबाओ को 3-0 से हराकर अपनी तीन मैचों की जीत-विहीन कड़ी को खत्म किया। मैच में किलियन एम्बाप्पे का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला, जिन्होंने दो बेहतरीन गोल दागे। इस जीत के साथ मैड्रिड 15 मैचों में 36 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बरकरार है, जो लीडर बार्सिलोना से सिर्फ एक अंक पीछे है। मैच की शुरुआत से ही रियल मैड्रिड ने आक्रामक रुख अपनाया। शुरुआती मिनटों में ही बिलबाओ के गोलकीपर उनाई सिमोन को लगातार बचाव करने पड़े। हालांकि, सातवें मिनट में मेजबान टीम की रक्षा ढह गई। एम्बाप्पे ने हाफवे लाइन के पास गेंद पाकर दो डिफेंडरों को पछाड़ते हुए बॉक्स के बाहर से शानदार कर्लिंग शॉट लगाया, जो सीधा टॉप कॉर्नर में जा घुसा। एम्बाप्पे और विनीसियस जूनियर की जोड़ी ने पहले हाफ में बिलबाओ की डिफेंस को खूब परेशान किया, हालांकि कई मौकों पर मैड्रिड के फॉरवर्ड गोल के सामने चूकते भी दिखे। 24वें मिनट में बिलबाओ ने बराबरी का सुनहरा मौका बनाया, लेकिन गुरुज़ेटा की जोरदार शॉट को थिबाऊ कोर्टवा ने शानदार रिफ्लेक्स सेव से रोक दिया। इसके तुरंत बाद कोर्टवा ने अलेक्स बेरेंगुएर के नजदीकी शॉट को भी नाकाम किया। हाफटाइम से ठीक पहले मैड्रिड ने बढ़त 2-0 कर दी। धैर्यपूर्ण बिल्ड-अप प्ले के बाद ट्रेंट अलेक्जेंडर-अर्नोल्ड ने दाएं छोर से सटीक क्रॉस भेजा, जिसे एम्बाप्पे ने हेड से पास में बदला और वहीं मौजूद एडुआर्डो कामाविंगा ने आसानी से हेडर से गोल दाग दिया।

## बीईएमएल को स्विच रेल ग्राइंडिंग मशीन बनाने के लिए 157 करोड़ रुपये का ऑर्डर

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी बीईएमएल लि. ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे लोरम रेल मेंटेनेंस इंडिया प्राइवेट लि. से स्विच रेल ग्राइंडिंग मशीन बनाने का 157 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है। ये विशेष मशीनें रेलवे पटरियों के रखरखाव में मदद करेंगी और सुरक्षित तथा सुचारू रेल संचालन सुनिश्चित करेंगी। कंपनी ने शेयर बाजार को दी जानकारी में कहा कि ''बीईएमएल लि. को लोरम रेल मेंटेनेंस इंडिया प्राइवेट लि. से स्विच रेल ग्राइंडिंग मशीन बनाने का 157 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिला है।

स्विच रेल ग्राइंडिंग मशीन विशेष रेलवे रखरखाव वाहन हैं। इसका उपयोग रेलवे ट्रैक को समतल करने के लिए किया जाता है। बीईएमएल लि. तीन प्रमुख व्यावसायिक क्षेत्रों रक्षा और एयरोस्पेस, खनन और निर्माण तथा रेल और मेट्रो३ में काम करती है।

# घरेलू सर्राफा बाजार में महंगा हुआ सोना, चांदी ने लगाई 3,100 रुपये प्रति किलो की छलांग

एजेंसी



नई दिल्ली। घरेलू सर्राफा बाजार में एक दिन की कमजोरी के बाद आज फिर सोना और चांदी की कीमत में तेजी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। सोना आज 670 रुपये प्रति ग्राम से लेकर 730 रुपये प्रति ग्राम तक महंगा हो गया है। इसी तरह चांदी की कीमत में भी आज 3,100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की तेजी आ गई है। सोने की कीमत में उछाल आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 1,30,590 रुपये से लेकर 1,30,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,19,710 रुपये से लेकर 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी उछाल आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सर्राफा बाजार में आज 1,91,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। दिल्ली में आज 24 कैरेट सोना 1,30,740 प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,30,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,30,640 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,19,760 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,30,590 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,19,710 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,30,590 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,30,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,19,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,30,740 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,30,640 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,19,760 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,30,740 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,19,860 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। देश के अन्य राज्यों की तरह कर्नाटक, तेलंगाना और ओडिशा के सर्राफा बाजार में भी आज सोने के भाव में तेजी दर्ज की गई है। इन तीनों राज्यों की राजधानियों बेंगलुरु, हैदराबाद और भुवनेश्वर में 24 कैरेट सोना 1,30,590 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह इन तीनों शहरों के सर्राफा बाजारों में 22 कैरेट सोना 1,19,710 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

# भारत-रूस व्यापार को और अधिक संतुलित बनाने की जरूरत: गोयल

एजेंसी

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत और रूस के बीच द्विपक्षीय व्यापार को बढ़ाने तथा इसे और अधिक संतुलित बनाने की दिशा में काम करने के व्यापक अवसर मौजूद हैं।

उन्होंने कहा कि उपभोक्ता वस्तुएं, खाद्य उत्पाद, मोटर वाहन, ट्रैक्टर, भारी वाणिज्यिक वाहन, स्मार्टफोन जैसे इलेक्ट्रॉनिक, औद्योगिक कल-पुर्जे और वस्त्र भारत से रूस को निर्यात बढ़ाने की क्षमता रखने वाले में क्षेत्रों में शामिल हैं। गोयल ने उद्योग मंडल फिक्की द्वारा आयोजित भारत-रूस व्यापार मंच की बैठक में कहा द्विपक्षीय व्यापार 70 अरब अमेरिकी डॉलर तक पहुंच रहा है '' लेकिन हम आराम से नहीं बैठ सकते, हमें आगे बढ़ना होगा और संतुलन बनाना होगा। भारत का रूस को निर्यात 2024-25 में 4.9 अरब अमेरिकी डॉलर रहा जबकि आयात 63.8 अरब अमेरिकी डॉलर था। इससे व्यापार घाटा करीब 59 अरब अमेरिकी डॉलर रहा। दोनों पक्षों ने 2030 तक 100 अरब अमेरिकी डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार का लक्ष्य निर्धारित किया है। उन्होंने कहा कि भारत सेवा क्षेत्र में भी रूस को बड़ी पेशकश कर सकता है। रूसी संघ के राष्ट्रपति कार्यालय के डिप्टी चीफ ऑफ स्टाफ मैक्सिम ओरेश्किन ने बैठक में कहा कि रूस के आयात में भारत की हिस्सेदारी दो प्रतिशत से भी कम है और इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। ओरेश्किन ने कहा कि अधिक संतुलित व्यापार के लिए इसे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि भारत छह प्रमुख क्षेत्रों में आपूर्ति बढ़ा सकता है जिनमें कृषि, औषधि, दूरसंचार उपकरण, औद्योगिक कल-पुर्जे एवं मानव संसाधन शामिल हैं। वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने प्रक्रियाओं को सरल बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया ताकि भारतीय व्यवसाय रूस को निर्यात बढ़ा सकें।

## इंडो-फ्रेंच एयर फोर्स ने एयर एक्सरसाइज का 8वां एडिशन सफलतापूर्वक पूरा किया

# फ्रेंच वायु सेना के साथ हवाई अभ्यास 'गरुड़' का समापन

एजेंसी

नई दिल्ली। फ्रेंच एयर एंड स्पेस फोर्स (एफएएसएफ) के साथ हवाई अभ्यास 'गरुड़' का समापन करके भारतीय वायु सेना की टुकड़ी भारत लौट आई है। फ्रांस के मोंट-डी-मार्सन एयर बेस पर हुए द्विपक्षीय हवाई अभ्यास 'गरुड़' में भारत और फ्रांस के लड़ाकू विमानों ने साथ उड़ान भरी। अभ्यास के दौरान दोनों वायु सेनाओं ने रियलिस्टिक ऑपरेशनल माहौल में कई मुश्किल एयर ऑपरेशन किए।

वायु सेना ने अभ्यास के दौरान सुखोई-30 एमकेआई लड़ाकू विमानों के साथ हिस्सा लिया, जिसे आईएल-78 एयर-टू-एयर रिफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट और सी-17 ग्लोबमास्टर ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट का



सहयोग मिला। दोनों वायु सेनाओं ने वास्तविक परिचालन माहौल में कई मुश्किल एयर ऑपरेशन किए। अभ्यास के दौरान संयुक्त मिशन योजना, हमला और एस्कॉर्ट मिशन को समन्वित तरीके से पूरा करना और एक-दूसरे की परिचालन प्रक्रिया से परिचित कराना शामिल था, जिससे इंटरऑपरेबिलिटी बढ़ी।

वायु सेना के मुताबिक भारत के मेंटेनेंस क्रू ने पूरे समय उच्च सेवाक्षमता सुनिश्चित की, जिससे सभी प्लान किए गए मिशन आसानी से पूरे हो सके। दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों ने समापन समारोह के दौरान प्रतिभागियों से बातचीत की और भाग लेने वाली दोनों वायु सेनाओं की व्यावसायिकता, अनुशासन और प्रतिबद्धता को सराहा। अभ्यास 'गरुड़' इस साल वायु सेना का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय एयर ट्रेनिंग अभ्यासों में से एक था। इस अभ्यास ने भारत और फ्रांस के बीच मजबूत रणनीतिक साझेदार को मान्य किया और फ्रेंच वायु सेना को कीमती ऑपरेशनल सुझाव दिए। अभ्यास के दौरान सीखे गए सबक भारत की युद्ध लड़ने की क्षमताओं को और बढ़ाएंगे और मित्र विदेशी एयर फोर्स के साथ संयुक्त कौशल को मजबूत करेंगे।

## एक साल में खत्म होगा मौजूदा टोल सिस्टम, लागू होगा नया इलेक्ट्रॉनिक मॉडल : गडकरी

नई दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को लोकसभा में घोषणा की कि देश में टोल कलेक्शन का मौजूदा सिस्टम एक वर्ष के भीतर समाप्त कर दिया जाएगा। इसकी जगह नया इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन मॉडल लागू किया जाएगा, जिससे हाई-वे उपयोगकर्ताओं को यात्रा के दौरान पूरी तरह बाधारहित और बेहतर अनुभव मिलेगा।

गडकरी ने लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान कहा कि यह नई प्रणाली प्रयोगात्मक रूप से 10 स्थानों पर शुरू की जा चुकी है और अगले एक वर्ष में इसे पूरे देश में विस्तारित कर दिया जाएगा। उन्होंने कहा, ॢयह टोल सिस्टम खत्म हो जाएगा। टोल के नाम पर आपको कोई नहीं रोकेगा। एक साल के अंदर पूरे देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन लागू कर दिया जाएगा। मंत्री ने कहा कि वर्तमान में देशभर में 10 लाख करोड़ रुपये लागत के 4,500 से अधिक हाई-वे परियोजनाएं प्रगति पर हैं। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि भविष्य में टोल नाकों पर रुकने की आवश्यकता पूरी तरह समाप्त हो जाएगी।

# फरवरी के बाद अमेरिका से वापस भेजे गये किसी भारतीय को हथकड़ी नहीं: जयशंकर

एजेंसी

नयी दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को संसद में बताया कि पांच फरवरी के बाद अमेरिका से गैरकानूनी प्रवेश के आधार पर वापस भेजे गये किसी भी भारतीय नागरिक को हथकड़ी-बेड़ी नहीं लगायी गयी है।

राज्यसभा में प्रश्नकाल के दौरान समाजवादी पार्टी (सपा) के रामजी लाल सुमन के एक अनुपूरक प्रश्न के जवाब में श्री जयशंकर ने कहा कि भारत ने 25 सितंबर को भेजी गयीं हरजीत कौर नाम की महिला के वकील ने लिखित बयान में कहा है कि उनको विमान से वापस भेजते समय हथकड़ी नहीं लगायी गयी थीं। श्री सुमन ने कहा था कि 33 वर्ष से अमेरिका में रहने वाली 73 वर्षीय इस महिला को वापस भेजते समय हथकड़ी डाल कर भेजा गया था। विदेश मंत्री ने कहा कि यह जरूर है कि श्रीमती हरजीत कौर को अमेरिका में हिरासत में रखे जाने के दौरान उनके साथ बुरा बरताव किया गया था। यह मामला भारत ने अमेरिकी दूतावास के समक्ष उठाया है और उसपर जांच कराने की मांग की। उन्होंने कहा कि अमेरिका से जिन भारतीय नागरिकों को अवैध आव्रजन के आधार पर वापस भेजा जाता है, उनमें से प्रत्येक से भारतीय अधिकारी निश्चित रूप से बात करते हैं और उनका बयान लेते हैं। श्रीमती कौर से बात करने वाले आव्रजन अधिकारी ने भी कहा है कि महिला को हथकड़ी नहीं लगायी गयी थी। श्री जयशंकर ने एक अन्य अनुपूरक सवाल के जवाब में कहा कि राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) के मानव तस्करी प्रभाग ने पिछले कुछ समय में मानव तस्करी के 27 मामले दर्ज कर जांच की है और 169 लोगों को गिरफ्तार कर 132 के खिलाफ आरोप पत्र दायर किये हैं। एजेंसी ने हाल में हरियाण और पंजाब में दो तस्करों तथा हिमाचल प्रदेश में दो लोगों और गुजरात में कुछ ट्रैवेल एजेंटों की गिरफ्तारियां की हैं जो मानव तस्करी में संलिप्त थे। इसके अलावा, कई राज्यों ने भी इस मामले में अपने स्तर पर कार्रवाई की है। उन्होंने कहा कि पंजाब मानव तस्करी की कुप्रथा से सबसे ज्यादा प्रभावित राज्यों में है। वहां की सरकार ने मानव तस्करी से निपटने के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) और एक तथ्यान्वेषी समिति का गठन किया है। पंजाब ने मानव तस्करी के आरोप में 58 ट्रैवेल एजेंटों के खिलाफ 25 एफआईआर दर्ज की गयी हैं। वहां पुलिस ने 16 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है। इसी तरह हरियाणा में मानव तस्करी के 2,325 मामलों में 44 एफआईआर दर्ज की गयी हैं और 27 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

## कट्टरपंथी इस्लाम विश्व, अमेरिका के लिए खतरा: मार्क रूबियो

वाशिंगटन। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो ने चेतावनी दी कि कट्टरपंथी इस्लाम की ' ज्यादा क्षेत्रों और अधिक लोगों को नियंत्रित करने' की महत्वाकांक्षा दुनिया के लिए एक 'आसन्न खतरा' है।

विदेश मंत्री ने यह भी घोषणा की कि अमेरिका नाइजीरिया और विश्व स्तर पर 'ईसाइयों के खिलाफ हिंसा को धन मुहैया कराने या उनका समर्थन करने वालों' के लिए वीजा प्रतिबंधित करेगा।

श्री रूबियो ने फॉक्स न्यूज के साथ एक साक्षात्कार में कट्टरपंथी इस्लामवादियों को संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए सबसे बड़ा खतरा बताया और दावा किया कि वे (इस्लामी कट्टरपंथी) अमेरिका को 'पृथ्वी पर बुराई का मुख्य स्रोत' मानते हैं।

अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, ''यह विचार कि कट्टरपंथी इस्लाम इराक या सीरिया के किसी प्रांत को नियंत्रित करके ही संतुष्ट रहेगा, ऐसा इतिहास से सिद्ध नहीं होता है।

# भारत विरोधी एजेंडे पर काम कर रहे कांग्रेस समेत इंडी गठबंधन के नेता : भाजपा

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री तरुण चुग ने आरोप लगाया है कि इंडी गठबंधन और कांग्रेस नेताओं की मंडली खुलेआम भारत, भारतीयता, सनातन और देवी-देवताओं का अपमान करने के विदेशी एजेंडे पर काम कर रही है। चुग ने कहा कि यह सिर्फ बयानबाजी नहीं, बल्कि विदेशी मालिकों से मिली सुपारी राजनीति है।

चुग ने गुरुवार को यहां मीडियाकर्मियों से कहा कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी का देवताओं पर आपत्तिजनक बयान और हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू का सनातन धर्म का मजाक उड़ाना कांग्रेस की सोच का असली चेहरा सामने लाता है। देश की जनता ऐसे अपमान का जवाब देना अच्छी तरह जानती है। भाजपा महासचिव चुग ने सवाल उठाया कि क्या कांग्रेस का उद्देश्य सिर्फ हिंदू धर्म का अपमान करना और समाज में धार्मिक घृणा फैलाना रह गया है? क्या यह पार्टी की सुविचारित रणनीति का हिस्सा बन चुका है? उन्होंने कहा कि एक तरफ तेलंगाना के कांग्रेस सरकार के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी देवी-देवताओं का मजाक उड़ाते हैं, दूसरी तरफ हिमाचल के मुख्यमंत्री सुक्खू बच्चों की धार्मिक अभिव्यक्ति रोकने की बात करते हैं। क्या राहुल गांधी ने अपने मुख्यमंत्रियों को हिंदू धर्म पर हमले का खुला लाइसेंस दे दिया है? चुग ने कहा कि जब तेलंगाना में एआईएमआईएम नेता ने अपमानजनक बयान दिया, तब भी कांग्रेस ने जुबली हिल्स चुनाव में उसे समर्थन दिया और कार्रवाई नहीं की। रेवंत रेड्डी ने पहले ही कहा था कि कांग्रेस मतलब मुसलमान और मुसलमान मतलब कांग्रेस- यही कांग्रेस की वोट-बैंक मानसिकता है। उन्होंने याद दिलाया कि राहुल खुद भगवान की फोटो उठा कर घूमते रहे, लेकिन ईश्वर के नाम पर शपथ नहीं ली। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन के घटक डीएमके ने सनातन धर्म का समूल नाश नामक सम्मेलन किया था, कांग्रेस ने इस पर भी चुप्पी साध ली। चुग ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पहले ही कह चुके हैं कि कांग्रेस ॢमुस्लिम लीग माओवादीॣ बनती जा रही है। संस्थानों का अपमान, संसद की गरिमा गिराना, हिंदू धर्म के प्रति घृणा फैलाना, यह सब अर्बन नक्सल मानसिकता की पुष्टि करता है।

## रूस नागरिक उड्डयन क्षेत्र में भारत से सहयोग को तैयार

**मास्को।** रूस के प्रथम उप प्रधानमंत्री डेनिस मंटुरोव ने कहा है कि उनका देश नागरिक उड्डयन क्षेत्र में भारत के साथ सहयोग को और बढ़ाने के लिए तैयार है। श्री मंटुरोव ने एक साक्षात्कार में स्पुतनिक से कहा, रूस एक ऐसा भागीदार है जो भारत के साथ न केवल अत्याधुनिक विमानन तकनीक की आपूर्ति करके, बल्कि भारत के घरेलू विमानन उद्योग के विकास के लिए भी काम करने के लिए तैयार है। इस अर्थ में, हमारा मानना है कि आपसी हित सैन्य क्षेत्र से आगे जाकर नागरिक उड्डयन में भी सहयोग का विस्तार करने में हो सकता है। गौरतलब है कि दोनों देशों का सफल विमानन सहयोग का एक लंबा इतिहास रहा है। सुप्रसिद्ध मिग-21 और सुखोई-30एमकेआई बहुउद्देशीय लड़ाकू विमान भारत में लाइसेंस के तहत बनाए जाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि भारत का औद्योगिक क्षेत्र ''मेक इन इंडिया'' पहल के तहत तेजी से आगे बढ़ रहा है, और इसका हवाई परिवहन बाजार ''तेजी से विकसित'' हो रहा है। श्री मंटुरोव ने कहा, ''रूसी सुपरजेट विमान पहले ही चार करोड़ से अधिक यात्रियों को ले जा चुके हैं और रूसी एयरलाइनों के घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय, दोनों मार्गों पर सक्रिय रूप से संचालित किए जा रहे हैं। जैसे-जैसे काम आगे बढ़ेगा, नए विमान मॉडल का उत्पादन बढ़ेगा। इससे भारतीय भागीदारों के साथ सहयोग को बढ़ावा मिलेगा और इस पर अधिक ठोस रूप से चर्चा की जा सकती है। सितंबर में, उद्योग और व्यापार उप मंत्री अलेक्सी ग्रुजदेव ने कहा था कि मंत्रालय नागरिक उड्डयन क्षेत्र में रूस और भारत को एक-दूसरे का अच्छा पूरक मानता है और उसका मानना है कि इस क्षेत्र में सहयोग जल्द ही ''नई गति'' पकड़ सकता है। अगस्त के अंत में आयोजित 26वीं रूसी-भारतीय अंतर-सरकारी आयोग की बैठक के दौरान, श्री मंटुरोव ने विशेष रूप से रसायन उद्योग, धातु विज्ञान और परिवहन इंजीनियरिंग क्षेत्रों में साझेदारी को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया था।

## रुपए लगातार गिर रहा है तो देश कैसे विकास कर रहा है : खरगे

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा है कि सरकार बार-बार कहती है कि देश विकास कर रहा है लेकिन रुपया लगातार कमजोर हो रहा है जो सटीक रूप से देश के आर्थिक हालात को बयां करता है। श्री खरगे ने गुरुवार को संसद भवन परिसर में पत्रकारों के सवाल पर कहा कि रुपए की कीमत लगातार गिर रही है और इससे साफ है कि देश की आर्थिक स्थिति क्या है। उनका कहना था कि भले ही सरकार बार-बार कहती हो कि देश विकास कर रहा है लेकिन रुपए का लगातार कमजोर होना संकेत देता है कि आर्थिक स्थिति क्या है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा ''रुपया अमेरिकी डालर के मुकाबले आज 90 के पार चला गया है सरकार चाहे कोई भी ढिंढोरा पीटे, रुपये की क़ीमत गिरने से यह पता चलता है कि देश की असली आर्थिक परिस्थिति क्या है। अगर मोदी सरकार की नीति ठीक होती तो रूपया नहीं गिरता। उन्होंने कहा ''2014 के पहले श्री मोदी पूछते थे कि क्या कारण है कि हिंदुस्तान का रूपया पतला होता जा रहा है, ये जवाब देना पड़ेगा आपको।

# पेज एक का शेष

### राष्ट्रपति पुतिन...

चर्चा करेंगे। भारत रूस के साथ व्यापार घाटे को कम करने में उसकी प्रतिबद्धता चाहता है। श्री पुतिन से पहले ही एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल यहां पहुंच चुका है जिसमें रूस के कई मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और शीर्ष कारोबारी शामिल हैं। हैदराबाद हाउस में होने वाली शिखर बैठक के बाद श्री पुतिन और श्री मोदी संयुक्त प्रेस वक्तव्य भी देंगे। बाद में श्री पुतिन एक बिजनेस कार्यक्रम में भी शामिल होंगे। इसमें दोनों देशों के बीच व्यापार बढ़ाने के उपायों पर चर्चा होगी। शाम को राष्ट्रपति मुर्मु श्री पुतिन के सम्मान में रात्रि भोज का आयोजन करेंगी। रात्रि भोज के बाद शुक्रवार रात ही रूसी राष्ट्रपति स्वदेश रवाना हो जायेंगे। अमेरिका द्वारा भारत पर 50 प्रतिशत आयात शुल्क लगाये जाने की घोषणा के बाद उत्पन्न स्थिति और घटनाक्रमों के बीच श्री पुतिन की इस यात्रा को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

### बीडा के लिए 8349...

आठ सेक्टरों में जोनल एवं सेक्टर प्लानिंग का काम प्रगति पर है। जलापूर्ति के लिए बीडा क्षेत्र के बाहर राइजिंग मेन पम्प स्टेशन तथा ओएंडएम के काम जल निगम से ही कराए जाएंगे। इसके लिए एमओयू की प्रक्रिया चल रही है। पम्पिंग स्टेशन, सीडब्ल्यूआर एवं आरओडब्ल्यू के लिए भूमि चिह्नित कर ली गई है और परीक्षण के बाद डीपीआर में संशोधन किया जा रहा है। एक्टिवेशन क्षेत्र के लिए 15 मेगावाट विद्युत आपूर्ति की डीपीआर स्वीकृत हो चुकी है, शेष 40 मेगावाट की डीपीआर तैयार की जा रही है। 60 मीटर चौड़ी मुख्य सड़क की डीपीआर प्राप्त हो चुकी है तथा शेष सड़कों की डीपीआर इसी माह तक तैयार कर ली जाएगी। यह भी बताया गया कि कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए आगरा-ग्वालियर ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे को बीडा, झांसी तक विस्तारित करने के लिए एनएचएआई को अनुरोध पत्र प्रेषित किया गया है। इसी प्रकार दिल्ली-चेन्नई चतुर्थ रेलवे लाइन एवं रेलवे स्टेशन को बीडा क्षेत्र में लाने के लिए भारतीय रेलवे द्वारा एलाइनमेंट निर्धारण की कार्यवाही चल रही है। बैठक में ललितपुर फार्मा पार्क की भी विस्तृत समीक्षा की गई। साइट फोटोग्राफ्स के माध्यम से प्रवेश द्वार, सड़कें, यूपीसीडा म्यूरल, श्रमिक सुविधा केंद्र, प्रशासनिक भवन, कम्पाउंड वॉल तथा स्ट्रीट लाइट आदि के निर्माण कार्यों की प्रगति की जानकारी ली गई।

### यूपी में बेरोजगारी...

प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिनमें से 5.66 लाख को प्रत्यक्ष रोजगार मिला है। इससे न केवल उद्योगों को स्किल्ड मैनपावर उपलब्ध हुआ बल्कि बड़ी संख्या में युवाओं को स्थानीय आजीविका के अवसर भी प्राप्त हुए हैं। महिला रोजगार में वृद्धि प्रदेश के सामाजिक परिवर्तन की सबसे प्रभावशाली उपलब्धियों में से एक है। आज औद्योगिक क्षेत्र में महिलाओं की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत तक पहुंच चुकी है। इससे परिवारों की आर्थिक मजबूती जेंडर समानता और महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण को अभूतपूर्व गतिशीलता प्रदान की है। रोजगार महाकुंभ 2025 जैसे बड़े आयोजन और विभिन्न वित्तीय योजनाओं ने युवाओं को न केवल रोजगार के अवसर दिए हैं बल्कि उन्हें न्यूनतम वेतन और सामाजिक सुरक्षा की भी गारंटी मिली है। इससे रोजगार बाजार में पारदर्शिता और स्थिरता दोनों बढ़ी हैं। लोगों का भरोसा सरकारी प्रयासों पर मजबूत हुआ है और उद्योगों के साथ कार्यबल का संतुलन अधिक प्रभावी तरीके से बन पाया है। इन प्रयासों का सबसे महत्वपूर्ण प्रभाव ग्रामीण क्षेत्रों में दिख रहा है। रोजगार अवसर बढ़ने से ग्रामीण जीवन स्तर में अध्यापक स्तर पर सुधार दिखाई दे रहा है। युवा युवाओं को अब अपने गांव और अपने क्षेत्र में ही रोजगार प्राप्त हो रहे हैं। यही कारण है कि शहरों की ओर पलायन कम हो रहा है। महिलाओं के रोजगार में वृद्धि ने ग्रामीण परिवारों की आर्थिक स्थिति में बदलाव लाने का काम किया है। उत्तर प्रदेश वर्ष 2047 के विकसित राज्य के लक्ष्य की ओर लगातार आगे बढ़ रहा है। रोजगार को विकास के मुख्य आधार के रूप में स्थापित करने की दिशा में उठाए जा रहे कदमों से आने वाले वर्षों में और भी बड़े परिवर्तन की राह खुलेगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की नेतृत्व क्षमता और नीति आधारित शासन ने यह साबित कर दिया है कि संगठित योजना और मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति से सामाजिक और आर्थिक विकास को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

### विपक्ष के नेता को ...

एक परंपरा रही है, लेकिन अब विदेशी गणमान्य मेहमान आते हैं या जब मैं विदेश यात्रा पर जाता हूं, तो सरकार उन्हें विपक्ष के नेता से नहीं मिलने के लिए कहती है। यह उनकी नीति है और वे हर बार ऐसा ही करते हैं। मैं भी जब विदेश जाता हूं तो बताया जाता है कि सरकार का परामर्श है कि इनसे नहीं मिलना है। रूसी राष्ट्रपति के साथ संबंधों को लेकर पूछे गये एक प्रश्न पर उन्होंने कहा ''हमारे सभी के साथ संबंध हैं। एलओपी एक अलग दृष्टिकोण देता हैं। हम भी भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं। सिर्फ सरकार ही प्रतिनिधित्व नहीं करती है। सरकार नहीं चाहती कि विपक्ष बाहर से आने वाले लोगों से मिले जबकि मिलने की परंपरा रही है लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्रालय इस नियम और ऐसे मानदंडों का पालन नहीं करते हैं। कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने श्री गांधी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया में कहा कि लोकतंत्र में देश में आने वाले गणमान्य मेहमान से मिलने की इजाजत देना अच्छा है।

### इंडिगो की 400...

एटीसी और हवाई अड्डों के साथ समन्वय करेगी और दो उड़ानों के बीच के समय तथा व्यवधान प्रबंधन में सुधार करेगी। नियामक ने बताया था कि नवंबर में इंडिगो की 1,232 उड़ानें रद्द रही थीं। इसमें 755 उड़ानें चालक दल के सदस्यों की अनुपलब्धता के कारण, 92 एटीसी सिस्टम में खराबी और 258 हवाई अड्डे पर स्लॉट की कमी के कारण रद्द करनी पड़ी थी। सूत्रों ने बताया कि इंडिगो ने विंटर शिड्यूल में अपनी उड़ानों की संख्या में काफी वृद्धि की है। बेड़े में विमानों की संख्या भी बढ़ी है, लेकिन उस अनुपात में क्रू सदस्यों की संख्या नहीं बढ़ी है। इसके अलावा, रोस्टर संबंधी नियमों में बदलाव से भी दिक्कत हुई है।

### लखनऊ एयरपोर्ट ...

रही है। इस अव्यवस्था को देखते हुए कई यात्रियों ने एयरपोर्ट पर एयरलाइन के खिलाफ नारेबाजी भी की। उधर, लखनऊ एयरपोर्ट प्रशासन ने स्थिति को देखते हुए अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल से 'पैसेंजर एडवाइजरी' जारी की है। एडवाइजरी में कहा गया है कि इंडिगो की कुछ उड़ानें एयरलाइन से जुड़े ऑपरेशनल कारणों के चलते प्रभावित हैं, इसलिए इंडिगो से यात्रा कर रहे यात्री एयरपोर्ट आने से पहले वेबसाइट या कस्टमर सपोर्ट के जरिए अपनी फ्लाइट की स्थिति की जांच कर लें। एयरपोर्ट प्रशासन ने यात्रियों से सहयोग की अपील की है। हालांकि यात्रियों का कहना है कि एयरलाइन की तरफ से किसी भी तरह का उचित संवाद या प्रबंधन नहीं किया गया, जिसके चलते उन्हें घंटों परेशान होना पड़ रहा है। फिलहाल यात्रियों को उड़ान संचालन सामान्य होने का इंतजार है और लोग प्रशासन तथा एयरलाइन से जल्द स्थिति सुधारने की मांग कर रहे हैं।

### आत्मनिर्भर और विकसित...

सौ वर्ष पहले भारत की भागीदारी का हिस्सा 26 फीसदी था। देश जब आजाद हुआ, तब दुनिया की अर्थव्यवस्था में भारत का हिस्सा महज डेढ़ फीसदी रह गया था। अंग्रेज व विदेशी आक्रांता जब भारत को लूटकर ले गए थे, उसकी कीमत उस समय लगभग 32-35 ट्रिलियन डॉलर के बराबर थी। आज भारत की अर्थव्यवस्था मात्र चार ट्रिलियन डॉलर की है। अब भारत दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित हुआ है। हाल के सर्वे के मुताबिक दुनिया ने माना है कि भारत सबसे तेज गति के साथ बढ़ने वाला राष्ट्र बन गया है। भारत की यात्रा शानदार इसलिए है, क्योंकि हमने विरासत पर गौरव की अनुभूति की और गुलामी के अंशों को समाप्त किया। तीसरा प्रणः सैन्य बलों का सम्मानः सैनिक, यूनिफॉर्म धारी फोर्स (सेना, अर्धसेना, पुलिस बल) का सम्मान करना है। उनके बलिदान व सेवाओं के प्रति सम्मान व कृतज्ञता होनी चाहिए। चौथे प्रण की चर्चा कर सीएम योगी ने कहा कि विदेशी आक्रांता इसलिए सफल हुए, क्योंकि हम विभाजित थे, जाति-क्षेत्र, भाषा के नाम पर बंटे थे। पड़ोस में आग लगी है और हम निश्चिंत बैठे हैं तो देर-सवेर आग आप तक भी पहुंचेगी। सामाजिक विद्वेष की खाई को चौड़ा होने से रोकना होगा। हमारी पहचान राष्ट्रीयता के आधार पर होनी चाहिए। सामाजिक भेदभाव की खाई को दूर करना, राष्ट्रीय एकता के लिए प्राण प्रण से जुड़ना होगा। पांचवें प्रण के रूप में नागरिकों कर्तव्यों का निर्वहन का जिक्र करते हुए सीएम ने कहा कि दूसरों के ऊपर कानून लागू होगा और हमारे ऊपर नहीं होगा। यही प्रवृत्ति ही सारी समस्याओं की जड़ है। कानून दूसरों के लिए है तो मेरे लिए भी होना चाहिए। सीएम ने कहा कि छात्र, शिक्षक, व्यापारी, जनप्रतिनिधि समेत हर नागरिक अपने उत्तरदायित्वों का निर्वहन करता है तो पंच प्रण आत्मनिर्भर व विकसित भारत की संकल्पना को आगे बढ़ाने में सहायक बनेगा। यदि देश एक दिशा में कार्य करने लग जाएगा तो 2047 आते-आते भारत विकसित होगा। समारोह में महापौर डॉ. मंगलेश श्रीवास्तव, जिला पंचायत अध्यक्ष साधना सिंह, कुलपति प्रो. पूनम टंडन, प्रो. जेपी सैनी, प्रो. रविशंकर सिंह, डॉ. सुरेंद्र सिंह, विधायक फतेह बहादुर सिंह, विपिन सिंह, महेंद्र पाल सिंह, इंजी. सरवन निषाद, प्रदीप शुक्ला, विधान परिषद सदस्य डॉ. धर्मेंद्र सिंह, रतनपाल सिंह, पूर्व महापौर अंजू चौधरी आदि मौजूद रहे।

### योगी ने नौजवानों का...

ध्यानचंद के नाम पर खेल विश्वविद्यालय बन रहा है। इस वर्ष से पहला सत्र प्रारंभ भी हो चुका है। स्टेडियम, इनडोर स्टेडियम, विश्वविद्यालय भवन समेत अन्य बुनियादी सुविधाएं ओलंपिक, एशियन और कॉमनवेल्थ गेम्स के स्टैंडर्ड को ध्यान में रखकर विकसित की जा रही हैं। 2030 का कॉमनवेल्थ गेम्स भारत के अहमदाबाद में होने जा रहा है। उन्होने कहा कि सात वर्ष से लगातार इस प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है। इस बार 12 टीमों के 168 खिलाड़ी व 24 कोच.मैनेजर ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया है। इस बार राजस्थान, हरियाणा, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़, गुजरात, विदर्भ, मध्य प्रदेश, पूर्वोत्तर रेलवे, भारतीय सेना, जेबी एकेडमी व यूपी की टीम शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने विजेता उत्तर प्रदेश व उपविजेता पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यूपी की टीम इसलिए विजयी हुई क्योंकि हमने गारंटी दे दी है कि जो भी खिलाड़ी ओलंपिक, एशियन, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियन में मेडल लेकर आएगा उसे सीधे सरकारी नौकरी उपलब्ध कराएंगे। खिलाड़ियों को डिप्टी एसपी, तहसीलदार व अलग.अलग विभागों में अन्य महत्वपूर्ण स्थान भी दिए गए हैं। हमारी सरकार ने यह भी निर्णय लिया है कि कोई खिलाड़ी प्रतियोगिता में जाता है तो उस दौरान उसे सर्विस का पार्ट माना जाएगा। सरकारी नौकरी प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को अभ्यास के लिए पूरा अवसर भी मिलेगा। अब तक 500 से अधिक खिलाड़ियों को यूपी सरकार के विभिन्न पदों पर सरकारी नौकरी में समायोजित कर लिया गया है। खिलाड़ियों के लिए प्रदेश में प्रोत्साहन के अच्छे कार्यक्रम भी चल रहे हैं। ओलंपिक, एशियन, कॉमनवेल्थ, विश्व चैंपियनशिप में खिलाड़ी, टीम, प्रतिभाग व मेडल पर भी पुरस्कार की अलग.अलग राशि घोषित की गई है। योगी ने कहा कि अब कबड्डी लीग भी हो रहे हैं। लोगों ने इसे काफी लोकप्रिय माना है। खेलकूद से पूरी टीम जुड़ती है। कबड्डी में हर खिलाड़ी के रेडए टेकल व बोनस प्वाइंट केवल खेल नहींए बल्कि नए भारत की ऊर्जा का प्रतीक होता है। वह देश की जिस टीम का प्रतिनिधित्व करता हैए उसकी ऊर्जा का प्रतीक होता है। हर खेल युवाओं की स्फूर्ति, अटेंशन, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता व आत्मविश्वास को भी विकसित करता है। खेल बताता है कि सफलता सामूहिक प्रयास से मिलती है। खेल से खिलाड़ियों में सहयोग, अनुशासन व जिम्मेदारी का भाव विकसित होता है।

### उत्तर प्रदेश में...

कतर्नियाघाट, अमानगढ़ और सोहगीबरवा जैसे प्रमुख वन क्षेत्रों में गैंडा, बाघ, बारहसिंघा और घड़ियाल जैसे दुर्लभ प्रजातियों को सुरक्षित आवास उपलब्ध हुए हैं। सरकार का लक्ष्य इन वन क्षेत्रों को प्रकृति प्रेमियों के लिए आकर्षक गंतव्य के रूप में विकसित करना है, ताकि संरक्षण के साथ-साथ स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिले। उन्होंने बताया कि इको-टूरिज्म विकास बोर्ड द्वारा पिछले तीन वर्षों में 161 करोड़ रुपए से अधिक की धनराशि व्यय कर मार्ग सुधार, कैफ़ेटेरिया, बर्ड वॉचिंग स्थल, गजिबो, नेचर ट्रेल और बच्चों के लिए मनोरंजन क्षेत्रों जैसी पर्यावरण-संवेदनशील सुविधाएं तैयार की गई हैं। वर्ष 2022-23 में 21.04 करोड़, वर्ष 2023-24 में 68.56 करोड़ और वर्ष 2024-25 में 72.30 करोड़ रुपए की स्वीकृत परियोजनाएं इस क्षेत्र में निवेश बढ़ने का प्रमाण हैं। सिंह ने बताया कि इको-टूरिज्म को और बेहतर बनाने के लिए दुधवा, पीलीभीत और कतर्नियाघाट क्षेत्रों में नेचर गाइड्स को प्रशिक्षित किया गया है। थारू जनजाति को होम स्टे और सांस्कृतिक गतिविधियों से जोड़कर ग्रामीण आजीविका को मजबूत किया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर दोनों सदन में दिया जवाब

- संशोधन प्रस्ताव गिरा, धन्यवाद प्रस्ताव पास
- विधानसभा में हंगामा में नीतीश का विपक्ष पर हमला, विपक्ष का वॉकआउट



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के चौथे दिन राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सदन में आज तीखी राजनीतिक गर्माहट देखने को मिली। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अभिभाषण पर जवाब देते हुए विपक्ष पर जोरदार हमला बोला और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार की उपलब्धियों को विस्तार से रखा। विरोध तब शुरू हुआ जब विपक्ष को अपने संशोधन प्रस्ताव पर बोलने का मौका नहीं मिला। नाराज विपक्षी दलों ने नारेबाजी की और बाद में सदन से वॉकआउट कर दिया। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बीते वर्षों में राज्य में सड़क, पुल-पुलियों और नई सड़कों के निर्माण से कनेक्टिविटी में ऐतिहासिक सुधार हुआ है। उन्होंने दावा किया कि अब बिहार के किसी भी हिस्से तक पहुंचने में छह घंटे से अधिक समय नहीं लगता। नियुक्तियों को लेकर भी मुख्यमंत्री ने सरकार की प्रक्रिया को पारदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि अब सभी बहालियां बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) के माध्यम से मेरिट के आधार पर हो रही हैं। नीतीश कुमार ने विपक्ष पर तंज कसते हुए कहा, '' काम होगा तो सबका फायदा होगा। पहले आप लोग मेरे हर फैसले को मानते थे, लेकिन बाद में गड़बड़ी की, इसलिए अलग होना पड़ा। अब हम जहां हैं, वहीं रहेंगे।'' इस दौरान नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव सदन में मौजूद नहीं थे, जिस पर सत्ता पक्ष ने भी टिप्पणी की। हंगामे और विरोध के बीच विपक्ष के संशोधन प्रस्ताव को ध्वनिमत से अस्वीकृत कर दिया गया। इसके बाद राज्यपाल के अभिभाषण पर लाया गया धन्यवाद प्रस्ताव बहुमत से पारित हो गया। सत्र के दौरान सभापति अवधेश नारायण सिंह ने कहा था कि विपक्ष के सभी संशोधन प्रस्तावों को समेकित रूप से स्वीकार कर लिया गया है और मुख्यमंत्री के वक्तव्य बाद विपक्ष को वक्त दिया जाएगा, लेकिन इस व्यवस्था पर विपक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई। सरकार की व्यवस्था पर असहमति जताते हुए राबड़ी देवी के नेतृत्व में पूरा विपक्ष सदन से वॉकआउट कर गया।

# रेखा गुप्ता ने की मिस्ट स्प्रे सिस्टम की शुरुआत, कहा- प्रदूषण नियंत्रण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने गुरुवार को धूल नियंत्रण के लिए आईटीओ पर नए मिस्ट स्प्रे सिस्टम की शुरुआत की। इस दौरान उन्होंने स्थल पर पहुंचकर निरीक्षण किया और अधिकारियों से इसके संचालन, असर तथा क्षेत्र में धूल कम होने की प्रगति पर विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने प्रदूषण प्रबंधन के बारे में बताया कि दिल्ली में स्वच्छता, धूल नियंत्रण और कचरा प्रबंधन को लेकर सरकार का व्यापक अभियान बिना रुके जारी है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए सरकार हर मोर्चे पर मिशन मोड में कार्यरत है। वरिष्ठ अधिकारियों तथा आईआईटी एवं पर्यावरण से जुड़े विशेषज्ञों की एक उच्चस्तरीय कमेटी का गठन किया जा रहा है, जो लगातार प्रदूषण को नियंत्रण में लाने के लिए कार्य करेगी। मुख्यमंत्री ने सभी विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि प्रदूषण नियंत्रण के प्रति किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति को निर्देश दिया गया है कि प्रदूषण और सफाई में कोताही बरतने वाले सरकारी संस्थानों पर तत्काल चालान काटकर भारी जुर्माना वसूला जाए। बिना अनुमति रोड कटिंग करने और उसे समय पर न भरने वाले संस्थानों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाए। उन्होंने बताया कि हर दिन हजारों किलोमीटर सड़कों को धूल-मुक्त किया जा रहा है। हॉटस्पॉट वाले क्षेत्रों में विशेष टीमें तैनात हैं, जो त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित कर रही हैं। दिल्ली सरकार प्रदूषण कम करने के लिए प्रतिबद्ध है और सभी एजेंसियां दिन-रात काम कर रही हैं, ताकि राजधानी की हवा को स्वच्छ बनाया जा सके। इस अवसर पर दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद तथा संबंधित विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# मिथिला कला उत्सव 2025 की तैयारियां तेज, बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा तय



कैनविज टाइम्स संवाददाता

पटना। संस्कार भारती, उत्तर बिहार प्रांत की ओर से आयोजित किए जाने वाले 'मिथिला कला उत्सव 2025' की तैयारियां तेज़ हो गई हैं। उत्सव के सफल आयोजन को लेकर मधुबनी के रिजनल सेकेंडरी स्कूल में 14 दिसंबर को आयोजित होने वाले इस सांस्कृतिक महोत्सव की रूपरेखा पर बुधवार को एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक उत्सव के संयोजक धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय के आवास पर सम्पन्न हुई, जिसमें आयोजन समिति के पदाधिकारियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। बैठक की शुरुआत परिचय-सत्र के साथ हुई और उत्सव के संचालन में सामूहिक सहयोग पर जोर दिया गया। धर्मेन्द्र कुमार पाण्डेय ने कहा कि यह आयोजन मिथिला की कला, संस्कृति, परंपरा और शिल्प का भव्य राष्ट्रीय स्तर का प्रदर्शन होगा। उन्होंने बताया कि उत्सव के माध्यम से क्षेत्रीय कलाकारों को मंच प्रदान करते हुए मिथिला कला की पहचान को देशभर में विस्तार देने का लक्ष्य रखा गया है। बैठक में परिसर और मंच सजावट पर विस्तृत चर्चा की गई। निर्णय लिया गया कि विद्यालय परिसर को पारंपरिक मधुबनी पेंटिंग, मैथिल तोरण, सांस्कृतिक प्रतीक व कला-आकृतियों से अलंकृत किया जाएगा, ताकि आगंतुकों को मिथिला संस्कृति का वास्तविक अनुभव मिल सके। इसके साथ ही कला प्रदर्शनी और हस्तशिल्प के लिए विशेष स्टॉल लगाए जाएंगे, जहां स्थानीय कलाकार अपनी कृतियों का प्रदर्शन और बिक्री कर सकेंगे। सजावट कार्य में स्थानीय कलाकारों के साथ छात्रों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। उत्सव के दौरान कई आकर्षक कार्यक्रम रखे जाने का निर्णय हुआ, जिसमें मिथिला पेंटिंग कार्यशाला, मिथिला साहित्य संवाद एवं विचार-विमर्श, हस्तशिल्प प्रदर्शनी, कला प्रतियोगिता, विशेष सांस्कृतिक संध्या जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। उत्सव में मिथिला क्षेत्र के वरिष्ठ कलाकारों के साथ युवाओं की भागीदारी भी सुनिश्चित की जाएगी। बैठक में उत्सव सह-संयोजक सिंगापुर से अंजनी झा, साहित्यकार प्रो. शुभ कुमार वर्नवाल, राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त शिक्षिका चंदन दत्त, माला झा (यूएसए), जिलाध्यक्ष रवि कुमार, मंचीय कला संयोजक राहुल गौरव, पुरातत्वविद् मुरारी झा, डॉ. राजकुमार भारती, प्रो. अमित भारती, कलाकार सोनू निशांत, विनोद जी, युवा कलाकार गोविंद जी, अमरजीत जी सहित कई गणमान्य अतिथि एवं स्वयंसेवक उपस्थित हुए।

## नशे में धुत चंडीगढ़ पुलिस के एएसआई की कार ने 10 गाड़ियों को मारी टक्कर, कोई हताहत नहीं

चंडीगढ़। पंजाब में चंडीगढ़ के कैंबवाला रोड पर गुरुवार को नशे में धुत सहायक पुलिस निरीक्षक (एएसआई) ने तेज रफ्तार कार चलाते हुये लगभग 10 गाड़ियों को टक्कर मारी। गनीमत रही की इस दुर्घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। आरोपी की पहचान एएसआई दलजीत सिंह के रूप में हुई है। घटनास्थल पर मौजूद चश्मदीदों के अनुसार, एएसआई नशे में धुत था और बेकाबू होकर गाड़ी चलाते हुए कई वाहनों को पीछे से टक्कर मारता हुआ आगे चला गया था। कुछ दूरी पर उसकी कार सामने से आ रही स्कूल बस से टकराकर वहीं रुक गयी। टक्कर के बाद स्थानीय लोगों ने कार की खिड़की खोलकर एएसआई को बाहर निकालने का प्रयास किया लेकिन वह लगातार बदतमीजी करता रहा। वीडियो में देखा जा सकता है कि लोग उसे फटकार लगा रहे हैं, जबकि एक महिला पुलिसकर्मी ने भी उसे बाहर आने को कहा, पर उसने इनकार कर दिया।

# शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति के लिए जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक

कैनविज टाइम्स संवाददाता



नालंदा। जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय सभागार में गुरुवार को जिला पदाधिकारी नालन्दा की अध्यक्षता में अनु0जाति एवं अनु0जनजाति कल्याण विभाग व पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा कल्याण विभाग द्वारा नालन्दा जिला अंतर्गत संचालित आवासीय विद्यालय में रिक्त पदों के विरूद्ध शिक्षा विभाग से शिक्षकों की प्रतिनियुक्ति हेतु जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मती से विषयवार शिक्षकों की रिक्ति के विरूद्ध शिक्षा विभाग से शिक्षकों को प्रतिनियुक्त करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में डीएम ने बताया कि डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, राजगीर, नालन्दा में प्राथमिक शिक्षक के कुल 2 रिक्तियां हैं।कक्षा 6 से 10 के अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, गणित, सामाजिक विज्ञान, सा. शि., संगीत/कला एवं कम्प्यूटर विषयों के कुल 07 रिक्तियां हैं। कक्षा 11 से 12 के अंग्रेजी, वनस्पति विज्ञान, मनोविज्ञान विषयों के कुल 03 रिक्तियां हैं। डॉ भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, मुढ़ारी, हरनौत में प्राथमिक शिक्षक के लिए कुल 01 रिक्तियां हैं। कक्षा 6 से 10 संस्कृत, सा0शि0 एवं संगीत/कला विषयों के कुल 03 रिक्तियां हैं।अन्य पिछड़ा वर्ग कन्या आवासीय +2 उच्च विद्यालय, सब्बैत, सिलाव, नालन्दा में कक्षा 06 से 08 में अंग्रेजी, सामाजिक विज्ञान एवं गणित विषयों के कुल 03 रिक्तियां हैं। वहीं कक्षा 9 से 10 के अंग्रेजी, हिन्दी, संस्कृत, विज्ञान, गणित, संगीत/कला एवं कम्प्यूटर विषयों के कुल 07 रिक्तियां हैं। कक्षा 11 से 12 के हिन्दी, गणित, भौतिकी, रसायन शास्त्र, वनस्पति विज्ञान, जीव विज्ञान, इतिहास, समाज शास्त्र एवं राजनीति शास्त्र विषयों के कुल 09 रिक्तियां हैं।

## फगवाड़ा के हदियाबाद में मामूली कहासुनी के बाद युवक की गोली मारकर हत्या

फगवाड़ा। पंजाब के फगवाड़ा के हदियाबाद इलाके में बुधवार देर रात ढोल वादक एक युवक अविनाश उर्फ गोलू (30) की गोली मारकर हत्या कर दी गई, जिससे क्षेत्र में दहशत फैल गई। अविनाश के भाई के अनुसार, सामुदायिक भवन झांझघर में बैठने के दौरान हुई कहासुनी के बाद तीन युवक क्रेटा कार में आए और विवाद बढ़ गया। आरोप है कि उनमें से एक युवक ने नजदीक से गोली चला दी, जिसके बाद हमलावर शाहकोट की ओर फरार हो गए। अविनाश को सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि गोलीबारी के पीछे का असली मकसद अभी स्पष्ट नहीं है। पुलिस उप अधीक्षक भारत भूषण और अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। पुलिस अधीक्षक माधवी शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और आरोपियों की तलाश के लिए कई टीमें तैनात हैं।

# नैनीताल पुलिस में बड़े स्तर पर स्थानांतरण 20 निरीक्षक व उपनिरीक्षक बदले

कैनविज टाइम्स संवाददाता

नैनीताल। जनपद में कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा पुलिस व्यवस्था में सुधार लाने के उद्देश्य से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल मंजूनाथ टीसी ने निरीक्षक और उपनिरीक्षक स्तर के 20 अधिकारियों के तबादले कर उन्हें नई तैनाती पर भेजा है। आदेश जारी होते ही यह स्थानांतरण तत्काल प्रभाव से लागू कर दिए गए। स्थानांतरण के बाद निरीक्षक राजेश यादव को शिकायत प्रकोष्ठ से हटाकर कोतवाली भीमताल की जिम्मेदारी दी गई है, वहीं निरीक्षक अमर चन्द शर्मा को कोतवाली हल्द्वानी से हटाकर शिकायत प्रकोष्ठ भेजा गया है। निरीक्षक विजय मेहता अब कोतवाली हल्द्वानी के प्रभारी होंगे। निरीक्षक सुशील कुमार को रामनगर से बनभूलपुरा और दिनेश फर्त्याल को डीसीआरबी से कोतवाली रामनगर भेजा गया है, जबकि निरीक्षक राजेंद्र रावत को सम्मन सेल से हटाकर डीसीआरबी का प्रभारी बनाया गया है। उपनिरीक्षक स्तर पर भी कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। उपनिरीक्षक देवेंद्र राजपूत को पुलिस लाइन से वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में वाचक की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं पूर्व में मुखानी थानाध्यक्ष रहे उपनिरीक्षक दिनेश जोशी को कोतवाली मल्लीताल में वरिष्ठ उपनिरीक्षक भेजा गया है और बनभूलपुरा में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक सुशील जोशी अब मुखानी के प्रभारी होंगे। उपनिरीक्षक संजीत कुमार राठौर को भीमताल से सम्मन सेल भेजा गया है और हर्ष बहादुर पाल को भवाली से हटाकर कोतवाली बनभूलपुरा में तैनात किया गया है। इसके अलावा उपनिरीक्षक रमेश पंत गर्जिया चौकी प्रभारी बनाए गए हैं और सुनील धानिक अब कैंची चौकी की जिम्मेदारी संभालेंगे। उपनिरीक्षक वीरेंद्र बिष्ट को तल्लीताल से हटाकर चौकी पीरूमदारा भेजा गया है। भूपेन्द्र मेहता को मेडिकल चौकी हल्द्वानी में वरिष्ठ उपनिरीक्षक के रूप में और रविंद्र राणा को काठगोदाम से हटाकर मेडिकल चौकी प्रभारी नियुक्त किया गया है। वरिष्ठ उपनिरीक्षक मोहम्मद यूनुस अब कोतवाली मल्लीताल में और उपनिरीक्षक दीपक बिष्ट रामनगर कोतवाली में अपनी सेवाएं देंगे। उपनिरीक्षक जगवीर को बनभूलपुरा से स्थानांतरित कर थाना काठगोदाम में तैनात किया गया है।

## जमीन, शराब और बालू माफिया किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा: सम्राट चौधरी

कैनविज टाइम्स संवाददाता



पटना। बिहार विधानसभा में गुरुवार को राज्यपाल के अभिभाषण पर जबाब देते हुए उपमुख्यमंत्री व गृह मंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में एनडीए सरकार बनने के बाद राज्य में आधारभूत संरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा समेत सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक परिवर्तन आया है। विपक्ष द्वारा सुशासन पर उठाए गए सवालों पर उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार ने ही बिहार में सुशासन स्थापित किया है। उन्होंने दावा किया कि जमीन माफिया, शराब माफिया, बालू माफिया किसी को बख्शा नहीं जाएगा है। उन्होंने कहा कि न्यायालय के निर्देश पर जिला प्रशासन पूरे राज्य में अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई कर रही है। कोई भी गरीब नहीं सताया जाएगा, लेकिन माफिया नहीं बचेंगे। प्रधानमंत्री आवास योजना का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि लगभग लाखों परिवारों को पक्का मकान मिला, करोड़ लोगों को बिना किसी भेदभाव के अनाज मिला। सरकार कभी जाति या धर्म नहीं पूछती। पात्रता ही आधार है। उन्होंने कहा कि यदि नीतीश कुमार जेपी आंदोलन के दौरान जेल नहीं गए होते, तो आज इतने बड़े लोकतांत्रिक नेता नहीं बनते। उन्होंने आरोप लगाया कि कंाग्रेस के शासन में चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारी बाद में उसकी सदस्यता लेते रहे।

# वैरागी द्वीप में वसुधा वंदन समारोह के साथ शताब्दी वर्ष का शुभारंभ

कैनविज टाइम्स संवाददाता



हरिद्वार। अखिल विश्व गायत्री परिवार के शताब्दी समारोह का शुभारंभ राजा दक्ष की नगरी कनखल स्थित बैरागी कैंप में वसुधा वंदन समारोह के साथ हुआ। समारोह का शुभारंभ उत्तराखंड के राज्यपाल एवं गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि डॉ चिन्मय पण्ड्या ने हजारों स्वयंसेवक, संत, प्रबुद्धजन की उपस्थिति में 51 तीर्थों से संग्रहीत पवित्र रज-जल का पूजन कर किया। समारोह में अध्यात्म, संस्कृति और सेवा का व्यापक संगम देखने को मिला। यह समारोह माता भगवती देवी के जन्म के 100 वर्ष, अखंड दीप प्रज्वलन के 100 वर्ष और गुरुदेव की तप-साधना के 100 वर्ष के अविस्मरणीय अवसर को समर्पित रहा। इस दौरान अतिथियों ने विश्व मैत्री, पर्यावरण शुद्धि और सांस्कृतिक एकता का संकल्प लिया। समारोह के मुख्य अतिथि राज्यपाल ले. जनरल गुरमीत सिंह (से.नि.) ने कहा कि अखंड ज्योति केवल एक दीप नहीं है। यह अखंड भारत की भावना, धर्म-जागरण की चेतना और भारत के आध्यात्मिक तत्त्व का जीवंत प्रतीक है। इसकी ज्योति हमें सत्य, नैतिकता और एकता का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि हम बदलेंगे, युग बदलेगा यह केवल नारा नहीं, समाज को भीतर से परिवर्तित करने वाला प्रेरक मंत्र है। गायत्री परिवार की सेवा-केन्द्रित कार्यशैली हरिद्वार और उत्तराखंड के लिए एक आदर्श मॉडल है। राज्यपाल ने कहा कि गायत्री परिवार ने समाज में नैतिक उन्नयन, सेवा और स्वच्छता की जो संस्कृति विकसित की है, वह राष्ट्र-निर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान है। राज्यपाल ने सभी स्वयंसेवकों की निष्ठा, अनुशासन और कार्य-भावना की विशेष सराहना की। समारोह के अध्यक्ष स्वामी राजराजेश्वराश्रम जी महाराज ने कहा कि भारतीय संस्कृति की जड़ें गुरु-शिष्य परंपरा में हैं। गुरु कुम्हार है और शिष्य कुंभ। गुरु बाहर से थपकी और भीतर से सहारा देकर जीवन को आकार देता है। माता-पिता, गुरु और ईश्वर, ये सनातन संस्कृति की एक ही धारा हैं। उन्होंने कहा कि गायत्री परिवार ने इन मूल्यों को दैनिक जीवन में उतारने का कार्य किया है, जो सामाजिक और आध्यात्मिक चेतना को सशक्त बनाता है। पूज्य गुरुदेव के इस महान कार्य में माताजी की जो भूमिका है उसका अनुभव मैंने स्वयं किया है। शताब्दी समारोह दलनायक डॉ. चिन्मय पंड्या ने कहा कि विश्व समुदाय के लिए शताब्दी वर्ष सौभाग्य की त्रिवेणी का अद्‌भुत संगम लेकर आया है। उन्होंने कहा कि माता भगवती देवी समाज में नारी-जागरण और नारी-स्वाभिमान की प्रेरक शक्ति रहीं। माताजी ने नारी को परिवार और समाज की आधारशिला के रूप में देखा। उन्होंने संस्कार, सेवा और शिक्षा के माध्यम से नारी को सामर्थ्य प्रदान किया। उन्होंने कहा की यह आयोजन भारत की भूमि, पूज्य गुरुदेव और वंदनीया माताजी के प्रति हमारे ऋण की अभिव्यक्ति का समय है। उन्होंने कहा कि एक माह से हजारों सेवक स्थल-व्यवस्था, मार्ग-सज्जा, स्वच्छता और संरचना संबंधी तैयारी में जुटे थे। प्रतिकुलपति ने शताब्दी समारोह के विषय पर विस्तृत जानकारी दी। वहीं समापन से पूर्व अखिल विश्व गायत्री परिवार के युवा प्रतिनिधि डॉ चिन्मय पंड्या ने उपस्थित सभी अतिथियों को गायत्री मंत्र चादर, रुद्राक्ष की माला तथा पूज्य गुरुदेव का सत्साहित्य देकर सम्मानित किया। इस दौरान स्वामी राजराजेश्वराश्रम, राज्यपाल, डॉ चिन्मय पण्ड्या ने कार्यकर्ता पाथेय पुस्तक का विमोचन किया। इस अवसर पर विधायक मदन कौशिक, उत्तर प्रदेश के परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह, राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश आदि ने विचार व्यक्त किया। इस दौरान व्यवस्थापक योगेंद्र गिरि, भाजपा उत्तराखंड प्रदेश महामंत्री आदित्य कोठारी, शिक्षाविद, सहित जिला प्रशासन के अनेक अधिकारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार उपस्थित रहे।

## पंजाब में निष्पक्ष चुनावों के लिए भाजपा उच्च न्यायालय जायेगी : अश्वनी शर्मा

चंडीगढ़। पंजाब में जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनावों को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों की टेली-मीटिंग का एक कथित ऑडियो वायरल होने के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की राज्य इकाई ने निष्पक्ष चुनावों के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दायर करने का फैसला किया है। भाजपा के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने गुरुवार को सोशल मीडिया पोस्ट पर कहा, '' मैंने दो दिसंबर को कहा था कि जिस तरह पंजाब की आम आदमी पार्टी सरकार ने नगर निगम चुनावों, पंचायत चुनावों और विधानसभा व लोकसभा के उपचुनावों चुनावों में सरकारी तंत्र का दुरुपयोग किया, उसी तरह यह ब्लॉक समिति/कमेटी और ज़िला परिषद् चुनावों में भी करेगी। पंजाब में अलगऽअलग जगहों पर पिछले दो दिनों से जिस तरह भाजपा और विपक्षी दलों के उम्मीदवारों को पंजाब पुलिस और आप पार्टी के नेताओं द्वारा डराया धमकाया जा रहा है, और आज सामने आई इस वायरल वीडियो ने इस बात को पूरी तरह सहीसाबित कर दिया है।

श्री शर्मा ने कहा, ''मैंने पंजाब भाजपा लीगल सेल के प्रमुख एडवोकेट एन.के. वर्मा को निर्देश दिए हैं कि वे निष्पक्ष चुनावों के लिए उच्च न्यायालय में याचिका दाखिल करें।




चेयरमैन एवं प्रधान सम्पादक - राकेश कुमार पाण्डेय कार्यकारी सम्पादक* - अरशद सईद खान स्टेट हेड - संदीप मिश्रा

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक राकेश कुमार पाण्डेय द्वारा सरस्वती प्रिंटर्स वाटर वर्क्स रोड ऐशबाग, लखनऊ से मुद्रित एवं सी-46, कृष टॉवर, विभूति खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ, पिन-226010 से प्रकाशित। * इस अंक में प्रकाशित सभी समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पीआरबी एक्ट के तहत उत्तरदायी।

समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय क्षेत्र के ही अधीन होंगे। फोन नं। 0522-4249333 फैक्स नं.- 4249333 e-mail : info@kanwhizztimes.com RNI NO - UPHIN/2012/42063